खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें :-> jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 27 सितंबर 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 320 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ मजबूती का परिचय दें..
■ मोदी का विरोधियों .. 04
■ पहले नाजी सैनिक के लिए बजाई तालियां
■ कनाडा में हिंदू ज्यादा रहते हैं या सिख ? 09
■ कनाडा से तनातनी, फिर महंगी दाल से ...
■ सोने में तेजी के आसार: कहां निवेश करना... 11
■ भारत की निगाहें...
■ हमारे लिये एशियाई ... 10

## कॉलेजियम की 70 सिफारिशों को दबाए बैठा है केंद्र, आंकड़ा देख भड़के जस्टिस

# पूछा-सात महीने बाद भी क्यों नहीं कुछ ?



*नई दिल्ली, देशबन्धु। अपने कॉलेजियम की सिफारिशों के अवलंबित रहने पर सुप्रीम कोर्ट खफा है। इस कदर नाराज है कि जस्टिसेज ने ओपन कोर्ट में अटार्नी जनरल को फटकार लगाकर कहा कि- अब से वो हर 10 दिनों में इस केस को उठाने जा रहे हैं।*

*हालांकि एजी ने उनसे दरख्वास्त की कि वो उनको 1 हफ्ते की मोहलत दें। वो सरकार से इस बारे में निर्देश हासिल करना चाहते हैं। कोर्ट ने उनकी बात को मानकर 7 दिन का समय दे दिया। लेकिन यह भी पूछा कि सात महीने से क्या कर रही सरकार? केंद्र की हीलाहवाली की वजह से मणिपुर हाईकोर्ट को नहीं मिल रहा नया चीफ जस्टिस।*

*दरअसल, जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया को तब गुस्सा आया जब वो बेंगलुरु के एक वकीलों की संस्था के साथ एनजीओ कॉमन काज की रिट पर सुनवाई कर रहे थे। एनजीओ की तरफ से पेश सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण ने कोर्ट को बताया कि कॉलेजियम की 70 सिफारिशें अभी तक केंद्र के पास लंबित हैं। इनमें कुछ मसले काफी संवेदनशील हैं।*

*वो मणिपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की खाली पड़ी कुर्सी की तरफ इशारा कर रहे थे। हिंसा से झुलस रहे मणिपुर को कॉलेजियम की सिफारिश के बाद भी नया चीफ जस्टिस नहीं मिल सका है।*

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक

# शिवराज ने 'सीखो कमाओ योजना' की 10 हजार वीं हितग्राही को दिया अनुबंध पत्र




**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना की 10 हजार वीं हितग्राही कुमारी अजीता राठौर और 10001 वीं हितग्राही कुमारी आकांक्षा चौहान को अनुबंध पत्र प्रदान किए और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

श्री चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम के साथ आरंभ हुई। कुमारी अजीता राठौर बनी 10 हजार वीं और कुमारी आकांक्षा चौहान रहीं 10001 वीं हितग्राही। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना की हितग्राही कुमारी अजीता राठौर ने भोपाल के एलएनसीटी विश्वविद्यायल, भोपाल से एमसीए किया है, उन्हें सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत एक्सट्रा नेट टेक्नालॉजी प्राइवेट लि. भोपाल में साफ्ट वेयर डेवेलपर के रूप में जुड़ने का अवसर मिला है। >>शेष पृष्ठ 2 पर

### अब तक 9 लाख से अधिक युवाओं ने कराया पंजीयन

मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में अब तक 9 लाख से अधिक युवाओं ने योजना के पोर्टल पर पंजीकृत किया है, जो युवाओं में सीखने के रूझान को दर्शाता है। योजना के तहत प्रतिष्ठान प्रतिदिन अनुबंध सृजित कर रहे है और युवा उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए युवा उत्साहपूर्वक प्रतिष्ठानों में सीखने जा रहे हैं।

## एशियाई खेल : भारत को घुड़सवारी में 41 साल बाद मिला स्वर्ण




हांगझोउ, (एजेंसियां)। भारत की सुदीप्ति हजेला, दिव्याकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुष अग्रवाल की घुड़सवारी टीम ने मंगलवार को शानदान प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में घुड़सवारी टीम ने देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। भारत की ओर से सुदीप्ति हजेला, दिव्याकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुष अग्रवाल की टीम ने शानदान प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। घुड़सवारी टीम को 41 साल बाद इस खेल में स्वर्ण पदक मिला है। इससे पहले 1982 एशियन खेल में पहली बार घुड़सवारी में भारत को मेडल मिला था।

## प्रधानमंत्री ने 51 हजार नियुक्ति पत्र बांटे

### 6 स्थानों पर आयोजित किया गया रोजगार मेला



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 9वें रोजगार मेले के तहत 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया।

ये युवा पिछले कुछ दिनों में केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में भर्ती हुए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ साल में इनोवेटिव तरीके से बड़े बदलाव हुए हैं। तकनीक का इस्तेमाल बढ़ने से भ्रष्टाचार घटा है और सुविधाएं बढ़ी हैं। ये रोजगार मेला देशभर में 46 स्थानों पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां से उन्होंने 45 जगहों पर मौजूद युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जॉइनिंग लेटर सौंपा।

## कांग्रेस का प्रधानमंत्री पर तीखा हमला

# मोदी को बताया सर्टिफाइड झूठा

**नई दिल्ली, (देशबन्धु)।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी और भाजपा ने जुबानी जंग तेज होती जा रही है।

प्रधानमंत्री ने कल मध्यप्रदेश में एक चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस पर तीखा हमला किया था तो कांग्रेस पार्टी ने पलटवार करते हुए उन्हें सर्टिफाइड झूठा करार दे दिया। उन्होंने कहाकि कल प्रधानमंत्री ने भोपाल के चुनावी रैली के दौरान अपने 51 मिनट के भाषण में 44 बार कांग्रेस का नाम लिया। जिस राज्य में उनकी 19 साल से सरकार है,वहां भी उन्हें चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस का ही सहारा लेना पड़ रहा है।

खेडा ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री थोडा भी थोडा भी सच बोलना शुरू कर दें तो वे कांग्रेस के सबसे बड़े स्टार प्रचारक साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहाकि यूपीए सरकार के समय जब महिला आरक्षण विधेयक आया था तो उसके विरोध में अटलबिहारी वाजेपेयी से लेकर आडवाणी और जशवंत सिंह तक शामिल थे। 10 साल तक मोदी सरकार को महिला आरक्षण विधेयक का खयाल तक

> जिस राज्य में भाजपा की 19 साल से सरकार है,वहां भी उन्हें चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस का ही सहारा लेना पड़ रहा है
> - पवन खेड़ा

## मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव

# अब निगाहें कांग्रेस पर...

### सांसदों के मैदान में आने से कांग्रेस की घोषणा ठिठकी, फिर हो रहा मंथन



देशबन्धु खबर

**जबलपुर/भोपाल/ देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की विधिवत घोषणा निर्वाचन आयोग ने भले ही अभी नहीं की है लेकिन मैदान सजता जा रहा है। भाजपा ने पहली सूची जारी करने में अव्वल रहने के बाद अब दूसरी सूची में चौंकाने वाला काम किया है और केन्द्रीय मंत्रियों, सांसदों को विधानसभा के समर में जोर आजमाने उतार दिया है। भाजपा के इस तेवर को देखते हुए कांग्रेस अपनी पहली सूची जारी करते-करते ठिठक गई है और एक बार फिर मंथन का दौर चल पड़ा है कि मैदान में आये इन भाजपा दिग्गजों को शिकस्त देने के लिये क्या रास्ता अपनाया जाये?

मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की दो सूची जारी होने के बाद अब सारी निगाहें कांग्रेस पार्टी पर आकर टिक गई हैं। भाजपा ने कमजोर सीटों पर भाजपा ने केंद्रीय मंत्री-सांसद को मैदान में उतारा है। ऐसे में अब सभी की नजर कांग्रेस की सूची पर लगी हुई है। आखिर कांग्रेस इन दिग्गज नेताओं के सामने किसे मैदान में उतारेगी। सोमवार को ही कांग्रेस ने दिल्ली में मध्य प्रदेश के उम्मीदवारों को लेकर ने मंथन किया था।

पार्टी सूत्रों ने कहा कि बीते दिनों दिल्ली-भोपाल में हुई कई बैठक के बाद अधिकांश सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय हो गए हैं। आने वाले कुछ दिनों में उम्मीदवारों का ऐलान हो जाएगा। जो उम्मीदवार हैं उन्हें इशारा कर दिया गया है। वे चुनावी तैयारियों में जुट गए हैं।

सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची पर कमलनाथ ने कहा था कि नाम तय होने के बाद हम संभावित प्रत्याशियों को इशारा कर देंगे। सूची तो बाद में आती रहेगी। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि- कांग्रेस अपनी पहली सूची में ज्यादातर सीटों पर उन विधायकों को रिपीट कर सकती है, जिनकी सर्वे में रिपोर्ट अच्छी आई है। जिन विधायकों की स्थिति मजबूत बताई जा रही है पहली लिस्ट में उनका नाम हो सकता है।

कहा यह भी जा रहा है कि इस बार कांग्रेस कुछ विधायकों के टिकट काट कर नए चेहरों को मौका दे सकती है। क्योंकि कई सीटों पर सर्वे रिपोर्ट अच्छी नहीं आई थी। गौरतलब है कि- इस बार कांग्रेस का फोकस उन 66 विधानसभा सीटों पर है जहां कांग्रेस दो या उससे ज्यादा चुनाव लगातार हार चुकी है। कमलनाथ ने इस 66 विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को सौंपी है। दिग्विजय सिंह इन सीटों का दौरा कर चुके हैं।

उधर कमलनाथ पहले ही यह संकेत दे चुके हैं कि- जिन मौजूदा विधायकों को फिर से मैदान में उतारा जा रहा है, उन्हें तैयारी करने का मौखिक आदेश दे दिया है। जिन्हें टिकट दिया जाना है, उन्हें सूचित कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि मौजूदा 95 में से 74 विधायकों को क्षेत्र में प्रचार करने के लिए कहा जा चुका है।

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू आज जबलपुर में



**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू का आज बुधवार 27 सितम्बर को जबलपुर आगमन हो रहा है। राष्ट्रपति आईआईआई टीडीएम के ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में मध्यमप्रदेश उच्च न्यातयालय की एनेक्सीआ बिल्डिंग की आधारशिला रखेंगी।

### दादासाहेब फाल्के अवार्ड पाने वालीं 8वीं महिला कलाकार होंगी वहीदा रहमान

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस वहीदा रहमान



को इस साल 'दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' के लिए चुना गया है। हाल ही में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इसकी अनाउंसमेंट की है। इस अवॉर्ड को पाने वाली वह 8वीं महिला कलाकार हैं। भारत सरकार ने दादा साहब फाल्के की स्मृति में 1969 में इस पुरस्कार की शुरुआत की थी और तब से लेकर अब तक केवल 7 महिलाओं को यह अवॉर्ड मिला है।

### सूचना

**सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई-पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।**




**चूहा-सुनती हो**-मणिपुर में रह-रहकर जातीय हिंसा सिर उठा रही है।

**चुहिया- हां प्रिये**-जातीय हिंसा का सिर कुचलने वालों की लाठी कमजोर पड़ रही है।

## मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट फिर बंद

# सुरक्षाबलों से झड़प में 54 छात्र घायल

### दो छात्रों की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे

**इंफाल, (एजेंसियां)।** मणिपुर के इंफाल शहर में मंगलवार 26 सितंबर को सुरक्षाबलों और स्टूडेंट्स के बीच झड़प हो गई। इसमें 1 टीचर सहित 54 छात्र घायल हो गए।

छात्र जुलाई से लापता दो छात्रों की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य सरकार ने एक बार फिर मोबाइल इंटरनेट को अगले 5 दिनों के लिए सस्पेंड कर दिया है। राज्य में 23 सितंबर को मोबाइल इंटरनेट से बैन हटने के बाद दो छात्रों के शवों की फोटो सामने आई थी, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

फोटो में दोनों की बॉडी जमीन पर पड़ी हुई नजर आ रही है। साथ ही लड़के का सिर कटा हुआ है। हालांकि दोनों के शव अभी तक नहीं मिले हैं। जुलाई में दोनों छात्र एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिए थे, लेकिन उसके बाद से उनका पता नहीं चल सका है। वहीं, राज्य सरकार ने सभी सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों को 27 सितंबर और 29 सितंबर को बंद रखने का आदेश जारी किया है।

**मामले की जांच सीबीआई कर रही**

मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों के अनुसार सरकार ने कहा है कि जो भी दोषी हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सुरक्षा बलों ने अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान भी शुरू कर दिया है। लोगों से अपील की गई है कि मामले में संयम बरतें और जांच एजेंसियों को अपना काम करने दें।

### केंद्र को अपनी निष्क्रियता पर शर्म आनी चाहिए: प्रियंका

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा- मणिपुर में बच्चे जातीय हिंसा के सबसे कमजोर शिकार हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी रक्षा के लिए हर संभव कोशिश करें। मणिपुर में हो रहे अपराध शब्दों से परे हैं, फिर भी राज्य में अपराधों को बिना किसी रोक-टोक के जारी रहने दिया जा रहा है। केंद्र को अपनी निष्क्रियता पर शर्म आनी चाहिए।







## अपराध | दिल्ली में सनसनीखेज वारदात

# ज्वेलरी शोरूम से 25 करोड़ की चोरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंगपुरा स्थित एक ज्वेलरी शोरूम पर धावा बोलते हुए करोड़ों के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। शोरूम में चोरी की जानकारी मिलते ही निजामुद्दीन थाने पुलिस ने मौके पर शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस ने बताया कि भोगल इलाके में जिस आभूषण की दुकान में चोरी हुई मेंटीम को शक है कि चोरी रविवार रात को हुई है।

चोर शोरूम की दीवार काटकर अंदर घुसे थे, जहां उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखे करोड़ों को गहने चुरा लिए। डीसीपी साउथ-ईस्ट राजेश देव ने कहा कि उन्होंने सीसीटीवी फुटेज हासिल कर लिया है। उसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है। ये चोरी के एक बड़ी घटना है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अपराधियों को दुकान और आभूषणों के बारे में पहले से जानकारी थी और उन्हें पता था कि स्ट्रांग रूम तक कैसे पहुंचना है। उन्होंने बताया कि चोरों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बारे में भी जानकारी थी। जिस तरह से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि




अपराधी पहले से ही अपनी योजना बनाने के लिए वहां आये थे।

**दुकान में थे 20-25 करोड़ के आभूषण: मालिक**- ज्वेलरी शोरूम के मालिक संजीव जैन ने बात करते हुए बताया, 'हमने रविवार को दुकान बंद कर दी थी और सोमवार की छुट्टी के बाद जब हमने इसे मंगलवार को खोला तो हमने देखा कि पूरी दुकान में धूल भरी हुई थी और स्ट्रॉन्ग रूम की दीवार में एक छेद था... हमें लगता है कि चोरों ने सब कुछ लूट लिया है। करीब 20-25 करोड़ रुपए की ज्वेलरी थी। चोर दुकान के अंदर छत के रास्ते से दाखिल हुए थे। सीसीटीवी समेत सबकुछ टूटा हुआ है।'

**छत से दुकान में घुसे थे चोर**- इस दौरान हमें आभास हो गया कि दुकान में चोरी हुई है। दुकान में देखा तो सब कुछ लूट लिया गया था। वो छत से दुकान में घुसे थे। लगभग 20-25 करोड़ रुपए के आभूषण चोरी किए गए हैं।

चोरों ने सीसीटीवी भी चोरी किया है। पुलिस को सूचना दी गई और मौके पर पुलिस पहुंच गई। मामले में जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस ने इसे चोरी की एक बड़ी घटना बताया है।

# देश-प्रदेश

## उवाच

संसद में अभिनेत्रियां आईं थीं, राष्ट्रपति नहीं

**नईदिल्ली,देशबन्धु।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कई अन्य मुद्दों को लेकर भी भाजपा सरकार को घेरते हुए कहाकि- संसद में अभिनेत्रियां तो आती हैं,लेकिन राष्ट्रपति नहीं। क्योकि वे आदिवासी महिला हैं। तभी राहुल गांधी कहते हैं कि आप जातिवादी हैं। आप दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं के खिलाफ हैं। आप बृजभूषण सिंह को निकाल नहीं पाए और बात महिला अधिकारों की करते हैं।'



## कुंड में डूबे 10 बच्चे, 4 की मौत

**दतिया।** दतिया में गणपति प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। यहां 10 बच्चे कुंड में डूब गए। इसमें तीन लड़कियों समेत 4 की मौत हो गई। यह घटना शाम करीब 6.30 बजे की है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के निआऊल बड़ेनिया में सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में कुंड बनाया गया था। इसमें बच्चे प्रतिमा विसर्जित करने पहुंचे थे। इस दौरान अंश पाल पिता ब्रजमोहन पाल (14), प्रतिज्ञा पाल पिता झाहर सिंह (15), कृष्णा पाल पिता रामहजुर पाल (16) और आस्था पिता श्रीराम पाल (15) की डूबने से मौत हो गई। वहीं दो बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। एक बच्चा जिला अस्पताल में भर्ती है। बाकी बच्चे सुरक्षित है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि निआऊल गांव में कुछ बच्चे गणपति प्रतिमा विसर्जन के लिए गए थे। संभवत- एक बच्चा उसी दौरान पैर फिसलने से डूब गया। उसे बचाने के लिए बाकी बच्चे भी उसमें गए थे। 4 बच्चों की मौत हुई है, जिसमें 3 बच्चियां शामिल हैं। एहतियात के तौर पर एसडीओपी और होमगार्ड की एक टीम हमने घटनास्थल पर भेजी। टीम सर्चिंग की और देखा कि कोई और बच्चा उसमें फंसा ना हो।

प्रत्यक्षदर्शी प्रेम कुशवाहा ने बताया कि मैं मंदिर में दर्शन करने गया था उस समय बच्चे कुंड में गणेश प्रतिमा सिराने जा रहे थे। जब दर्शन करने के बाद में मंदिर में बैठा था तो एक बच्चा दौड़ कर आया और बोला कि चाचा 8-10 बच्चे डूब गए हैं। मैं पहुंचा तो देखा कि एक-दो बच्चे मिलकर कुंड में से बच्चे निकाल रहे थे। उस समय कोई भी ऊपर नहीं था। मैं कूद गया और डूबे हुए बच्चों को बाहर निकाला। कम से कम 10 बच्चे थे। सभी बच्चे 15 साल के होंगे।

ग्रामीणों के मुताबिक बच्चे हर साल इसी कुंड में गणेश विसर्जन के लिए ले जाते थे। जिसकी गहराई पहले करीब 5-6 फीट थी लेकिन बीते दिनों उसकी गहराई बढ़ा दी गई थी। इस बात की जानकारी बच्चों को नहीं थी। जिला अस्पताल पहुंचे दतिया कलेक्टर संदीप माकिन ने मृत बच्चों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि देने के लिए दतिया तहसीलदार और एडीएम रुपेश उपाध्याय को निर्देश दिया।

## पुलिस अधिकारियों को मिलेगा नया वेतनमान, अतिथि विद्वानों और कोटवारों का मानदेय बढ़ाया



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य सरकार ने पुलिस अधिकारियों के लिए 5वां समयमान वेतनमान स्वीकृत कर दिया है। वहीं कोटवार और अतिथि विद्वानों के मानदेय में वृद्धि के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में संबल योजना में पंजीकृत श्रमिक और उसके परिवार के सदस्य को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने पर 25 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दे दी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हाल ही में बिना सेवा भूमि वाले कोटवारों का मानदेय चार से बढाकर आठ हजार रुपये करने की घोषणा की थी। इसी तरह अतिथि विद्वानों का मानदेय 50 हजार रुपये का निर्णय लिया था। राज्य प्रशासनिक सेवा, राज्य वित्त सेवा के तरह ही पुलिस अधिकारियों को पांचवां समयमान वेतनमान देने की घोषणा की गई थी। इन सभी प्रस्तावों को आज मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिल गई है। वहीं, विशेष केन्द्रीय सहायता (शहरी सुधार कार्यक्रम) से प्रदेश में मास्टर प्लान की सड़कों के लिए योजना को तीन वर्षों के लिए स्वीकृति भी दी गई। इसमें वर्ष 2023-24 में सड़कों पर एक हजार 200 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

### नई तहसीलों के गठन को मिली मंजूरी

मंत्रिपरिषद ने जबलपुर जिले में पौडा और कटंगी तहसील बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके लिए 34 पद स्वीकृत किए गए। जबकि, मऊगंज जिले में देवतलाब और ग्वालियर जिले में पिछोर तहसील बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। मुरैना जिले में नया अनुविभाग पोरसा के गठन के साथ 12 पद स्वीकृत किए गए।

### महिला फुटबाल के लिए 97 करोड़

मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश में महिला फुटबाल के प्रोत्साहन के लिए 97 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसमें फुटबाल प्रशिक्षक एवं प्रबंधन की व्यवस्था राष्ट्रीय फुटबाल महासंघ से करने तथा अन्य सहायक अमले आदि की व्यवस्था आउटसोर्स के आधार पर किए जाने की स्वीकृति भी दी गई।

### इंफोसिस से 50 एकड़ भूमि वापस लेगी सरकार

इंफोसिस को इंदौर में आवंटित भूमि में से 50 एकड़ भूमि वापस लेने का निर्णय लिया गया है। आपसी सहमति के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। इस भूमि का उपयोग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी अन्य कंपनियों को देने के लिए होगा।

### धार के भैंसोला में बनेगा टेक्सटाइल पार्क

राज्य मंत्रिपरिषद ने धार जिले के भैंसोला में एक हजार 563 एकड़ भूमि पर टेक्सटाइल पार्क बनाया जाएगा। प्रस्तावित पार्क में सड़क, बिजली एवं पानी की सुविधा प्रदान करने में 163 करोड़ रुपये व्यय होंगे। पीएम मित्र पार्क में स्थापित होने वाली इकाइयों को प्रचलित औद्योगिक संवर्धन नीति अनुसार सुविधाएं एवं सहायता दी जाएगी।

### अब 20 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगी सम्मान निधि

मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के वरिष्ठ एवं बुजुर्ग पत्रकारों को प्रतिमाह 10 हजार के स्थान पर 20 हजार रुपये प्रतिमाह सम्मान निधि देने की घोषणा पर स्वीकृति दी। साथ ही अब सम्मान निधि प्राप्त करने वाले पत्रकार की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी/पति को एकमुश्त आठ लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। पत्रकारों को स्वयं अथवा आश्रितों के उपचार के लिए सामान्य बीमारियों की स्थिति में 20 हजार के स्थान पर 40 हजार और गंभीर बीमारियों के लिए 50 हजार के स्थान पर एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। इसमें आयकर संबंधी शर्त भी नहीं होगी। इसी तरह अधिमान्य पत्रकारों को 25 के स्थान पर 30 लाख रुपये तक के आवास आवास ऋण पर पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान पांच वर्ष के लिए दिया जाएगा।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-

## भाजपा को नहीं मिल रहे उम्मीदवार

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से जारी की गई प्रत्याशियों की दूसरी सूची पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा को लड़ने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे और डबल इंजन की ये सरकार डबल हार की ओर बढ़ रही है। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, लिस्ट पर एक ही बात फिट है नाम बड़े और दर्शन छोटे।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने मप्र में अपने सांसदों को विधानसभा की टिकट देकर साबित कर दिया है कि भाजपा न तो 2023 के विधानसभा चुनाव में जीत रही है, न 2024 के लोकसभा चुनाव में। इसका सीधा अर्थ यह हुआ कि वो ये मान चुकी है कि एक पार्टी के रूप में तो वो इतना बदनाम हो चुकी है कि चुनाव नहीं जीत रही है, तो फिर क्यों न तथाकथित बड़े नामों पर ही दांव लगाकर देखा जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि अपने को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली भाजपा को लड़वाने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं, तो फिर वोट देने वाले कहां से मिलेंगे। अबकी बार भाजपा अपने सबसे बड़े गढ़ में, सबसे बड़ी हार देखेगी।



कांग्रेस नेता ने दावा किया कि कांग्रेस भाजपा से दोगुनी सीट जीतने जा रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार डबल हार की ओर बढ़ रही है। कमलनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश में हार स्वीकार कर चुकी भाजपा ने उम्मीद का आखरी झूठा दांव खेला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि 18.5 साल की भाजपाई सरकार और 15 साल से ज्यादा के शिवराज जी विकास के दावों को नकारने वाली भाजपाई प्रत्याशियों की सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं की पार्टी का दावा करने वाली भाजपा की आंतरिक हार पर पक्की मुहर है।

एमपी में विकास के खोखले दावों की पोल खुलने के साथ बड़बोली भाजपाई सरकार के प्रचारवादी विकास के थोथे दावे आज सफेद झूठ साबित हो गए। कमलनाथ ने लिखा कि भाजपा केवल एक बात ध्यान रखें। ये जनता है, ये सब जानती है। 18 साल के कुशासन का हिसाब तो जनता लेकर रहेगी और न्याय होकर होगा। एमपी की जनता है तैयार, भाजपा पर होगा पलटवार। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में पिछले लगभग दो दशक से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की आगामी विधानसभा चुनाव से पहले आई प्रत्याशियों की दूसरी सूची के कई नामों ने सभी को चौंका दिया है। पार्टी ने अपने 39 प्रत्याशियों की दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत सात सांसदों को विधानसभा चुनाव मैदान में उतार कर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है।

भाजपा की सोमवार देर रात जारी दूसरी सूची में सबसे ज्यादा चौंकाने वाला नाम केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का है, जिन्हें पार्टी ने मुरैना जिले की दिमनी विधानसभा से चुनावी मैदान में उतारा है। मुरैना संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद श्री तोमर वर्तमान में प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक भी हैं।



## ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष पटेल भाजपा में शामिल

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में छतरपुर जिले के ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार पटेल ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने उन्हें पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

### विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदान किए संसदीय उत्कृष्टता सम्मान, कहा-

## नए सदस्य वरिष्ठों से सीखकर क्षेत्र में ज्यादा विकास कर सकते हैं

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष गिरीश गौतम ने मंगलवार को विधानसभा के मानसरोवर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संसदीय उत्कृष्टता सम्मान समारोह से मंत्रियों, विधायकों, पत्रकारों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सभा समितियों की संयुक्त बैठक का आयोजन भी किया गया जिसमें समिति के सभापतियों ने अपने कार्यकाल की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर सम्मानितजनों को बधाई देते हुए अपने उद्‌बोधन में विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने कहा कि नए सदस्य यदि वरिष्ठ विधायकों से मागदर्शन लेकर सीखें तो वे अपने क्षेत्र में ज्यादा विकास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम सभी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। खासतौर पर विधायकों के सामने कई नजरे होती हैं। एक तो क्षेत्र का मतदाता अपने सपनों के पूरा होने के लिए टकटकी बांधे विधायक की ओर देखता है। दूसरा मीडिया की भी नजर विधायक पर होती है। जनता की आकांक्षा अपेक्षा को पूरा करने की चुनौती भी विधायकों पर होती है।

श्री गौतम ने बताया किया जिन नए सदस्यों प्रश्न होते थे उनको बुलाकर वरिष्ठ सदस्यों के माध्यम से ब्रीफिंग करवाने कार्य विगत समय में किया गया है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में अब कम ही सदस्य नजर आते हैं। यह



आवश्यक है कि सदस्य पुस्कालय में नियमित में जाए। हम सभी यहां जनता का प्रतिनिधित्व करने आते हैं। हम सभी प्रयास करते हैं कि अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य हो जाएं। लेकिन हमें यह प्रयास करना है कि हम अपनी बात संयमित और प्रभावी तरीके से रखें तो कार्य अवश्य होगा।

श्री गौतम ने कहा कि वर्तमान में जब प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कारणों से विधानसभा के सत्र लंबे नहीं नहीं चल रहे है तो समितियों के माध्यम से कार्य हो रहा है। इसलिए एक तरह से समितियां बारहमासी विधानसभा का सत्र होती हैं। समितियों का काम सामने कम आता है लेकिन वहां निश्चित तौर पर ज्यादा और महत्वपूर्ण कार्य होता है।

### दिवंगत मुख्यमंत्रियों के परिजनों का शाल,श्रीफल भेंट कर किया सम्मान

## मप्र के विकास और निर्माण में सभी मुख्यमंत्रियों को अतुलनीय योगदान रहा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश के विकास और निर्माण में सभी मुख्यमंत्रियों को अतुलनीय योगदान रहा है। सभी ने अपने-अपने स्तर पर जन-कल्याण और विकास के श्रेष्ठतम कार्य किए। उनके योगदान को हम सब नमन करते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय प्रांगण में पूर्व दिवंगत मुख्यमंत्रियों की प्रतिमाओं के अनावरण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि दिवंगत मुख्यमंत्रियों की प्रतिमाओं की स्थापना से भोपाल में एक नए संग्रहालय का शुभारंभ हुआ है। मंत्रालय प्रांगण का यह प्रतिमा संग्रहालय प्रदेशवासियों के साथ अन्य प्रदेशों से आने वाले लोगों के लिए भी एक प्रेरणा स्थल बनेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्रद्धेय पं. रविशंकर शुक्ला,भगवंतराव मण्डलोई ,कैलाश नाथ काटजू, द्वारिका प्रसाद मिश्र, गोविन्द नारायण सिंह, राजा नरेश चन्द्र, श्यामाचरण शुक्ल, प्रकाश चन्द्र सेठी, वीरेंद्र कुमार सखलेचा, सुन्दरलाल पटवा, अर्जुन सिंह, मोतीलाल वोरा, बाबूलाल गौर का स्मरण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। उनके परिजनों से भेंट कर उनका शाल,श्रीफल से स्वागत किया तथा परिजनों के साथ फोटो सेशन करवाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश गान के बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री श्री इंदर सिंह परमार उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पूर्व दिवंगत मुख्यमंत्रियों की प्रतिमाओं का किया अनावरण

### राज्यपाल पटेल बरकतउल्ला विवि के दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

## दीक्षांत शपथ और उपदेश को अपने जीवन में उतारें विद्यार्थी

भोपाल, देशबन्धु। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शिक्षित वही है, जिसमें ज्ञान के साथ-साथ संस्कार भी होते हैं। विद्यार्थी जीवन में विश्वविद्यालय से प्राप्त होने वाले संस्कार जीवन के हर कदम पर आपके पथ प्रदर्शक होते है। श्री पटेल मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों को परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए उनके दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक आगे बढ़ने के लिय प्रेरित करता है। जीवन की सफलताओं में कभी भी अपने माता-पिता और गुरुजनों को नहीं भूलें। उनके सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। श्री पटेल ने कहा कि शिक्षक, युवा वर्ग को दृढ़ संकल्पवान बनाएं। उन्हें समस्याओं से जूझना सिखाएं ताकि विपरीत परिस्थितियों में भी एपका आत्मबल बना रहें। विद्यार्थी वंचित वर्गों के प्रति भी संवेदनशीलता के साथ सहयोग के लिए तत्पर रहें।



राजपाल मंगुभाई पटेल ने विद्यार्थियों को 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाले स्वच्छता दिवस पर होने वाली गतिविधियों में बढ़-चढ़कर और उत्साह पूर्वक हिस्सा लेने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने परिसर को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर प्रेरित करते रहने की समझाइश दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में राज्यपाल श्री पटेल का पुष्पगुच्छ, शॉल श्रीफल भेंटकर स्वागत और अभिनंदन किया गया। राज्यपाल श्री पटेल एवं अतिथियों ने विश्वविद्यालय की उपलब्धि पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया। दीक्षांत समारोह में स्मृति-चिन्ह भी भेंट किया गया। इस अवसर पर कुलपति राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय, प्रो. एस. सूर्यप्रकाश भी उपस्थित थे।

उन्होंने भारतीय शिक्षा की ऐतिहासिकता और गौरवशाली विरासत की महत्ता पर संक्षिप्त उद्‌बोधन दिया। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलपति सुरेश कुमार जैन ने बताया कि 165 विद्यार्थियों को उपाधि और स्वर्ण पदक प्रदान किये गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने दीक्षित विद्यार्थियों को दीक्षांत उपदेश दिया और दीक्षांत

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.26.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री निरंजन सिंह बघेल पिता नबाब सिंह बघेल, श्रीमती नेमा बघेल पत्नी श्री निरंजन सिंह बघेल ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 152 ख.नं. 61/99 पिपरिया सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003081025 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1000 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री प्रदीप विक्रम सिंह ऋषिरमन पिता राजेन्द्र सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.26.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जितेन्द्र कुमार सैनी पिता श्री छगन लाल सैनी, श्रीमती सोनम सैनी पत्नी श्री जितेन्द्र कुमार सैनी ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 150 ख.नं. 61/99 पिपरिया सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003334923 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1000 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री प्रदीप विक्रम सिंह ऋषिरमन पिता राजेन्द्र सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.26.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुकुंद लाल साहू पिता श्री सेवक राम साहू, श्रीमती कृष्णा साहू पत्नी श्री मुकुंद लाल साहू ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 155 ख.नं. 61/99 पिपरिया सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1002948022 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1000 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री प्रदीप विक्रम सिंह ऋषिरमन पिता राजेन्द्र सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.26.09.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कृपानन्द ठाकुर पिता श्री सुन्दर ठाकुर, श्रीमती नीलम ठाकुर पत्नी श्री कृपानन्द ठाकुर ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 151 ख.नं. 61/99 पिपरिया सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003278754 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1000 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री प्रदीप विक्रम सिंह ऋषिरमन पिता राजेन्द्र सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 76
2023-2024 दिनांक 25/09/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. श्रीमती प्रेमकुमारी शर्मा, पति- स्व. श्री विनय कुमार शर्मा, 2. श्री विकास कुमार शर्मा, पिता- स्व. श्री विनय कुमार शर्मा , ने भवन क्रंमाक-2870/1 बी. ए, , संपत्ति कर/ पिन नं. 1003045228 जलकर पिन नं......, पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री विनय कुमार शर्मा, पिता- देवदत्त शर्मा वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 860 व.फु., निर्मित भूतल 564 व.फु. आर.सी.सी, विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, सहमति शपथ पत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07, अधारताल, नगर निगम, जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 75
2023-2024 दिनांक 21/09/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री अब्दुल कबीर, पिता - स्व. श्री बशीर , ने भवन क्रंमाक-2755 ध 8 , संपत्ति कर/ पिन नं. 10003614609 जलकर पिन नं............., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री हाजी मोहम्मद यासीन खान, वार्ड शहीद अ. हमीद वार्ड , निर्मित भूतल 1000 व.फु. आर.सी.सी आ. स्वयं, भूतल 700 व.फु. व्य.स्वयं, विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07, अधारताल, नगर निगम, जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 74
2023-2024 दिनांक 20/09/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री अभिषेक श्रीवास्तव, पिता- श्री दिनेश श्रीवास्तव , ने भवन क्रंमाक- 746/पी-65 आर , संपत्ति कर/ पिन नं. 1000361584 जलकर पिन नं.2573125, पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्रीमती सविता श्रीवास्तव, पति- स्व. श्री दिनेश श्रीवास्तव, वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 2400 व.फु., निर्मित भूतल 1075 व.फु., विक्रयपत्र, वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07, अधारताल, नगर निगम, जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 71
2023-2024 दिनांक 13/09/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. श्रीमती ललिता जायसवाल, पति- श्री रामपति जायसवाल, 2. श्री पंकज कुमार जायसवाल, पिता- श्री रामपति जायसवाल , ने भवन क्रंमाक- पी-198 , संपत्ति कर/ पिन नं. 100389782 जलकर पिन नं............., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्री प्रदीप कुमार पटेल, पिता- स्व. श्री शंकर लाल पटेल, वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड , विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रमांक-07, अधारताल, नगर निगम, जबलपुर**

देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 27 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## मजबूती का परिचय दें मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आने के साथ ही पुरानी सरकारों की अपनाई गई नीतियों और फैसलों को बदलने का काम किया, ताकि उनका नाम एक मजबूत प्रधानमंत्री के तौर पर दर्ज हो सके। भारत को पूरी तरह बदल देने के उनके जुनून ने बहुत से दीर्घकालिक नुकसान कर दिए हैं। लेकिन इस वक्त उनकी तथाकथित लोकप्रियता के फेर में इन नुकसानों का सही आकलन नहीं किया जा रहा है। विश्व में भारत की पहचान हमेशा से शांतिप्रिय देश के तौर पर रही। गांधीजी दुनिया में अहिंसा के पुजारी माने गए और नेहरूजी शांति दूत। भारत को विश्वगुरु और विश्वमित्र बनाने का कोई घोषित ऐलान पहले की सरकारों ने नहीं किया और दुनिया के मानचित्र में भारत का अनूठा, सम्मानजनक स्थान बना रहा। लेकिन मोदी सरकार के नौ सालों के कार्यकाल में विदेश नीति में अघोषित प्रयोग हुए और उसका नतीजा ये रहा कि पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और चीन जैसे पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव आए ही, अब कनाडा के साथ रिश्ते दांव पर लग गए हैं। संबंधों में इस कड़वाहट के लिए जिम्मेदार कनाडा ही है, लेकिन सवाल मोदी सरकार पर भी उठेंगे कि आखिर उसने कनाडा की नीयत को पहचाना कैसे नहीं। क्यों खालिस्तान जैसा मुद्दा, जो भारत की अखंडता के लिए बड़ा खतरा है, वह फिर से जिंदा हो गया है। देश जानता है कि खालिस्तान आंदोलन ने किस तरह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी समेत कई बड़े राजनेताओं, अधिकारियों, और गणमान्य नागरिकों की शहादत ली। बड़ी मुश्किल से इस आग को शांत किया गया था, लेकिन अब इसकी लपटें कनाडा से उठती दिख रही हैं। याद करें कि जब 2020-2021 में किसान आंदोलन चल रहा था, तब आंदोलनकारियों को खालिस्तानी कहकर अपमानित किया गया था। यह सब मोदी सरकार की नाक के नीचे होता रहा और प्रधानमंत्री मोदी से यह कहते नहीं बना कि देश में बंद किए जा चुके इस दुखदायी अध्याय को किसी भी कारण से फिर न खोला जाए। देश को जब भी जरूरत होती है प्रधानमंत्री चुप ही रहते हैं। अब भी कनाडा के साथ इतनी कड़वाहट बढ़ गई है और इस वजह से लाखों भारतीय जो इस समय पढ़ने, काम करने या अन्य वजहों से कनाडा में हैं, वे अपने भविष्य को लेकर सशंकित हो रहे हैं। भारत सरकार की ओर से एडवाइज़री जारी हो चुकी है। विदेश मंत्री इस मामले में लगातार बयान दे रहे हैं, लेकिन श्री मोदी की ओर से जो आश्वस्ति कनाडा में रहने वाले भारतीयों और यहां उनके परिजनों को मिलनी चाहिए, उसकी कमी कहीं न कहीं महसूस हो रही है। इस बीच कनाडा के साथ विवाद सुलझने की जगह और उलझता दिख रहा है, क्योंकि इसमें अब अमेरिका की राय भी सामने आ गई है।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते जी-20 की बैठक से लौटने के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर एक गंभीर आरोप लगाया। कनाडाई नागरिक और भारत में आतंकी घोषित हरदीप सिंह निज्जर की जून में हुई हत्या के मामले में ट्रूडो ने कहा था कि निज्जर की हत्या के पीछे 'भारत सरकार के एजेंट' हो सकते हैं। ट्रूडो ने संसद में ये बड़ा आरोप लगाया और इसके पीछे सबूतों के होने का दावा भी किया। हालांकि वो सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। लेकिन इसके बाद से भारत और कनाडा के बीच संबंध एकदम से बिगड़ गए। अब हालात ऐसे हैं कि राजनयिकों को वापस बुलाया जा रहा है। भारत ने कनाडा के लोगों को वीज़ा देने पर रोक लगा दी है, वहीं कनाडा ने भारत आए कनाडाई नागरिकों के लिए नयी एडवायजरी जारी की है,जिसमें कहा गया है- 'कनाडा और भारत में हाल के घटनाक्रमों के संदर्भ में, विरोध प्रदर्शन के आह्वान और सोशल मीडिया पर कनाडा के प्रति कुछ नकारात्मक भावनाएं हैं। कृपया सतर्क रहें और सावधानी बरतें।' उधर निज्जर की हत्या के खिलाफ खालिस्तानी समर्थकों ने मंगलवार को कनाडा के टोरंटो, ओटावा और वैंकूवर में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। खालिस्तान समर्थक संगठन - 'सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) के सदस्यों के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों को नारे लगाते और खालिस्तानी झंडे लहराते देखा गया।

इस बीच फाइनेंशियल टाइम्स में छपी एक खबर के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और अन्य पश्चिमी नेताओं ने जी-20 सम्मेलन में निज्जर हत्या के मामले को प्रधानमंत्री मोदी के सामने उठाया था। रिपोर्ट है कि उन नेताओं ने कहा था कि नयी दिल्ली से जुड़े एजेंट वैंकूवर में सिख अलगाववादी की हत्या में शामिल थे। यही बात ट्रूडो ने भी कही थी कि उन्होंने जी-20 के दौरान निज्जर की हत्या का मामला उठाते हुए भारत से कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन भारत ने उनकी बात का खंडन कर दिया था। खबरें ये भी हैं कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर इनपुट कनाडा के साथ साझा किए थे। इसके अलावा अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कनाडा के आरोपों की गहन जांच के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हम कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तरफ से संदर्भित आरोपों से चिंतित हैं। हम अपने कनाडाई सहयोगियों के साथ निकट संपर्क में हैं। अमेरिका ने यह भी कहा कि जांच आगे बढ़नी चाहिए और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया।

अमेरिका जिस तरह का रुख इस समय दिखा रहा है वह उसके दोहरे मापदंडों को बताता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा भी कि दुनिया अभी भी डबल स्टैंडर्ड यानी दोहरे मापदंड से चल रही है। जो देश प्रभावशाली हैं वे स्थिति में बदलाव का विरोध कर रहे हैं और ऐतिहासिक रूप से शक्तिशाली देश इन क्षमताओं का इस्तेमाल हथियारों की तरह कर रहे हैं। जयशंकर का इशारा निश्चित ही पश्चिमी देशों की ओर है, लेकिन अब भारत को इशारों में नहीं साफ-साफ अपनी बात वैश्विक मंच पर रखना चाहिए। अमेरिका एक ओर भारत का मित्र बनकर रहे और दूसरी ओर उन शक्तियों का समर्थन करे, जो भारत की अखंडता के लिए खतरा हैं, यह किसी हाल में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। श्रीमान मोदी अपनी मजबूती का परिचय वैश्विक पटल पर दें, यह वक्त की मांग है।

# मोदी का विरोधियों को 'अर्बन नक्सल' कहना अशोभनीय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिक्शनरी में विपक्ष के लिये जितने (अप)शब्द होंगे, शायद ही किसी अन्य नेता के पास उतने हो सकते हैं। मोदी केन्द्र पर जिन हथियारों के बलबूते केन्द्र की सत्ता पर आरुढ़ हुए हैं, उनमें एक बड़ा असलहा प्रतिपक्ष, खासकर कांग्रेस पर गैरजिम्मेदार तरीके से होने वाला हमला है। जो-जो आरोप लगाकर भारतीय जनता पार्टी ने केन्द्र तक अपनी पहुंच बनाई और दो मर्तबा सत्ता सम्भाली, मोदी उनमें से कोई भी साबित नहीं कर पाये- बावजूद इसके कि अब वे दूसरा कार्यकाल पूरा करने जा रहे हैं और देश लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। मोदी का 9 वर्षों से अधिक का कार्यकाल केवल इसी काम में बीता है। इसके लिये उन्हें अवसरों और मंचों का भी भान नहीं रहता। संसद के भीतर कोई बयान देना हो या फिर राष्ट्रीय पर्वों को सम्बोधित करना हो, किसी भी विषय पर आयोजित सम्मेलन हो अथवा बैठक- मोदी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उनका एजेंडा हर मौकों पर एक सा होता है- विपक्ष को अपमानित करना एवं उसे नीचा दिखाना। चुनावी सभाओं में तो वे सारी हदें पार कर ही जाते हैं, क्योंकि ऐसे मंच तो उनके लिये सबसे माकूल व मुफ़ीद होते हैं। मोदी ने पद की प्रतिष्ठा तथा गरिमा को अपनी ज़ुबान से जितना गिराया है, लोकतांत्रिक मर्यादाओं के वह बिलकुल विपरीत व अशोभनीय है।

सोमवार को मोदीजी ने अपने उसी तेवर व तासीर का परिचय देते हुए कांग्रेस को 'जंग लगी हुई पार्टी' करार देते हुए कहा कि उसे अब अर्बन नक्सलियों को आऊटसोर्स कर दिया गया है। हाल ही में कांग्रेस के नेतृत्व में 28 दलों से मिलकर बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' को वे पहले ही 'घमंडिया' कहते रहे हैं। ऐसा वे चुनावी सभाओं में तो कहते ही आ रहे हैं, उनकी देखा-देखी और उनकी आंखों में चढ़ने के लिये उनके सहयोगी संसद के भीतर होने वाली चर्चा में भी इस शब्द का इस्तेमाल करने लगे हैं। इस सबसे एक कदम आगे बढ़ते हुए मोदी ने सोमवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर एवं मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की रैलियों को सम्बोधित करते हुए नये तीर छोड़े। भोपाल में उन्होंने बताया कि हाल ही में नारी वंदन शक्ति अधिनियम के नाम से पारित महिला आरक्षण विधेयक को कांग्रेस व विपक्ष ने 'खट्टे मन से समर्थन' दिया है। वक्त आने पर वे इससे पीछे हट जायेंगे। उन्होंने कांग्रेस को अपने वादे न निभाने वाली पार्टी बताया और कहा कि इसके विपरीत 'मोदी मतलब गारंटी' है। जयपुर में उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस जंग लगा लोहा है जिसे अब कांग्रेसी नेता नहीं वरन कुछ अर्बन नक्सली चला रहे हैं।'

भाजपा की अपेक्षाओं के विरूद्ध कांग्रेस समेत विपक्ष की मजबूत होती स्थिति के अलावा ऐसे कई अन्य कारण हैं जिनके चलते मोदी की झल्लाहट अपने चरम पर है। जिन सभाओं में मोदी ने ये उद्‌गार प्रकट किये उन राज्यों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम के साथ ही इसी नवम्बर में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। मप्र व छग में कांग्रेस की जीत तयशुदा बताई जा रही है, तो वहीं राजस्थान में दोनों दलों (कांग्रेस-भाजपा) के बीच कड़ा मुकाबला है। तेलंगाना में भाजपा को लड़ाई से बाहर बताया जा रहा है और वहां मुख्य मुठभेड़ कांग्रेस व भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की होगी। चुनावी हार-जीत तो एक तरफ है लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली हर किसी को अपनी बात कहने और विरोधी दलों की मुद्दों पर आधारित आलोचना का हक देती है, परन्तु उसकी मर्यादा होती है। नौ साल तक देश का नेतृत्व करने के बाद भी मोदी अब तक यह नहीं जान पाये हैं कि इस शासन व्यवस्था में सरकार की आलोचना का हक सभी को होता है और सरकार के मुखिया होने के नाते उनका काम स्पष्टीकरण व जवाब देना होता है। इतना ही नहीं, अगर वे कोई बात कहते हैं तो उसे साबित करने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। पीएम होने के नाते उन्हें ऐसी कोई भी बात नहीं कहनी चाहिये जो कि विधिसम्मत न हो या वह आधारहीन हो। सरकारी रिकार्ड में 'अर्बन नक्सली' जैसा कोई शब्द नहीं है। वैसे ही जिस प्रकार से 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' नहीं है। मोदी को बतलाना चाहिये कि ये विपक्ष में कौन नक्सली हैं जिन्हें 'कांग्रेस ने अपने नारों और नीति के लिये आउटसोर्स कर दिया है', जैसा कि उन्होंने इसी सभा में कहा है। अगर वे इन नक्सलियों को जानते हैं तो उन पर क्या कार्रवाई की गई है?

वैसे तो अब साफ हो चुका है कि मोदीजी के पास मुद्दों का अभाव होने से और आसन्न चुनावों में भाजपा की पराजय के डर से मोदी वे बातें कहने लगे हैं जो उनके समर्थक कब का बन्द कर चुके हैं। 2014 में जब मोदी पीएम बने थे, तो इस तरह की शब्दावली का खूब इस्तेमाल होता था। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, गरीबों-आदिवासी हितों की बात करने वालों और सबसे प्रमुखतया सरकार से सवाल करने वालों को बदनाम करने और उन्हें जेलों में डालने का रास्ता साफ करने के लिये अर्बन नक्सली, टुकड़े-टुकड़े गैंग, जिहादी आदि विशेषणों का प्रयोग किया जाने लगा जबकि सच्चाई यह है कि ऐसे आरोपों में न तो किसी व्यक्ति को अदालतों में पेश किया गया और न ही इस आधार पर किसी को सजा ही हो सकी है। हां, इसके नाम से उन्हें बदनाम अवश्य किया गया तथा अनेक लोगों को इसकी आड़ में बिना मुकदमा चलाये लम्बे समय तक जेलों में ज़रूर डाला गया है। पार्टी स्तर पर तो इन दांव-पेंचों का इस्तेमाल फिर भी समझ में आता है लेकिन देश के शीर्ष नेता होने के नाते मोदीजी को वही कहना चाहिये जो वे साबित कर सकें और जो सार्वजनिक जीवन की मर्यादा के अनुकूल हो। हालांकि मोदीजी से यह आशा करना बेकार है क्योंकि पिछले 9 साल में वे अमर्यादित व्यवहार का भरपूर प्रदर्शन कर चुके हैं। शुचितापूर्ण आचरण की बार-बार दुहाई देने और स्वयं को लोकतांत्रिक बतलाने का आडम्बर रचने वाले मोदीजी अपने विरोधियों के लिये दीदी ओ दीदी, जर्सी गाय, कांग्रेस की विधवा, खूनी पंजा, 50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते रहे हैं। मोदी अपने पार्टी व संसद के सहयोगियों को भी यही आचरण व भाषावली अपनाने की प्रेरणा देते हैं। इसका हालिया दृष्टांत भरी लोकसभा में भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी द्वारा बहुजन समाज पार्टी के दानिश अली के लिये मुल्ला, कटुवा, आतंकवादी जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने और बाहर देख लेने की धमकी देने के बाद भी बचकर निकल जाना है। यह जान लेना कितना कठिन है कि भाजपाईयों के मन में प्रतिपक्ष के लिये ऐसे घृणा भाव का स्रोत व प्रेरणा पुरुष कौन हो सकता है।

बहरहाल, मोदी की गिरती छवि और चुनावी असफलताओं (हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, घोसी आदि) तथा अगले साल के आम चुनावों में पराजय के डर से मोदीजी के मन में जो झल्लाहट भरी हुई है, उसी की प्रतिध्वनि कांग्रेस को घमंडिया, अर्बन नक्सली, टुकड़े-टुकड़े गैंग कहने के रूप में सुनाई पड़ रही है। फिर भी उन्हें जानना चाहिये कि देश का लोकतंत्र चुनावी हार-जीत या सत्ता पाने-गंवाने की प्रक्रिया से ऊपर व अधिक स्थायी प्रकृति का होता है। तीसरी बार पीएम बनने के चक्कर में उन्हें ऐसा कोई बर्ताव नहीं करना चाहिये जो लोकतांत्रिक रूप से अमर्यादित तो हो ही, उसे अशोभनीय भी कहा जाये। देश की कार्यपालिका के प्रमुख होने के अलावा उनका नैतिक कर्तव्य देश की श्रेष्ठ मर्यादाओं व मूल्यों का अनुपालन करना भी है ताकि देश का लोकतांत्रिक चरित्र बचा रहे। आखिर मोदी जी ही तो भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहते हैं।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं।)**



डॉ. दीपक पाचपोर

**भाजपा की अपेक्षाओं के विरूद्ध कांग्रेस समेत विपक्ष की मजबूत होती स्थिति के अलावा ऐसे कई अन्य कारण हैं जिनके चलते मोदी की झल्लाहट अपने चरम पर है। जिन सभाओं में मोदी ने ये उद्‌गार प्रकट किये उन राज्यों में छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम के साथ ही इसी नवम्बर में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। मप्र व छग में कांग्रेस की जीत तयशुदा बताई जा रही है।**

# लोकसभा चुनाव फरवरी 2024 से पहले करा सकते हैं प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी

■ नित्य चक्रवर्ती

पिछले सप्ताह संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद, अनुभवी चुनाव रणनीतिकारों के सहयोग से भाजपा के थिंक-टैंक लोकसभा चुनाव कराने के लिए पार्टी के लिए सबसे उपयुक्त समय निकालने में व्यस्त हैं। चुनाव अगले वर्ष अप्रैल/मई में होने हैं, परन्तु प्रारंभिक अध्ययनों से भाजपा रणनीतिकारों को पता चला है कि चुनाव समय से पहले कराने से भाजपा के हितों की बेहतर पूर्ति होगी, और इसीलिए वे नवंबर-अंत और फरवरी के बीच चुनाव चाहते हैं।

2019 का लोकसभा चुनाव 11 अप्रैल से 19 मई तक सात चरणों में हुआ था। परिणाम 23 मई को घोषित किए गये थे। यदि सामान्य कार्यक्रम का पालन किया जाये तो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के पास लोकसभा चुनाव कराने के लिए छह महीने से अधिक समय बचा है। चुनाव आयोग अपनी तैयारियों के साथ तैयार है। आगामी लोकसभा चुनावों के लिए, चुनाव आयोग की योजना मतदान के चरणों की संख्या को पहले के सात से घटाकर अधिकतम पांच या तीन तक लाने की है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद चुनाव आयोग निर्देश जारी कर सकता है।

भाजपा नेतृत्व के लिए चिंता की बात इंडिया गठबंधन की बढ़ती एकजुटता और मुंबई सम्मेलन के बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा दिखाया जा रहा आत्मविश्वास है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मीडिया के साथ अपनी नवीनतम बातचीत में उत्साहित दिखे जब उन्होंने कहा कि कांग्रेस मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जीत हासिल करेगी, और राजस्थान में भी जीत जायेगी, जबकि तेलंगाना में भी पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी। तेलंगाना के बारे में राहुल थोड़े आशावादी थे, लेकिन बाकी तीन राज्यों के बारे में वह सही थे।

जहां तक आगामी राज्य विधानसभा चुनावों का सवाल है, दिसंबर 2023 तक चार राज्यों में चुनाव होने हैं। केवल मध्य प्रदेश में ये जनवरी 2024 में हो सकते हैं। इसलिए सामान्य तौर पर, चुनाव आयोग दिसंबर 2023 तक सभी पांच राज्यों में चुनाव कराना चाहेगा। यदि चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार होते हैं और भाजपा हिंदी पट्टी से जुड़े तीनों राज्यों को हार जाती है, तो इंडिया गठबंधन, खासकर कांग्रेस को बड़ी ताकत मिलेगी, जिसका लोकसभा चुनाव पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। क्या भाजपा इसकी इजाजत दे सकती है? भाजपा थिंक टैंक के एक वर्ग का तर्क है कि लोकसभा चुनाव पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के साथ ही कराये जाने चाहिए।

उनका कहना है कि चंद्रयान-3, जी-20 शिखर सम्मेलन और अब महिला आरक्षण विधेयक से शुरू हुई सफलताओं की श्रृंखला के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को और सरकार को बढ़त दिलाई है। प्रधानमंत्री 50 प्रतिशत मतदाताओं पर नजर रखते हुए महिलाओं के मुद्दों और ओबीसी महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आरएसएस ने अपने कार्यकर्ताओं को महिलाओं के लिए पीएम के इस संदेश को देश के सुदूर इलाकों तक पहुंचाने का निर्देश दिया है। दिलचस्प बात यह है कि आरएसएस का अभियान केवल प्रधानमंत्री पर केंद्रित है, भाजपा पर नहीं।

भाजपा थिंक-टैंक खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या पर वर्तमान भारत-केनेडा राजनयिक संकट के प्रभाव को भी ध्यान में रख रहे हैं। प्रधानमंत्री केनेडा के पीएम के आरोपों को नकारने पर अड़े हुए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा में बड़ी शक्तियों, यानी अन्य लोगों के बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका के दोहरे मानकों के बारे में बयान दे रहे हैं। कांग्रेस ने भारत सरकार की स्थिति का पूरी तरह से समर्थन किया है, यह जानते हुए कि चाहे कुछ भी हो, अंततः चुनाव से पहले इससे प्रधानमंत्री को राजनीतिक लाभ होगा। लेकिन मामला इतना नाजुक है कि कांग्रेस और अन्य इंडिया घटक सरकार के रुख का समर्थन करते रहेंगे।

नरेंद्र मोदी के लिए यह एक जीत की स्थिति है। यदि केनेडा और उसके पश्चिमी सहयोगी मामले को आगे बढ़ाते हैं, तो पीएम उसका विरोध करते हुए मजबूत रुख अपना सकते हैं, जिससे उन्हें बड़ा समर्थन मिलेगा। मोदी पश्चिमी बड़ी शक्तियों से लड़ते हुए खुद को ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में स्थापित करने की कोशिश करेंगे, जो भारत जैसी प्रमुख शक्ति के उद्भव को बर्दाश्त नहीं कर सकती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन असमंजस में हैं क्योंकि अगर भारत ने अपनी वर्तमान आक्रामकता जारी रखी तो एशिया-प्रशांत में चीन के खिलाफ भारत को सामने लाने की उनकी अच्छी तरह से तैयार की गई नीति संकट में होगी।

दूसरी ओर, यदि फाइव-आइज वाली शक्तियां (संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और निश्चित रूप से, केनेडा) स्वर को नरम करती हैं और भारत को अपेक्षित ट्रैक पर रखने के लिए किसी प्रकार की समझ बनाती हैं, तो पीएम खुद को सही ठहरायेंगे, जबकि भाजपा के ढोल-नगाड़े बजाने वाले और कॉरपोरेट मीडिया नरेंद्र मोदी को एक ऐसे ईश्वरीय अवतार के रूप में पेश करेंगे, जिसने पश्चिम के राक्षसों को एक पवित्र युद्ध में हरा दिया है। किसी भी तरह से, यह मोदी के लिए फायदेमंद है। इंडिया गठबंधन के घटक केवल दूर से देख रहे हैं।

इसलिए यह वर्ग चाहता है कि यदि लोकसभा चुनाव राज्य विधानसभा चुनावों के साथ कराये जाएं तो प्रधानमंत्री के पास अब उपलब्ध इन सभी लाभों का फायदा उठाया जा सकता है। इन विश्लेषकों को यकीन है कि अगर चुनाव हुए तो नरेंद्र मोदी की छवि और स्वीकार्यता राज्य विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों के नतीजों को प्रभावित करेगी।

इसके विपरीत, एक मजबूत प्रतिवाद यह है कि लोकसभा चुनाव जनवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में, संभवतः 22 जनवरी को, अयोध्या में राम मंदिर के उद्‌घाटन के बाद ही हो सकते हैं। संघ परिवार के नेताओं को लग रहा है कि प्रधानमंत्री की अन्य हालिया उपलब्धियों के साथ-साथ इस उद्‌घाटन का हिंदू समुदाय पर उत्प्रेरक प्रभाव पड़ेगा और यह भाजपा की ओर से मतदाताओं के लिए सबसे मजबूत अपील होगी। इसलिए, यह वर्ग चाहता है कि लोकसभा चुनाव तभी हो जब संघ परिवार के कार्यकर्ता प्रचार में हिंदुत्व के मुद्दे का पूरा उपयोग करें। यदि लोकसभा चुनाव फरवरी में होते हैं, तो भाजपा को 2019 के चुनाव घोषणापत्र में प्रधानमंत्री द्वारा वायदा किये गये हिंदुत्व पर सभी प्रमुख प्रतिबद्धताओं का पूरा लाभ मिलेगा। स्वाभाविक रूप से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही अंतिम निर्णय लेंगे।

इंडिया गठबंधन के घटक दलों को लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए, चाहे यह इस साल नवंबर में हो, या फरवरी में हो, या अप्रैल/मई 2024 में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हो। कांग्रेस नेतृत्व को राज्यों में सीट-बंटवारे की बातचीत शुरू करने के लिए राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार नहीं करना चाहिए। उन्हें अभी प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए, क्योंकि अनेक राज्यों में इसमें काफी समय लगेगा। यदि अचानक लोकसभा चुनावों की घोषणा हो जाती है तो इंडिया गठबंधन स्वयं को बिना तैयारी के न पायें। 2004 में, एनडीए-1 सरकार के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी सरकार के 'इंडिया शाइनिंग' प्रचार को ध्यान में रखते हुए लोकसभा चुनाव को पांच महीने के लिए आगे बढ़ा दिया था। सभी उम्मीदों पर पानी फेरते हुए एनडीए को हार का सामना करना पड़ा और यूपीए ने नयी सरकार बनाई। भारत के लिए, 2004 का यह उदाहरण महत्वपूर्ण सबक देता है। राष्ट्रीय स्तर पर केवल बड़ा प्रचार पर्याप्त नहीं है।

**आगामी राज्य विधानसभा चुनावों का सवाल है, दिसंबर 2023 तक चार राज्यों में चुनाव होने हैं। केवल मध्य प्रदेश में ये जनवरी 2024 में हो सकते हैं। इसलिए सामान्य तौर पर, चुनाव आयोग दिसंबर 2023 तक सभी पांच राज्यों में चुनाव कराना चाहेगा। यदि चुनाव तय कार्यक्रम के अनुसार होते हैं और भाजपा हिंदी पट्टी से जुड़े तीनों राज्यों को हार जाती है, तो इंडिया गठबंधन, खासकर कांग्रेस को बड़ी ताकत मिलेगी, जिसका लोकसभा चुनाव पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।**

## पावन प्रसंग

### सिद्धांतों से समझौता न करें

जीवन का अपना सिद्धांत होता है, मूल्य होता है। इस सिद्धांत के कारण ही सामान्य इंसान में दिव्य गुण विकसित होते हैं। मूल्यों के अभाव में इंसान पशुतुल्य हो जाता है। प्रत्येक परमाणु,अणु और तत्व से लेकर जड़-चेतन आदि सभी के अपने-अपने सिद्धांत हैं। इन्हीं सिद्धातों के कारण ही वे अपनी मौलिकता को बरकरार रखते हुए अपना प्रभाव दिखाते हैं और अपना अस्तित्व व औचित्य-सिद्ध कर सकने की एक प्रभावशाली सामर्थ्य रखते हैं। यही वजह है कि इंसानों को छोड़कर किसी प्राणी, वस्तु, तत्व या मिश्रण के गुण-धर्म और उसके प्रभावों की शत-प्रतिशत सत्य एवं सटीक व्याख्या की जा सकती है। एक इंसान ही इस धरती पर ऐसा जीव है, जो पैदा होने से लेकर केवल समझदार होने तक अपनी आत्मस्थिति और मौलिकता में शुद्ध बुद्ध रहता है और इंसानी खाल एवं खोल में बना रहता है।

जरा सा समझदार हो जाने के बाद वह जीवन भर के लिए इंसानियत से मुक्त हो जाता है और कहीं भी कुछ भी करने-करवाने की स्थिति में आ जाता है। जैसे-जैसे वह संसार में आसक्त होने लगता है; वैसे-वैसे उसके भीतर का मनुष्यत्व पलायन करने लगता है, मौलिकता का क्षरण शुरु हो जाता है, मानवता के क्षरण के सारे रास्ते खुल जाते हैं और उसकी जगह उसके भीतर वह सब कुछ भरना शुरु हो जाात है, जिसे इंसानियत का धुर-विरोधी माना जाता है।

एक इंसान तभी तक इंसान बना रह सकता है, जब तक उसके भीतर इंसान होने का गुण धर्म सहेजने वाली मौलिकता है। यही कारण है कि पूरी दुनिया में इंसान की मनोवृत्ति के अनुरूप काफी श्रेणियां हो गई हैं। बहुत कम संख्या में लोग हैं, जो पूरी जिंदगी अपने मानवीय गुण-धर्म को बचाए रख पाते हैं। अधिकांश लोग देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप अपने स्वार्थ और अहंकार को तवज्जो देते हुए हर सांचे में ढल जाया करते हैं। बहुत सारे ऐसे हैं,जो अपने भीतर की इंसानियत को परे धकेलकर शैतानियत को अपना लेते हैं और जमाने भर के लिए मरते दम तक नासूर बने रहते हैं। इंसान के रूप में पैदा होना जितना सरल है, जीवन भर के लिए इंसानियत को सहेजकर रखना और मानवीय उसूलों पर चलना उतना ही दुष्कर है।

ईश्वरीय अनुकंपा और पूर्वजन्म के संस्कारों के साथ ही वंशानुगत चारित्रिक आनुवांशिक गुणों के होने पर ही इंसान अपने आप को इंसान के रूप में प्रकट कर सकता है अन्यथा बहुत सारे लोगों को हम रोजाना ऐसे देखते हैं, जो कि ऐसे सज-धजकर निकलते हैं ऐसी लच्छेदार और लुभावनी बातें करते हैं कि लगता है जैसे इनके मुकाबले कोई महान इंसान मिलना संभव ही नहीं है, लेकिन जब-जब इनके इंसानी गुण धर्म की खोज करते हैं तब हमें घोर निराशा हाथ लगती है।

आजकल जो जैसा दिखता-दिखाता है, वैसा होता नहीं है। अधिकांश लोग अंदर-बाहर में जमीन-आसमान के अंतर भरे होते हैं। यह स्थिति तथाकथित कुलीन लोगों का आभूषण हो गई है, जिसके सहारे वे दुनिया भर में अपने आप को श्रेष्ठतम और महान सिद्ध करते रहने के सारे यत्न करते रहते हैं। वे लोगों को भ्रमित करने के तमाम हथकंडों का सहारा लेते हुए बहुरूपियों और स्वांगियों तक को पीछे छोड़ देने के करिश्माई करतब दिखाते रहते हैं।

असल में देखा जाए तो पूरी दुनिया के इंसान को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है- सिद्धांतहीन और सिद्धांतवादी। केवल एक सिद्धांत है, जो इंसान को इंसान बनाए रखकर धरती के संचालन में मददगार होता है। सिद्धांतहीन मनुष्य मानवता के लिए अभिशाप है और जगत के लिए घातक भी, क्योंकि इनकी पूरी जिंदगी स्वार्थ को समर्पित होती है। स्वार्थ पूरे करने के लिए ये लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं, अपने कद को ऊंचा दिखाने के लिए किसी को भी गिरा सकते हैं और खुद को ऊंचा उठाने के लिए किसी भी सीमा तक गिर भी सकते हैं।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों का षड्यंत्र दुर्भाग्यपूर्ण

भारत कई वर्षो से आतताइयों से लोहा ले रहा है। विदेशी आतताइयों ने भारत को छिन्न-भिन्न करने के लिए सबसे पहले भारतीय संस्कृति पर हमला किया। अंग्रेजों ने जाते-जाते अलगाववाद के बीज बोए। भारत में और भारत के बाहर भारत के खिलाफ आज भी षड्यंत्र पूर्वक कार्य जोरों से चल रहा है। आईएसआई ने खालिस्तानियों को पनाहगाह बनाकर भारत में आतंकी साजिश रच रहे हैं। कनाडा के राष्ट्रपति ट्रूडो ने कनाडा में सिख फ़ॉर जस्टिन को आंतरिक और बाह्य समर्थन कर रहे है। कनाडा के संरक्षण मंत्री बिल ब्लेयर ने कहा कि भारत और कनाडा के संबंध महत्वपूर्ण हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत पर लगाए आरोप विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ आतंकी संगठनों का षड्यंत्र दुर्भाग्यपूर्ण

भारत एक हजार वर्ष से आतताइयों से लोहा ले रहा है।विदेशी आतताइयों ने भारत को छिन्न भिन्न करने के लिए सबसे पहले भारतीय संस्कृति पर हमला किया।अंग्रेजो ने जाते जाते अलगाववाद के बीज बोए।भारत में और भारत के बाहर भारत के खिलाफ आज भी षड्यंत्रपूर्वक कार्य जोरों से चल रहा है। आईएसआई ने खालिस्तानियों को पनाहगाह बनाकर भारत मे आतंकी साजिश रच रहे है। कनाडा के राष्ट्रपति ट्रुडो ने कनाडा में सिख फ़ॉर जस्टिन को आंतरिक और बाह्य समर्थन कर रहे हैं। कनाडा के संरक्षण मंत्री बिल ब्लेयर ने कहा कि भारत और कनाडा के संबंध महत्वपूर्ण है। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रुडो ने भारत पर लगाए आरोप बेबुनियाद और आघातजनक है। खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू कनाडा में रहकर भारत-विरोधी षड्यंत्र रच रहा है। गुरपतवंत सिंह की पंजाब में पूरी संपति सरकार ने जब्त कर ली है। इस घटना के बाद भी उसके तेवर ढीले नहीं हुए हैं। कनाडा में मन्दिरों पर हमला करने वाले आतंकी और ख़ालिस्तान के झण्डे लहराकर भारत को धमकी दे रहे हैं। वहीं ट्रूडो अपने राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हुए हैं। भारत से कनाडा को दुश्मनी महंगी पड़ेगी। भारत केवल दाल आयात करता है लेकिन भारत अरबों डॉलर के हीरे-जवाहरात और धातु कनाडा को निर्यात कर रहा है। 10 ट्रिलियन जितना व्यापार करने वाले भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचने वाले कनाडा को फिर से सोच समझकर निर्णय लेना चाहिए। आतंकवादियों पर कार्रवाई कर और कनाडा में पल रहे आतंकी संगठनों पर प्रतिबंध लगाकर दोस्ती आगे बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। आतंकी पन्नू इंडिया गेट पर ख़ालितस्तान झंडा लगाने की सोच रहा है। केरल में पीएफआई का बढ़ता वर्चस्व और सैनिक पर घातक हमला इस बात का संकेत है कि वे आज भी यह विचारधारा सक्रिय है। कनाडा अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में बैठकर भारत के विरुद्ध षड्यंत्र करने वाले आतंकी संगठनों की खैर नहीं। अरबों रुपए की पंजाब से फंडिंग ट्रांसफर करने की सूचना चौंकाने वाली बाबत है। कनाडा की संसद में नाजी सैनिक का सम्मान करना जले पर नमक छिड़कने जैसा है परंतु उसके बाद भूल का प्रायश्चित कर स्पीकर ने माफी मांग ली थी। भारत की मजबूत सैन्य ताकत और मजबूत सेना और सरकार के कारण इन संगठनों की नींद हराम हो गई है। अगर कमजोर सरकार आती है तो अकल्पनीय घटनाएं हमारे सामने आकार ले रही होतीं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# अब उत्तर मध्य से भाजपा किस पर चलेगी दांव.... अटकलों को दौर तेज

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में अब सिर्फ उत्तर मध्य क्षेत्र के लिये भाजपा उम्मीदवार की घोषणा शेष रह गई है। पार्टी किस नेता को यहां पर अपना चेहरा बनायेगी, इस पर अटकलों का दौर गर्म है। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि- पश्चिम से सांसद राकेश सिंह मैदान में उतरे हैं तो केंट में अशोक रोहाणी के नाम पर मुहर लगना शेष है, वहीं पूर्व से अंचल सोनकर को पार्टी ने अपनी पहली लिस्ट में ही प्रत्याशी बना दिया था। अब केवल उत्तर मध्य में भाजपा को अपना उम्मीदवार का ऐलान करना है।

इस सीट में जातिगत गणना की बात की जाये तो ब्राम्हण बहुल्य क्षेत्र है। दूसरे नंबर पर जैन समाज आता है। एक अनुमान के अनुसार करीब 60 हजार की संख्या में ब्राम्हण मतदाता हैं। वहीं 45 हजार के करीब मुस्लिम, जैन मतदाताओं की संख्या लगभग 35 हजार हैं। इसके अतरिक्त अग्रवाल, गहोई मतदाता तकरीबन 32 हजार, पिछड़ा वर्ग मतदाता समेत 30 हजार व अन्य मतदाता हैं।

ब्राम्हण वर्ग से आने वाले स्वर्गीय पंडित ओंकार प्रसाद तिवारी महाराज पार्टी का सबसे बड़ा चहरा रहे थे। महाराज के परिवार से अब बेटे पंडित आलोक ओंकार तिवारी सावर्जनिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाते हुये आलोक तिवारी तीन दशक से ज्यादा समय से पार्टी संगठन के माध्यम से लोगों के बीच रहते आये हैं। यद्यपि ब्राम्हण समाज के अलावा भी महाराज परिवार के जैन, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग समाज, सभी के साथ मधुर संबध रहे हैं। स्व.ओंकार महाराज के जमाने से इन वर्गों के बीच पार्टी की पकड़ रही है। जिसका प्रभाव समय-समय पर देखने को मिलता रहा है।

आलोक तिवारी संघ की शाखा में स्वयं सेवक के तौर पर एवं 1985 से विधानसभा चुनाव से लेकर लोकसभा, नगरीय निकाय,




## ब्राम्हण, जैन बाहुल्य क्षेत्र में जीतने वाले नेता पर दांव लगा सकती हैं पार्टी

पंचायत समेत अन्य चुनाव में महाराज जी के एवं पार्टी के साथ-साथ संगठन के आदेश को शिरोधार्य करते हुये अपनी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। पिता के द्वारा दिये गये दायित्वों को निष्पक्ष भाव से सभी जाति, धर्म का सम्मान करते हुये अपनी राजनीतिक संघर्ष की यात्रा को लगातार जारी रखे हुये हैं।

राजनीति के जानकारों का मानना है कि- मौजूदा समय में अभी पार्टी को केवल और केवल जीत दर्ज करने वाले नेता की जरूरत है। ऐसे में आलोक तिवारी पर दांव लगाना पार्टी के लिये सकारात्मक हो सकता है। अल्पसंख्यक वर्ग जहां पर भाजपा को मौजूदा समय में वोट मिलना असंभव रहता हैं वहां पर पहले से इन वर्गों के बीच अपनी पैठ रखने वाले आलोक तिवारी को टिकट मिलने पर समीकरण बदल सकते हैं और पार्टी की राह आसान होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। यहां से ब्राम्हण वर्ग से अन्य नामों की चर्चा है जिसमें धीरज पटेरिया, नवीन रिछारिया, और विशाल दत्त के नाम भी शामिल हैं। पटेरिया ने जहां निर्दलीय के रूप में पिछले चुनाव में अच्छा खास प्रदर्शन किया था जिससे पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था, वहीं रिछारिया पूर्व में एमआईसी के सदस्य रह चुके है। विशाल दत्त भी पार्टी में तेजी से अपनी जगह बनाने सक्रिय हैं। हालाकि अचानक से नया नाम भी आ जाये तो कोई आश्चर्य नहीं करना चाहये क्योंकि मौजूदा भाजपा में कुछ भी संभव है।

यहां यह भी विचारणीय हैं कि हाल फिलहाल की स्थिति में एक सीट तो ब्राम्हण वर्ग को मिल सकती है। क्योंकि शहर में एक सीट ब्राम्हण समाज को एकजुट रखने के लिये पार्टी यह दांव भी खेल सकती है। बहरहाल एक तरफ जहां भाजपा इस बार अपने कर्मठ कार्यकर्ताओं की दम पर सीट को फिर से पाने का जोर लगायेगी, वहीं कांग्रेस भी अपने मौजूदा विधायक विनय सक्सेना की पूरे साल रहने वाली सक्रियता एवं उनके द्वारा कराये गये विकास कार्यो के सहारे आम मतदाताओं का आशीर्वाद प्राप्त करने का प्रयास करेगी। अब देखने वाली बात होगी कि भाजपा किसे अपना प्रत्याशी बनाती है इस पर काफी कुछ निर्भर करेगा।



**जबलपुर, देशबन्धु।** मदर टेरेसा नगर के डी सेक्टर में बामेश्वर गणेश समिति के द्वारा आकर्षक गणेश पंडाल में मूर्ति विराजित की।

## जनसुनवाई में आये 160 आवेदन

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में आम नागरिकों से 160 आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा ने नागरिकों से उनकी कठिनाईयाँ जानी तथा उनसे प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई में आये आवेदनों में मुख्य रूप से अवैध बाउंड्री को तोड़ने , बंद नाली को चालू करने, पुल की मरम्मत कराये जाने, बारिश से मकान गिरने पर मुआवजा, पीएफ का पैसा दिलाने, बीपीएल कार्ड, अनुकंपा नियुक्ति, नक्शा बटांकन करने, पेंशन, पीएम आवास, वेतन भुगतान, अवैध कब्जा हटाने, भरण-पोषण, अनुग्रह सहायता, लड़ाई-झगड़ा व भूमि विवाद आदि से संबंधित आवेदन थे।

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल का आगमन



**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल का बुधवार 27 सितम्बर को जबलपुर आगमन होगा। श्री पटेल राष्ट्र पति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के साथ इंदौर से भारतीय वायुसेना के विमान द्वारा शाम 4 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आयेंगे। राज्यपाल यहां आईआईआईटीडीएम के सभागार में प्रदेश उच्च न्यायालय की एनेक्सीज बिल्डिंग के शिलान्योस समारोह में शामिल होंगे तथा शाम 5.50 बजे डुमना एयरपोर्ट से राष्ट्रपति को विदा करने के बाद शाम 6 बजे विमान द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे।

## प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं जबलपुर जिले के प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव बुधवार 27 सितंबर को गढ़ाकोटा से कार द्वारा दोपहर 3.30 बजे जबलपुर आयेंगे। श्री भार्गव शाम साढ़े चार बजे आईआईआईटीडीएम के आडिटोरियम में आयोजित प्रदेश उच्च न्यायालय के एनेक्सी भवन के शिलान्यास समारोह में तथा महानद्दा तालाब के पास आयोजित दमोह नाका-मदनमहल फ्लाईओवर के महानद्दा से एलआईसी तक निर्मित हिस्से के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री श्री भार्गव कार्यक्रम के समापन के तुरंत बाद कार द्वारा गढ़ाकोटा प्रस्थान करेंगे।

## केंद्रीय मंत्री कुलस्ते का आगमन



**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का बुधवार 27 सितंबर को सुबह 9.45 बजे नई दिल्ली से वायुयान द्वारा बजे जबलपुर आगमन होगा। श्री कुलस्ते सर्किट हाउस में कुछ देर रुकने के बाद सुबह 10.30 बजे कार द्वारा बीजाडांडी जिला मंडला प्रस्थान करेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री दोपहर 3.30 बजे मण्डला जिले के नारायणगंज से वापस जबलपुर आयेंगे और यहां डुमना विमानतल पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू का स्वागत करने के बाद शाम 5.45 बजे कार द्वारा मंडला जिले के निवास के लिये प्रस्थान करेंगे।




## जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की संगठन शक्ति से जीतेंगे पश्चिम विधानसभा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जनता के आशीर्वाद एवँ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की संगठन शक्ति के बल से हम पश्चिम विधानसभा के साथ जबलपुर की सभी सीटों पर विधानसभा का चुनाव जीतेंगे और मध्यप्रदेश में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार पुन: बनेगी यह बात सांसद राकेश सिंह ने भाजपा द्वारा पश्चिम विधानसभा का प्रत्याशी घोषित होने के बाद जबलपुर आगमन पर नर्मदा तट ग्वारीघाट में कही।

इस अवसर पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष रानू तिवारी, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, अंचल सोनकर, नीरज सिंह, जीएस ठाकुर, राममूर्ति मिश्रा, रिंकू विज, कमलेश अग्रवाल, पंकज दुबे, रजनीश यादव, राजेश दाहिया, शशिकांत शुक्ला, राजकुमार मेहता, राजीव बेंटिया, योगेंद्र सिंह, रूपा राव, कौशल सूरी, अतुल चौरसिया, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, राहुल खत्री, काके आनंद, लोचन साहू, शारदा कुशवाहा, मालती चौधरी, लक्ष्मी जय चक्रवर्ती, राहुल साहू, सुनील पूरी गोस्वामी, पूनम प्रसाद, मनीष दुबे, दीनानाथ पाठक, संजय नाहतकर, सुरेंद्र सैनी,आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मदनमहल - दमोहनाका फ्लाई ओवर के एक हिस्से का लोकार्पण आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर शहर में बढ़ते यातायात के दबाब को कम करने एवँ जबलपुर को महानगरीय स्वरूप में लाने हेतु सांसद राकेश सिंह के प्रयासों से स्वीकृत मप्र के सबसे बड़े फ्लाई ओवर जो मदनमहल से दमोहनाका तक बनाया जा रहा है इसके एक हिस्से महानदद‌ा से गुलाटी पेट्रोल पंप तक का निर्माण कार्य पूरा हो गया है उसका लोकार्पण आज बुधवार 27 सितम्बर को शाम 5 बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया जाएगा।

सांसद राकेश सिंह में बताया केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के जबलपुर प्रवास के दौरान जबलपुर में फ्लाई ओवर निर्माण हेतु आग्रह किया गया था।

जिस पर उन्होंने तत्काल स्वीकृति दी थी और जबलपुर में दमोहनाका से मदनमहल तक बनने वाले 8 किमी लंबे प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ और प्रसन्नता की बात है इसके एक हिस्से का निर्माण पूर्ण होने के बाद इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री के द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में 27 सितम्बर को शाम 5 बजे महानददा में किया जाएगा।

## छात्र को बेरहमी से पीटा, संचालक ने की अभिभावक से की अभद्रता

**जबलपुर, देशबन्धु।** विजय थाना क्षेत्र अंर्तगत जॉय सीनियर सेकेंडरी स्कूल एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया है। इस बार स्कूल में इंग्लिश पढ़ाने वाली शिक्षिका ने कक्षा दूसरी में पढ़ने वाले सात वर्षीय छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। जिसकी शिकायत लेकर छात्र के अभिभावक स्कूल पहुंचे, तो बच्चो की मां और दादी से स्कूल संचालक ने अभद्र व्यवहार किया। जिसके बाद बच्चो के परिजनों ने विजय थाना पहुंचकर स्कूल संचालक और दोषी शिक्षिका के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

घड़ी चौक निवासी दीक्षा दुबे ने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए बताया कि उनका सात वर्षीय पुत्र जॉय स्कूल में दूसरी कक्षा में का छात्र है, वह स्कूल से घर वापस आया तो उसके शरीर पर चोट के निशान मौजूद थे।


छात्र के साथ मारपीट किए जाने की शिकायत लेकर अभिभावक स्कूल पहुंचे तो उनके मोबाइल यह कहते हुए जमा कर लिए कि प्राचार्य कक्ष में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं। स्कूल संचालक मेनन ने बच्चे कि मां से कहा कि आपका बेटा अन्य बच्चों के साथ गाली गालौज कर रहा था, इसलिए उसे मारा है। बच्चे की मां ने संचालक से कहा कि वह एक संस्कारित परिवार से है, तो संचालक भड़क गया और अभद्रता करने के साथ धमकी देने लगा। जिसके बाद बच्चे की मां और दादी ने थाने पहुंचकर स्कूल संचालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## फ्लेवर फेस्ट में लर्निंग विथ अर्निंग का मज़ा



**जबलपुर, देशबन्धु।** शास. मोहनलाल हरगोविंददास गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय जबलपुर के आहार एवं पोषण विभाग में 26 सितम्बर को राष्ट्रीय पोषण माह के उपलक्ष्य में फ्लेवर फेस्ट का आयोजन प्राचार्य डॉ नंदिता सरकार के संरक्षण एवं विभागाध्यक्ष डॉ स्मिता पाठक के मार्गदर्शन में किया गया द्व जिसमे छात्राओं द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों के माध्यम से पोषण के महत्त्व के प्रति जागरूकता लायी गयी द्व साथ ही छात्राओं ने स्वरोजगार का भी अवसर प्राप्त किया द्व अर्थात् गतिविधि लर्निंग विथ अर्निंग के सिद्धांत पर आधारित रही द्व छात्राओं द्वारा ब्रेड ढोकला, पानी पूरी ,शीर कोरमा , पान चोकलेट,पंजाबी रायता,गुलाब जामुन, मंचूरियन, चाइनिस भेल, साबूदाना बरे जैसे लगभग 25 स्वादिष्ट और आकर्षक व्यंजनों के स्टाल्स लगाये और उनके पौषनिक महत्व को बढ़ाने के विषय में जानकारी भी दी। जंक फ़ूड अथवा स्ट्रीट फ़ूड को हेल्थी फ़ूड में भी बदला जा सकता है, इसकी झलक स्टाल्स के माध्यम से देखने को मिली, फेस्ट में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता की गयी, प्रतिभागी तथा आगंतुक दोनों ने ही फेस्ट का आनंद लिया। गतिविधि का सञ्चालन डॉ विश्वशांति पाराशर एवं अपूर्वा सोनी द्वारा किया गया, गतिविधि में विभाग से विभा श्रीपाल, सुश्री अंजू कैनवार, महिमा बैरागी, पूजा कोरी, श्रीमती रंजीत उइके , बसंत एवं मुकेश का सक्रिय सहयोग रहा।

## अंतरक्षेत्रीय विद्युत टेबल टेनिस प्रतियोगिता : एमडी अनय द्विवेदी ने भी जमकर लगाए शॉट



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर स्थित विद्युत मण्डल की हॉस्टल बिल्डिंग में खेली जा रही 45 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत टेबल टेनिस प्रतियोगिता प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर क्षेत्र ने चार मैच जीते।

इस दौरान प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी भी प्रतियोगिता स्थल पहुंचे और खिलाड़ियों के साथ टेबल टेनिस खेलकर उनकी हौसला अफजाई की। उन्होंने खुद भी टेबल टेनिस में जमकर शॉट लगाए।

इसके अलावा सेंट्रल ऑफिस ने तीन मैच एवं पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड इंदौर के इंदौर क्षेत्र एवं ताप विद्युत गृह चचाई ने एक-एक मैच जीते।

प्रतियोगिता के मैचों में क्षेत्र एवं केंद्रीय कार्यालय जबलपुर की टीमों का दबदबा रहा। मैच के दौरान अरविंद चौबे मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र ने उपस्थित रहकर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## रीवा-बीना के मध्य श्रमिकों की सहूलियत के लिए रेल प्रशासन ने चलाई अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन ने रीवा, सतना एवं कटनी रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 05604/05603 रीवा-बीना-रीवा के मध्य दोनों दिशाओं में 01-01 ट्रिप अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 27 सितम्बर को रीवा स्टेशन से 10.45 बजे प्रस्थान कर सतना, मैहर, अमदरा, कटनी, कटनी मुड़वारा, रीठी, सलैया, सागोनी, बांदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, मकरोनिया, सागर, नरियावली, जरुआखेड़ा, खुरई, मालखेड़ी से होकर 18.30 बजे बीना स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार 28 सितंबर को बीना स्टेशन से रात्रि 23: 30 बजे प्रस्थान कर मालखेड़ी, खुरई, जरुआखेड़ा, नरियावली, सागर, मकरोनिया, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, सलैया, रीठी, कटनी मुड़वारा, कटनी, अमदारा, मैहर, सतना से होते हुए 08.40 बजे रीवा पहुंचेगी।

इस अनारक्षित स्पेशल ट्रेन में 16 सामान्य श्रेणी एवं 2 एसएलआरडी सहित कुल 18 कोच होंगे। यात्रीगण कृपया रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाड़ी की जानकारी प्राप्त कर सकते है ।

## पमरे के तीनों मंडलों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**जबलपुर देशबन्धु।** स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत पूरे भारतीय रेलवे में 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं तीनों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधकों के निर्देशन में 26 सितम्बर को जबलपुर मंडल एवं कोटा मंडल में स्वच्छ ड्रेन दिवस और भोपाल मंडल में स्वच्छ नीर दिवस के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया गया।

**जबलपुर मण्डल** - मण्डल रेल प्रबंधक विवेक शील के मार्गदर्शन में स्वच्छ ड्रेन दिवस पर मण्डल के सभी स्टेशनों, रेलवे ट्रैक के किनारे, रेल परिसरों, रेलवे कालोनियों एवं अन्य स्थानों पर नालियों की गहन सफाई कर जल निकासी को सुगम बनाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जबलपुर में अपर लाइन रेलवे कॉलोनी, दमोह, ब्यौहारी, कटनी जंक्शन एवं मंडल के अन्य सभी स्टेशनों पर एवं कालोनियों सुगम जल निकासी के लिए नालियों की विशेष सफाई कराई गई।

**भोपाल मण्डल** - मण्डल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्वच्छ नीर दिवस पर मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित फिल्टर प्लांट, रिसाइकिलिंग प्लांट, प्लेटफॉर्मों पर यात्रियों को सप्लाई किये जा रहे पानी की गुणवत्ता के साथ साथ स्टेशन पर वाटर स्टेण्डों में पीने के पानी और नलों, रेलवे कालोनियों, अस्पताल में पानी की जांच की गई। इस अभियान के अंतर्गत हरदा, इटारसी, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, भोपाल, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, अशोकनगर, गुना, शिवपुरी आदि स्टेशनों पर अधिकारियों और पर्यवेक्षक कर्मचारियों द्वारा पीने के पानी की मानक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नलों, वाटर स्टैंडों की गहन जांच की गई।

कोटा मण्डल - मण्डल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी के मार्गदर्शन में स्वच्छ ड्रेन दिवस पर मण्डल के सभी स्टेशनों, रेलवे ट्रैक के किनारे, रेल परिसरों, रेलवे कालोनियों एवं अन्य स्थानों पर नालियों की गहन सफाई कर जल निकासी को सुगम बनाया गया।

## खेलो इंडिया : जबलपुर के खिलाड़ियो का दबदबा

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में आयोजित किये गये ''खेलो इंडिया यूथ गेम्स'' 2022 की तर्ज पर मुख्यमंत्री की घोषणा के पालन में ''खेलो एमपी यूथ गेम्स'' का आयोजन रानीताल खेल परिसर में संभागीय बाक्सिंग प्रतियोगिता में जबलपुर ने बालक और बालिका वर्ग में अपना दबदबा बनाया।

इस प्रतियोंगिता के मुख्य अतिथि दिग्विजय सिंह, सचिव औलंपिक संघ थे और सिंह ने कहा कि की बाक्सिंग खिलाडियों को उच्च स्तर तक लेकर जा रहे है और खिलाडियों को बाक्सिंग ट्रेनिंग की सुविधा को भी बढा रहे है। प्रतियोगिता में जुरी की भुमिका विरेन्द्र सिंह ठाकुर विक्रम अवार्डी और आफिशियल में अजय कुमार, अभय भाटी, नुपूर पांडे, विकास दुबे, जुगनु उस्मानी, सर्वेश ने बाक्सिंग कराने में सहयोग प्रदान किया।

परमजीत सिंह विक्रम अवार्डी ने कार्यक्रम में अभार व्यक्त किया। जबलपुर स्वर्ण पदक जितने वाले खिलाडी 48 किलो में उन्नती, 52 किलो मे



श्रेया भाटी, 54 किलो में कृपा ठाकु र, 57 किलों मे अन्नया, 60 किलो मे मनू विश्वकर्मा, 63 किलो मे सिमरन, 70 किलो स्तुती।

बालक वर्ग में स्वर्ण पदक जितने वाले खिलाडी- 48 किलो में सन्नी प्रजापति, 51 किलो मे सिद्धार्थ लोघी, 54 किलो में अतुल श्रीवास, 57 किलो मे अभय राजपूत, 60 किलो में विजय बर्मन, 63 किलो में कृष्णा सांरग, 67 किलो में सोनू प्रजापति, 71 किलो में अव्हान रजक, 80 किलो में श्रेष्ठ यादव ने जीता।

## वर्तिका का काव्यपटल लोकार्पित

**जबलपुर, देशबन्धु।** कविता श्रोता को जीवन मूल्यों के साथ सौंदर्यबोधक दृष्टि प्रदान करती है। यह मन को उत्साहित भी करती है और प्रेरणा भी देती है।

तदाशय के उद्गार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था वर्तिका द्वारा आयोजित का०?य पटल लोकार्पण एवं काव्य गोष्ठी में अतिथियों ने व्यक्त किये। समारोह में कवयित्री डॉ.अनामिका तिवारी एवं साहित्यकार राजेश पाठक प्रवीण की कविताओं के काव्यपटल का लोकार्पण केते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे थे। अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे ने की। सारस्वत अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार सुभाष शलभ, इंजी.सुरेन्द्र सिंह पवार, प्रभा खरे, डॉ. संध्या जैन श्रुति थीं। प्रांरभ में वर्तिका के संयोजक विजय नेमा अनुज ने काव्यपटल के महत्व पर



प्रकाश डाला। सरस्वती वंदना आरती पटेल ने प्रस्तुत की। अतिथि स्वागत सोहन सलिल, सिद्धेश्वरी सराफ, विनीता पैगवार ने किया। संचालन आशुतोष तिवारी एवं आभार संतोष नेमा संतोष ने किया।

द्वितीय सोपान में काव्य गोष्ठी हुई, जिसमें इंद्रबहादुर श्रीवास्तव, निर्मला तिवारी, विजय विश्वकर्मा, मनोज शुक्ल मनोज, सुशील श्रीवास्तव, कुंजीलाल चक्रवर्ती निर्झर, संध्या अग्रवाल, दिवाकर शर्मा, सलपनाथ मौजूद थे।

# मेरा शहर

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक




## एशियन गेम्स - रोइंग्स गेम में 23 ग्रेनेडियर्स के हवलदार भीम सिंह और लेखराम को मिले पदक, जवानों ने एशियन गेम्स में जीते मेडल्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** देश की हिफाजत करने वाले सैनिकों ने देश के लिए पदक जीते। मेडल मिलते वक्त जब ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर जबलपुर का नाम गूंजा तो देश में संस्कारधानी के नाम का डंका बजा। यह गौरव एशियन गेम्स में मंगलवार को ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर में प्रशिक्षित जवानों ने बढ़ाया। सेकंटर में हवलदार भीम सिंह और लेखराम ने देश के लिए तीन पदक जीते।

एशियाई खेलों में 23 ग्रेनेडियर्स के हवलदार भीम सिंह ने पुरुषों की कॉक्स्ड आठ रोइंग, 2000 मीटर और पुरुषों की कॉक्सलेस फोर रोइंग, 2000 मीटर में रजत और कांस्य पदक जीता। वहीं 23 ग्रेनेडियर्स के ग्रेनेडियर लेखराम ने पुरुषों की कॉक्सड टू रोइंग जोड़ी, 2000 मीटर में कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। सेंटर में प्रशिक्षकों द्वारा इन्हें इस स्तर पर लाने के लिए लगातार प्रैक्टिस करवाई गई।

ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर के ब्रिगेडियर ललित शर्मा ने बताया कि ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर का योगदान इन एथलीट्स के लिए उम्दा रहा है। सेंटर के कोच द्वारा प्रारंभिक प्रशिक्षण गौर नदी स्थत कोसमघाट रोविंग केन्द्र में दिया गया था। इसके बाद चयनित एथलीट्स ने एडवांस ट्रेनिंग आर्मी रोविंग नोड पुणे से पूरी की। दोनों की जवानों ने देश के साथ रेजिमेंट का नाम भी रोशन किया है।

## सिटी हेरिटेज और टूरिज्म को प्रमोट कर रहे यू-ट्यूबर्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रकृति की गोद में बसी संस्कारधानी ऐतिहासिक घरोहर और पर्यटन स्थलों से समृद्ध है। शहर में हर पर्यटन स्थल रोचक कहानी बयां करता है। इस रोचक कहानी को अब लोग वर्चुअली मोड पर जुटाना पसंद कर रहे हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में सबकुछ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक्सप्लोर हो रहा है। इंस्टा, फेसबुक और यू-ट्यूब पर रील्स बनाकर युवा जबलपुर टूरिज्म को देश-दुनिया में एक्सप्लोर कर रहे हैं। वर्ल्ड टूरिज्म डे भी हर साल ऐसे ही टूरिज्म सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।

**स्पॉट्स को निखारा जाए**-शहरवासियों का कहना है कि सिटी टूरिज्म पॉइंट्स को इनोवेशन के जरिए निखारा जाना चाहिए। दूसरे शहरों में वॉटर प्लेसेज में ज्यादातर टूरिज्म एक्टिविटी पर फोकस किया जाता है। शहर में वॉटर एक्टिविटी के लिए लोग सिर्फ भेड़ाघाट और बरगी जाते हैं। शहर के चुनिंदा तालाबों में इस तरह की स्पोर्ट्स एक्टिविटीज को शुरू किया जा सकता है, ताकि लोगों को पास में भी सुविधाएं मिल सकें।

**महिला गाइड की होगी तैनाती**- एमपी टूरिज्म द्वारा शहर के टूरिज्म प्लेसेज में महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए उन्हें गाइड की तरह प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में उन्हें जहां गाइड से इंटरेक्शन, टूरिज्म स्पॉट्स की विजिट करवाना, स्टेशन या हवाई अड्डे से टूरिस्ट को अटेंड करना और उन्हें विजिट करवाना तक का काम शामिल होगा।

### रील्स में इन्फॉर्मेशन

इंस्टाग्राम पर इन दिनों सिटी टूरिज्म पर ज्यादा रील्स बनाई जा रही है। इसका आउटपुट भी लोगों की वहां बढ़ने वाली विजिट में नजर आता है। रील्स में वे नए स्पॉट भी लोकेट हो रहे हैं, जो हिडन थे।

**- गौरव बाल्मीक**

### लोगों को गाइड

सिटी इन्फ्लूएंजर्स टूरिज्म को लेकर काफी अच्छा काम कर रहे हैं। वे लोगों तक अनदेखे स्पॉट भी पहुंचा रहे हैं। इससे प्रशासन भी ऐसे टूरिज्म स्पॉट्स का डवलपमेंट कर उन्हें संवार सकते हैं।

**- वैशाली स्वामी**

### ऐसे हो प्रयास

- शहर के तालाबों में लाइटिंग शो
- दूसरे शहरों की तर्ज पर वीकली लेजर शो
- पर्यटन क्षेत्र में क्यू आर कोडिंग
- सोशल विंडो पर विस्तार जानकारी हो



## स्टूडेंट्स ने सीखी माइक्रोवेव कुकिंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** माइक्रोवेव कुकिंग समय की मांग है। नॉन आइली फूड और स्टीम डिशेज के लिए लोग माइक्रोवेव कुकिंग पसंद कर रहे हैं। छात्राओं को ऐसी ही माइक्रोवेव कुकिंग की जानकारी होमसाइंस कॉलेज में आयोजित अल्पावधि शिविर में दी गई। प्रशिक्षण में छात्राओं को कुकिंग, बेकिंग और माइक्रोवेव कुकिंग की डिशेज बताई गई। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. आभा तिवारी, क्षेत्रीय समन्वयक उद्यमिता विकास केन्द्र अजय तिवारी, कनिका अग्रवाल, प्रभात कनौजिया मौजूद थे।

## किताबों में खोजा विवेकानंद का व्यक्तित्व



जबलपुर, देशबन्धु। स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श रहे हैं। उन्होंने 40 वर्ष की आयु में ही कई मिसालें कायम की हैं, जिनसे युवा हर कदम में मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। स्वामी विवेकानंद के विज्ञान और विचारों को युवाओं को पुस्तक प्रदर्शनी में खोजा। गवर्नमेंट साइंस कॉलेज महाकोशल विज्ञान परिषद् के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद पर व्याख्यान और पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई। मुख्य वक्ता रामकृष्ण मिशन से स्वामी स्वात्मानंद थे। प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया, डॉ. जे वाजपेयी, डॉ. सुनीता शर्मा, डॉ. चेतना राणा मौजूद थे।

## शिप मॉडलिंग में समझी बारीकियां

जबलपुर, देशबन्धु। ऑल इंडिया एनएससी कैम्प में हिस्सा लेने के लिए कैडेट्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। कैडेट्स को नेवी जॉइन करने के साथ शिप मॉडलिंग, सीमेनशिप जैसे विषयों का नॉलेज दिया जा रहा है। 2एमपी नेवल यूनिट के तत्वावधान में एकलव्य विद्यालय में दस दिवसीय एनसीसी 11 कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, रायपुर से कैडेट्स शामिल हुए हैं। कैम्प कमांडेंट ले. कमाण्डर मयंक पुरी, डिप्टी कैम्प कमांडेंट ले. कमाण्डर पी आयुषि, कैप्टन शिव शंकर सिंह मौजूद थे।

### संगीत संध्या

जबलपुर, देशबन्धु। अंतस संस्था के तत्वावधान में कभी भूला कभी याद किया थीम पर संगीत संध्या का आयोजन 7 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे रानी दुर्गावती कलावीथिका में किया जाएगा।

### ग्रेंड महारास

जबलपुर, देशबन्धु। एमओजे क्लब के तत्वावधान में 27 अक्टूबर को तिलवारा स्थित होटल में शाम 4 बजे से ग्रेंड महरास का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में एक्टर जैनिवर मिस्त्री बंसीवास मुख्य अतिथि होंगी।

## कविता यात्रा में होंगे शामिल



**जबलपुर, देशबन्धु।** कवि विवेक चतुर्वेदी को हिन्दी कविता के आयोजन कविता यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। भ्रमण, संवाद, मैत्री, संगोष्ठी और सम्मेलन पर आधारित यह तीन दिवसीय आयोजन उमरिया में 30 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक होगा। कविता यात्रा में विवेक के साथ देशभर के कवि सहभागिता करेंगे।

## निषाद, पशु और राक्षस से मित्रता कर राम समाज में कांतिकारी परिवर्तन लाए : मंदाकिनी दीदी





जबलपुर संस्कारधानी के पूर्व क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक भवन बाई का बगीचा में चल रही श्री रामकथामृत का रसपान करने हजारों की संख्या में रामानुरागी कथा रसिकों का भक्ति भाव देखते ही बनता है। प्रवचन स्थल के प्रांगण, सभागार के अतिरिक्त अन्य परिसर में श्रोतागण सुश्री मंदाकिनी जी के मधुर वचनों को सुनकर रसविभोर हो रहे हैं। श्रद्धा-भक्ति समर्पण की त्रिवेणी का संगम देखकर कथा मर्मज्ञ दीदी भी अभिभूत हैं। स्व. बाबू शिवलाल घनघोरिया की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीराम कथा के आरंभ से पूर्व संयोजक विधायक लखन घनघोरिया ने धर्मपत्नी कृष्णा घनघोरिया और पुत्र यश घनघोरिया के साथ व्यास पूजन कर कथा व्यास डॉ. मंदाकिनी जी का स्वागत कर आशीर्वाद ग्रहण किया।

श्री राम कथा का शुभारंभ भगवान श्री की भव्य झांकी का अनुपम शाब्दिक चित्रण करने और सद्गुरू से दिव्य आशीर्वाद याचना उपरांत प्रवचन प्रवाह में डॉ.मंदाकिनी दीदी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास कृत मानस रूपी कुंभ में पिरोया गया हैं। सनातन का जीवन अत्यंत गूढ है।

## श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में महाआरती, आशीर्वचन, भजन संध्या

जबलपुर, देशबन्धु। मंगलवार को श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर जबलपुर में श्री गणेश पर्व के आठवें दिवस पर सभी भक्तों ने? धार्मिक भाव से बड़े ही हर्ष एवं उल्लास से मनोकामना पूर्ण करने वाले श्री गणेश जी की प्रात: 9.00 बजे से पूजन, आरती, अभिषेक, माला अर्पण, वस्त्र अर्पण,अथर्वशीर्ष पाठ, सायं 4 बजे 6 बजे तक श्रीसुप्तेश्वर गणेश महिला मंडल द्वारा सुन्दरकाण्ड पाठ, महाआरती, सायं 7.15 बजे भगवान श्री गणेश जी की पूजन, महाआरती, स्तुति, में परम पूज्य स्वामी ज्ञानेश्वरी दीदी जी, श्रीमती हेमलता सिंगरौल, एड.ब्रह्मदत्त जी,क्षत्री महासभा महिला विंग की श्रीमती प्रेम सिंह,ठाकुर दिलीप सिंह जी, नगर के गणमान्य एवं भक्तों द्वारा भक्ति भाव से प्राणियों में सदभाव एवं जगत के कल्याण की कामना के साथ आरती सम्पन्न हुई। श्री सुप्तेश्वर गणेश जी के समस्त भक्तों ने महापर्व को हर्ष, आनंद, भक्ति भाव से समरसता के साथ सभी गणेश भक्तों ने उपस्थित होकर परम पूज्य स्वामी ज्ञानेश्वरी दीदी जी एवं परम पूज्य स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महराज की अमृत वाणी से आशीर्वचन,पी एस म्यूजीकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या में भारी संख्या में गणेश भक्त उपस्थित होकर प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी का महोत्सव मनाया, प्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था मुन्नी लखन मिश्रा द्वारा की गई, प्रसाद स्मिता विजय चौधरी, मोहिनी संतोष द्विवेदी के द्वारा सम्पन्न हुआ।

## मराठा पध्दाति से हो रही गणपति बप्पा की आराधना



**जबलपुर, देशबन्धु।** क्षत्रिय मराठा समाज जबलपुर के तत्वावधान में खंडोबा मंदिर दीक्षितपुरा में गणपति बप्पा की मराठा पध्दाति से प्रतिदिन षोडशोपचार पूजन अर्चन आरती की जा रही है।

सार्वजनिक क्षत्रिय मराठा समाज सामाजिक श्री गणेश उत्सव में सामाजिक जनों ने प्रवीण सालुंके,तरुण कुमार सोनोने, पार्षद प्रतिभा भापकर,

सुशील कुमार जाधव,शिवाजी राव ढवले,सुनील दत्त सोनोने, वी एम डुचे, विकास जाधव ,प्रदीप तिगाड़े, अनिल(राजा) बनकर, साधना, मधुसूदन वाघ, अनंत गवस जी ,विजय काकडे ,संतोष सोनोने ,उमेश व सरफरे , हाके परिवार ,अजय सोनोने,ध्रुव गायकवाड, विक्रांत डुचे,अनिल शिंदे, तरुण सालुंके , विनोद जाधव,विंध्येश भापकर ,विनायक कृष्ण राव दाभोलकर,सुरेश शेलके,भास्कर कृष्ण राव काकडे, भिवीजी राव मांडले सहयोग है।

## भगवान गणेश तर्पण प्रिय : ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में श्री गणेश नवरात्र के पावन पर्व पर भगवान श्री गणेश का लाजा (लाई) , दूर्वा, लड्डू और मोदक स सहस्त्रार्चन नित्य प्रति ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज श्री के सान्निध्य में किया जा रहा है। ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी ने बताया कि भगवान गणेश पंचदेव में एक है। भगवान गणेश का जितना भी तर्पण किया जाता है उतना फल की प्राप्ति होती है भगवान गणेश तर्पण प्रिय हैं भगवान श्री गणेश का अलग-अलग मंत्र द्वारा तर्पण किया जाता है पुत्र प्राप्ति के लिए, ज्ञान प्राप्ति के लिए और ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए। अपनी मनोकामना के लिए भगवान गणेश का तर्पण किया जाता है।



पूजन में उपस्थित आचार्य प्रकाश द्विवेदी,ऋषि सिरोठिया, दिव्या अवस्थी,नीता पटेल, नेहा तरुण कटहल, मोहित दीप्ति मिश्रा, मनीष पांडेय, आशीष चौकसे, मनोज सेन,अनुज तिवारी,राजूरानू गुप्ता आदि।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 27 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी, नक्षत्र-शतभिषा।**

### मेष

आपका आज का दिन सामाजिक प्रवृत्तियों और मित्रों के साथ दौड़-धूप में व्यतीत होगा। इसके पीछे धन खर्च भी होगा। फिर भी सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

### वृषभ

आज आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए आज का दिन शुभ है। उन्हें आय वृद्धि या पदोन्नति का समाचार मिलेगा।

### मिथुन

- प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा।

### कर्क

मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखें।

### सिंह

पति-पत्नी के बीच मामूली कारणों से विवाद उत्पन्न होने से मनमुटाव होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सांसारिक विषयों के बारे में उदासीन रहेंगे।

### कन्या

शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। घर में सुख- शांति का माहौल रहने से प्रसन्नता अनुभव होगा। आर्थिक लाभ और काम में सफलता मिलेगी।

क.

### तुला

आज आप कल्पना और सृजनशक्ति का उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति होगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात रोमांचक रहेगी।

### वृश्चिक

आज के दिन आप शारीरिक और मानसिक रूप से भय अनुभव करेंगे। किसी न किसी बात की चिंता आपको परेशान करेगी।

### धनु

गूढ़ रहस्यमय विद्याएं और आध्यात्मिकता का प्रभाव आप पर विशेष रहेगा। आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई- बहनों के साथ मेल- जोल रहेगा।

### मकर

संयमित वाणी आपको बहुत-सी मुसीबतों से बचा लेगी। सोच-विचार कर बोलें। परिजनों के साथ गलतफहमी पैदा होने से मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव होगा।

### कुंभ

शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता के साथ दिन ताजगीपूर्ण होगा। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायी रहेगा।

### मीन

आज आपके मन में एकाग्रता का अनुभव होगा। परिणाम स्वरूप मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। धार्मिक कामों के पीछे खर्च होगा।

मा.

## घमापुर रामलीला समिति के चुनाव सम्पन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** डा.शिवमणी मिश्रा अध्यक्ष कमलेश तिवारी महामंत्री श्री गिरिजाशंकर मंदिर रामलीला समिति घमापुर में आज वार्षिक सभा की बैठक रामलीला रंगमंच पर समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई, जिसमें 2023 की कार्यकारिणी का चयन समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सहमति से डा. शिवमणी मिश्रा को अध्यक्ष एवं पं. कमलेश तिवारी को महामंत्री एवं विष्णु दीक्षित को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया इस अवसर पर रामलीला के एड.बलराज सोनकर, एड.श्याम चन्द्र तिवारी, एड.सरमन राजपूत, एड.बी.के.श्रीवास्तव, एड.शिवकुमार रघुवंशी, राजेन्द्र सोनकर, संदीप सोनकर, संरक्षक डा.ए.सी.सोनकर, जगदीश यादव,राजेश सेन एवं समस्त धर्मावलंबी क्षेत्रीय बंधुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।

## ईद मिलादुन्नबी : होंगे विविध आयोजन

जबलपुर, देशबन्धु। मुफ्ती ए आज़म मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना मुहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी ने एक बयान मे कहा है कि ईद मिलादुन्नबी पैगंबर ए इस्लाम हज़रत मुहम्मद रसूलल्लाह सल्लल्लाहो अलेह वसल्लम के यौमे विलादत का जश्न है। इस मुबारक मौके पर अक़ीदत व मुहब्बत का इजहार करना चाहिए। ईद मिलादुन्नबी पर मस्जिदों व मकानों मे चिरागां व रोशनी करे। जुलूसे मुहम्मदी मे सरों पर टोपियां लगाकर शरीक हो और दरुद व सलाम पेश करते चले। जुलूस मे अमन शांति कायम रखे। जुलूस मे खास तौर पर आतिशबाजी बिल्कुल न करे। जुलूस मे वक़्त का ख्याल रखे ताकि समय पर जुलूस निकल सके और समापन हो सके। मुफ्ती ए आज़म ने जिला प्रशासन से जुलूस मे शांति व्यवस्था हेतु माकूल इंतेजाम करने की अपील की है।

**जुलूस कल** - पैगंबर ए इस्लाम हज़रत मुहम्मद (सल्ल.) का यौमे विलादत जश्ने ईद मिलादुन्नबी जुमेरात को मुस्लिम धर्मालंबियो द्वारा अक़ीदत के साथ मनाया जाएगा। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बज्म गुलशने मदीना के सयोजन मे सुबह 9 बजे नये मुहल्ले से अजीममुश्शान जुलूसे मुहम्मदी जुलूस निकलेगा। मुफ्ती ए आज़म मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना मुहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी व नायबे मुफ्ती ए आज़म मौलाना मुहम्मद मुशाहिद रजा कादरी जुलूस की कयादत करेंगे।

**मोतीनाला मे जुलूस**- जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर सुलेमानी मस्जिद मोतीनाला से सुबह 9 बजे जुलूस निकलेगा। सदर मे सुबह 9 बजे जुलूस सदर जामा मस्जिद से निकलेगा जो गश्त उपरांत सदर जामा मस्जिद मे समापन होगा। उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा मे भी मुजावर मुहल्ला, काजी मुहल्ला, बेदरा मुहल्ला, तकिया मुहल्ला के सयुंक्त तत्वधान मे जुलूसे मुहम्मदी निकलेगा।

## कृषि अधिकारियों ने किया कोदो कुटकी फसल का अवलोकन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के विकासखंड पाटन के ग्राम मुर्रई, दोनी, ककरेहटा, मादा, थाना एवं कोनिकला में ली जा रही कोदो, कुटकी और रागी जैसे मोटे अनाजों की फसल का अवलोकन परियोजना संचालक आत्मा डॉ एस के निगम ने मंगलवार को किया। मिलेट मिशन के तहत इन गांवों के कई किसानों के खेतों में कोदो, कुटकी और रागी का फील्ड प्रदर्शन किया गया है।



फसल प्रदर्शन क्षेत्र के अवलोकन के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन श्रीमति डॉ इंदिरा त्रिपाठी, एसएमएस पी के श्रीवास्तव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जे पी त्रिपाठी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कलसी वरकड़े, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक हरीश बर्वे भी मौजूद रहे। परियोजना संचालक आत्मा डॉ निगम एवं कृषि विभाग के इन अधिकारियों ने रागी की खेती कर रहे कृषक हिमांशु चंदेल, रेज़्ड बेड फरो विधि से अरहर की खेती कर रहे कृषक नरेश चौरसिया एवं वीरेंद्र सिंह के प्रदर्शन फील्ड का भ्रमण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान किसानों के यहां प्राकृतिक खेती के घटकों एवं क्लस्टर प्रदर्शन का अवलोकन भी कृषि अधिकारियों ने किया। ग्राम मादा में प्राकृतिक खेती कर रहे किसान खिलावन यादव, कैलाश यादव, सोमनाथ मांझी के साथ अन्य किसान की उपस्थिति में डॉ निगम द्वारा किसानों को गौमूत्र इकट्ठा करने के लिए गौशाला में नाली निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित कियाद्ध ग्राम ककरेहटा के कृषक जसवंत सिंह ने बताया उनके द्वारा पूरी खेती प्राकृतिक पद्धति से की जा रही है। साथ ही अन्य कृषकों को भी प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

परमानंद झा- बंदरिया तिराहा रामपुर निवासी परमानंद झा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

नरेंद्र कुमार रोहरा- नेपियर टाउन निवासी नरेंद्र कुमार रोहरा (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

लालमुनी देवी उपाध्याय- बिलहरी मंडला रोड निवासी बब्बन उपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती लालमुनी देवी उपाध्याय का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

मुन्नी लाल चौधरी- वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा निवासी मुन्नी लाल चौधरी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

राजेश समद- दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री राजेश समद (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

पूरन सिंह ठाकुर- रामनगर अधारताल निवासी पूरन सिंह ठाकुर (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

महेंद्र चौधरी- धोबीघाट वाटर वर्क्स कजरवारा रोड निवासी महेंद्र चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

राहुल कश्यप- बढ़ई मोहल्ला फूटाताल निवासी शिव प्रसाद कश्यप के पुत्र राहुल कश्यप (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

देवेंद्र कुमार जैन- नेपियर टाउन निवासी देवेंद्र कुमार जैन (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

रामदास चौधरी- रविदास नगर सिद्धबाबा रोड निवासी रामदास चौधरी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

राधा देवी पिल्ले- कैलाशधाम अपार्टमेंट मानेगांव रांझी निवासी सुरेंद्र पिल्ले की धर्मपत्नी श्रीमती राधा देवी पिल्ले का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

महेश कुमार रैकवार- न्यू रामनगर अधारताल निवासी महेश कुमार रैकवार (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

जीजी बाई राय- अवधपुरी कॉलोनी ग्वारीघाट निवासी श्रीमती जीजी बाई राय (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

मनोज चौधरी- गली नं. 3, पोलीपाथर निवासी मनोज चौधरी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

अजय श्रीवास्तव- सहकार नगर रामपुर निवासी अजय श्रीवास्तव (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# पारधी गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार, चोरी के लाखों के जेवर बरामद

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में डेरा डालकर चोरी करने वाले पारधी गिरोह के पांच सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गिरोह के सदस्यों से आधा दर्जन से ज्यादा चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ है। इनके कब्जे से चोरी के पांच लाख रुपए से ज्यादा के सोने, चांदी के जेवर बरामद किए गए है। इस आशय की जानकारी एसपी टीके विद्यार्थी ने कंट्रोल रुम में आयोजित पत्रवार्ता में दी है। एसपी श्री विद्यार्थी ने आगे बताया कि रानीताल कटाव इंद्राना रोड मझौली में पारधी गिरोह के पांच सदस्य डेरा डालकर लम्बे समय से रह रहे थे। जो बड़ी संख्या में मोबाइल फोन बेचने के लिए लोगों से चर्चा कर रहे हैं। जिसपर मझौली थाना व क्राइम ब्रांच की टीम ने रानीताल कटाव में पारधियों के डेरे पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही गिरोह के सदस्यों ने भागने की कोशिश की लेकिन सभी को घेराबंदी



कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 11 एन्ड्राइड व एक कीपैड मोबाइल फोन मिला। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर सोने की एक जोड़ी चूड़ी, एक मनचली, दो जोड़ी झुमकी, 4 अंगूठी, चांदी के तीन करधन, एक जोड़ी चूड़ी, 7 जोड़ी पायल, 6 जोड़ी बिछिया, 2 हाथ मेंहदी, दस हजार रुपए नगद बरामद कि ए गए।

### -मुख्य बिन्दु-

–मझौली व मझगवां क्षेत्र में हुई आधा दर्जन से अधिक नकबजनियों का खुलासा।
–चोरी किए 5 लाख रुपए के सोने, चांदी के जेवर व 12 मोबाइल फोन बरामद।

### -पकड़े के आरोपी-

–ओकीन पिता बीरू बहेरिया पारधी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम खांड मझौली, मूल निवासी ग्राम सगौनी जिला दमोह
–वीरू पिता जेरसिंह पारधी उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम खांड मझौली, मूल निवासी ग्राम सगौनी जिला दमोह
–तीज पिता संतोष बहेरिया पारधी उम्र 19 वर्ष
–सचिन पिता निराफल बहेरिया पारधी उम्र 18 वर्ष सभी निवासी ग्राम खांड मझौली मूल निवासी ग्राम सगौनी जिला दमोह

### इन घरों में की चोरी की वारदात

मझौली–6 फरवरी 2023 को सुमनलता सेन निवासी ग्राम सकरपीला के सूने घर का ताला तोड़कर चोरी।
31 मार्च 2023 को कपिल बर्मन निवासी खितौला पडवार के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी।
11 अगस्त 2023 को सौरभ सेन निवासी ग्राम पोला मझोली के घर की दरवाजे का कुंदा तोड़कर सोने, चांदी के जेवर एवं मोबाईल चोरी।
20 अगस्त 2023 को सेवा राम दाहिया निवासी ग्राम गठौरा के घर तोड़कर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रुपए चोरी।
1 सितम्बर 2023 देवसिंह ठाकुर निवासी खिरवा हरदुआ के घर से सोने, चांदी के जेवर एवं मोबाईल चोरी. चुरा ले गया है. रिपोर्ट पर थाना मझोली अपराध क्रमांक 416ध्23 धारा 457ए 380 भाण्दण्वि कर विवेचना में लिय गया।
मझगवां–16 अगस्त 2023 को सुखई सिंह गौड के घर की दीवार में सेंध लगाकर सोने, चांदी के जेवर चोरी।
18 अगस्त 2023 बहोरी सिंह गौड के घर से सोने, चांदी के जेवर चोरी।



## श्री अन्न संवर्धित खाद्य उत्पादों का प्रसंस्करण विषय पर 3 दिवसीय मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण का आयोजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स 2023 के अंतर्गत, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त मिलेट्स प्रोसेंसिंग एण्ड प्रोडक्ट डेवलपमेंट, केन्द्र की राष्ट्रीय कृषि विकास योजनना अंतर्गत कृषि विकास के अधिकारियों के लिये श्री अन्न संवर्धित खाद्य उत्पादों का प्रसंस्करण विषय पर 3 दिवसीय मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण का आयोजन अधिष्ठता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. पी.बी. शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्यअतिथि अधिष्ठता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. पी. बी. शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि आज श्री अन्न हर व्यक्ति की थाली में पहुंचना ही इस तरह प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों का मुख्य उद्येश्य होना चाहिये। खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस. शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन एवं तीन दिवसीय प्रशिक्षण के महत्व एवं इसकी उपयोगिता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में डिण्डोरी, मण्डला, नरसिंहपुर छिंदवाड़ा, बालाघाट जबलपुर से मास्टर ट्रेनर उपस्थित हुये ।

कार्यक्रम में संयुक्त संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, जबलपुर के. एस. नेताम एवं परियोजना संचालक आत्मा डॉ. एस. के. निगम सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना पांडे, वरिष्ट वैज्ञानिक एवं आभार प्रदर्शन डॉ. राजेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा किया गया।

## महिला को प्रताड़ित करने वाले ससुराल पक्ष के लोगों पर मामला दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थाना अंतर्गत उदय नगर निवासी एक महिला ने अपने ही ससुराल पक्ष के खिलाफ प्रताड़ना का मामला दर्ज करा दिया है। जानकारी के अनुसार रांझी थाना में मंगलवार दोपहर लगभग 3–15 बजे अंकिता उर्फ चेतना झारिया उम्र 31 साल निवासी उदय नगर ने लिखित शिकायत की, कि उसका विवाह जितेन्द्र झारिया निवासी वार्ड नम्बर 14 खितौला बाजार सिहोरा जबलपुर के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुआ था। 7 जून 2021 को वह दूसरी बार ससुराल गई।



विवाह के बाद पति पैसों की मांग करता था और पति जितेन्द्र झारिया, सास लक्ष्मी झारिया, दादी सास विमला, ससुर राजेन्द्र झारिया, दादा ससुर शिवप्रसाद झारिया, जेठ धर्मेन्द्र झारिया सभी उसके साथ मारपीट कर दहेज के लिये प्रताड़ित करते थे, उसे मायके यह कह कर भेज देते थे कि पैसा लेकर आना उसका पति 13 सितंबर 23 को मायके उदय नगर आकर उसके बाल पकड़कर थप्पड मारा और बोला अपने पिता से दो लाख रुपये मांग कर दो। तब तुम्हें अपने साथ में रखूंगा। पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपियों के दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## शराब-गांजा की तस्करी करते महिला व युवक पकड़े गये

### आरोपियों से 350 पाव देशी शराब व 210 ग्राम गांजा बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में अपराधिक गतिविधियों में महिलाओं का प्रवेश बड़े ही शर्म की बात हो गई। बीते दिनों पुलिस ने गोहलपुर में महिला तस्कर को पकड़ा था जिससे गांजा बरामद किया गया था। इसी क्रम में हनुमानताल थाना अंतर्गत कुम्हार मोहल्ला तलैया में रहने वाली एक महिला के घर से पुलिस ने बड़ी मात्रा में देशी शराब के पाव बरामद किये हैं। जिससे यह साफ तौर पर कहा जा सकता है कि मादक पदार्थो की तस्करी व बिक्री में अब महिलाएं भी शामिल हो गई हैं। इस संबंध में हनुमानताल थाना प्रभारी एम.डी. नागौतिया ने बताया कि बीती रात सूचना मिली कि कुम्हार मोहल्ला तलैया के पास रहने वाली लक्ष्मी चक्रवती भारी मात्रा शराब बेचने के लिये रखी है। जिसपर पुलिस ने तत्काल सूचना पर कुम्हार मोहल्ला तलैया में छापा मार दिया। जहां एक महिला घर के सामने बने आंगन में पुलिस को देखकर भागने लगी। जिसे पकड़ा गया। पूछताछ में जिसने अपना नाम लक्ष्मी चक्रवर्ती उम्र 42 वर्ष निवासी कुम्हार मोहल्ला तलैया के पास मरहीमाता बतायी। जिसकी तलाशी ली गई तो वह 7 कार्टून में 350 पाव



देशी शराब रखे मिली। जिसे जप्त करते हुये आरोपिया के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

**गांजा बेचते युवक को पुलिस ने पकड़ा–** इसी कड़ी में घमापुर थाना क्षेत्र के चांदमारी तलैया के पास गश्त के दौरान पुलिस ने एक गांजा बेचते युवक को पकड़ा है। जिससे गांजा बरामद किया गया है। इस संबंध में घमापुर थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि बीती रात पेट्रोलिंग के दौरान भूतनाथ मंदिर के सामने चांदमारी तलैया के



पास एक युवक अपने कंधे में थैला लिए शोभापुर ब्रिज की ओर जाते दिखा, जो पुलिस को देखकर घबराकर तेज चलने लगा। जिसे संदेह होने पर रोका गया और पूछताछ की गई। जिसने अपना नाम वीरेंद्र पटेल उम्र 35 वर्ष निवासी चांदमारी तलैया चौबे किराना के आगे बताया। जिसकी तलाशी लेने पर वह थैले के अंदर गांजा रखे मिला। जो तौल करने पर 210 ग्राम होना पाया गया। जिसे जप्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर गांजा जप्त कर लिया गया है।

## जमीन बचाओ मंदिर बचाओ आंदोलन की जागरूक पदयात्रा छठा दिन भी जारी यात्रा उमरिया चौबे से आरंभ हुई

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के विरोध में चलाए जा रहे हैं जमीन बचाओ मंदिर बचाओ आंदोलन के लिए जन जागरण पदयात्रा अभियान का आज छटवा दिन था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल के महासचिव डॉ सत्येंद्र यादव जीके नेतृत्व में पनागर उमरिया चौबे से पूजन अर्चन करने के पश्चात छठे दिन का जन जागरण पदयात्रा आरंभ हुआ जो ग्राम मनेरी में पहुंचकर आज के दोपहर का लंच कार्यक्रम किया गया भोजन के उपरांत ग्राम बरोदा मैं जनसंपर्क किया गया आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता रूपेंद्र पटेल का जन्मदिन भी था उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने माला पहनकर उनका सम्मान किया जन्मदिन का केक कटवाया एवं मिष्ठान भी वितरण किया गया उसके पश्चात यात्रा काला डूमरगांव पहुंचकर जनसंपर्क किया गया तथा गांव में ही बैठक किया गया और वहीं पर आज की यात्रा को समाप्त



किया गया कल सातवें दिन की यात्रा काला डूमर से ही प्रात: 9◌़00 बजे पूजन अर्चन करने के पश्चात आरंभ होगी

आज की जमीन बचाओ मंदिर बचाओ आंदोलन जन जागरण पदयात्रा में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के महासचिव डॉ सत्येंद्र यादव वरिष्ठ कांग्रेस नेता रूपेंद्र पटेल जितेंद्र यादव रमेश पटेल वीरेंद्र पटेल रवि यादव पहलाद पटेल गुड्डू पटेल मुकेश पटेल मुकेश ठेकेदार योगेंद्र पटेल धर्मेंद्र पटेल ब्रह्मानंद खालू ठाकुर गुड्डा ठाकुर राकेश नामदेव संजय सोनी विकास रजक राजकुमार प्रधान महेश पटेल विश्राम सिंह ठाकुर लक्ष्मी पटेल प्रकाश पटेल चंदू पटेल मालगुजार विनय यादव राजेश यादव विनोद पटेल रोहतास पटेल जमुना पटेल रामसेवक पटेल चैन सिंह यादव गया प्रसाद यादव रामनाथ यादव मूलचंद यादव गोविंद पटेल रीना यादव रीना यादव रीना सिंह रीता यादव रेखा राठौड़ लीला चौधरी सहित अनेक महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

## जहरीला भोजन मामले में कमिनर को ज्ञापन सौंपकर की कार्यवाही मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि रामपुर जबलपुर के एकलव्य बालक/बालिका छात्रावास में आदिवासी समाज के गरीब बच्चों को जहरीले भोजन परोसने के मामले में लीपापोती करते हुए प्राचार्य सहित छात्रावास अधीक्षकों पर निलंबन की कार्यवाही की गई है।

वहीं मामले में जे.सी. सर्वटे, संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जो एकलव्य विद्यालयों के नोडल अधिकारी भी हैं, पर कोई कार्यवाही न किया जाना समझ से परे है। वहीं सैकड़ों छात्रों का जहरीले भोजन करने से एक साथ अस्पताल में भर्ती होने के बाद भी



उपायुक्त द्वारा उनका हाल चाल जानने अस्पताल नहीं पहुंचना, आदिवासी छात्रों के प्रति उनकी संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है। संघ के योगेन्द्र दुबे, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, मंसूर बेग, ब्रजेश मिश्रा, वीरेन्द्र चंदेल, एस.पी. वाथरे, शैलेन्द्र दुबे, शेखर मिश्रा, श्यामलाल शर्मा, महेश कोरी, अभय उपाध्याय, नमन उपाध्याय, मोहम्मद तारिख, धीरेन्द्र सोनी, श्यामनारायण तिवारी आदि ने आज कार्यालय कमिश्नर जबलपुर संभाग जबलपुर में ज्ञापन सौंपकर से मांग की है कि जहरीले परोसने वाले जिम्मेदार अधिकारी जेपी सर्वटे, संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जबलपुर के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कराते हुए उनके निलंबन की कार्यवाही की जाये।

## केएल जाटव अध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** जनरल इंश्योरेंस पेन्शनर्स एसोसिएशन, (अखिल भारतीय) जबलपुर की 25 सितम्बर को आमसभा में सर्वसम्मति से केएल जाटव एडवोकेट, को अध्यक्ष चुना गया। न्यू इंडिया इंश्योरेंस, ओरिण्टल इंश्योरेंस, नेशनल इंश्योरेंस, यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भाग लिया।



## अभियंता संघ ने मुख्यालय स्तर पर किया धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल अभियंता संघ ने आंदोलन के द्वितीय चरण मे वर्क टू रूल के तहत कार्य करने के बाद शाम 6 बजे मुख्यालय स्तर में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एवं धरना प्रदर्शन किया. तृतीय चरण मे 27 सितंबर को सभी विद्युत कर्मी एक दिवसीय संपूर्ण कार्य बहिष्कार करेगे. जबलपुर में प्रदर्शन व ज्ञापन के दौरान शक्ति भवन गेट पर जमकर नारेबाजी की गई।

अभियंता संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि इसके बाद भी अगर मांगों का निराकरण नही होता है तो मध्य प्रदेश की सभी 6 विद्युत कंपनियों के समस्त विद्युत कार्मिक 4 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करेंगे. अभियन्ता संघ की प्रमुख सात मांगे है जिसमें ऊर्जा विभाग की उत्तरवर्ती कंपनियो में निजीकरण न किया जाए. सातवें वेतनमान कि संरचना में विद्युत कंपनियों द्वारा परीलिक्षित ओ3 स्टार कॉलम को तत्काल विलोपित कर पे बैंड 4 का वेतनमान समान रूप से प्रदान किया जाए. राज्य विधुत मण्डल के कर्मियों की पेंशन ट्रेजरी से दिया जाए एवं 2006 के उपरांत नियुक्त किए गए कार्मिकों को ओल्ड पेंशन प्रदान की जाए. संविदा कर्मियों की सेवा शर्ते सुरक्षित की जाए. आउट सोर्स कर्मियों की सेवा सुरक्षित कर दुर्घटना बीमा 20 लाख तक प्रदान किया जाए. कर्मचारियों की सभी वेतन विसंगति दूर की जाए. संगठनात्मक संरचना ओएस का जल्द से जल्द निर्धारण किया जाए. सात सूत्रीय मांगों को लेकर मध्य प्रदेश के सभी कंपनी मुख्यालय जबलपुर, भोपाल, इंदौर एवं सभी जिलों मे प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा. इस अवसर पर विद्युत क्षेत्र के सभी संगठन उपस्थित हुए. इस प्रदर्शन ज्ञापन की व्यापकता का अंदाज शक्ति भवन गेट पर उपस्थित हजारों की संख्या में आक्रोशित विद्युत कर्मियों की उपस्थिति से लगाया जा सकता है इसमें भारी संख्या में महिला कर्मियों द्वारा बढ–चढकर भागीदारी रही।

# सड़क हुई गड्ढों में तब्दील, रोजाना हो रहे हादसे

## हाईकोर्ट ने दिये क्षेत्रीय विधायक को पक्षकार बनाने के दिये निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** कटनी जबलपुर नेशनल हाईवे स्थित कॉलोनी की सड़क गड्ढो में तब्दील हो जाने व मूलभूत सुविधाए न होने को हाईकोर्ट में जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया कि खराब सड़क के कारण रोजाना दुर्घटनाएं घटित होती है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए क्षेत्रीय विधायक को पक्षकार बनाने के निर्देश दिये है।

यह जनहित याचिका पंकज कुमार राय की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि कटनी जिले में जबलपुर रोड में डन कॉलोनी स्थित है। कॉलोनी की सड़क गड्ढो में तब्दील हो गयी है और उसमें बारिस का पानी भरा हुआ है। जर्जर सड़क के कारण रोजाना हादसे घटित होते रहते है। जिसके कारण कई व्यक्ति घायल हो गये है। इतना ही नहीं कालोनी में न तो बिजली की व्यवस्था है और न ही अन्य मूलभूत सुविधाएं। जिसके लिये संबंधित अधिकारी व जन प्रतिनिधियों को अभ्यावेदन दिया गया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। आवेदक की ओर से कहा गया कि सड़क की मरम्मत न होने के कारण कभी भी कोई गंभीर हादसा घटित हो सकता है। कॉलोनी वासियों को अपनी जान जोखिम में डालकर आवागमन के लिए जर्जर सड़क का प्रयोग करना पड़ रहा है। याचिका की सुनवाई करते हुए युगलपीठ ने उक्त आदेष




जारी किये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मुकेश कुमार अग्रवाल व उत्कर्ष अग्रवाल पैरवी कर रहे है।

## रिश्वखोर दो कर्मियों को चार-चार साल की सजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** लोकायुक्त की विशेष अदालत ने मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट के लिये ढाई हजार रुपये की रिश्वत लेने वाले जिला अस्पताल के दो कर्मियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने शिवपूजन व मोहित सोनी को चार–चार साल की सजा व चार–चार हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अदालत के ससक्ष लोकायुक्त की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रशांत शुक्ला ने पक्ष रखा। जिन्होनें अदालत को बताया कि माढ़ोताल निवासी गोविंद पटेल के दादा के नाम पर बंदूक का लाइसेंस था। जिनकी मौत के बाद गोविंद लाइसेंस अपने नाम कराना चाहता था। जिसके लिए उसे मेडिकल फिटनेस सार्टिफिकेट की आवश्यता थी। जिला विक्टोरिया अस्पताल में पदस्थ भृत्य शिवपूजन तथा आउट सोर्स कर्मचारी मोहित सोनी ने उससे ढाई हजार रूपये रिश्वत मांगी। जिसकी शिकायत फरियादी ने जबलपुर लोकायुक्त पुलिस में की। लोकायुक्त ट्रैप दल ने 28 अगस्त 2017 को दोनों आरोपियों को ढाई हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपियों को उक्त सजा से दंडित किया।

## शराब ठेकेदार को झटका, याचिका खारिज

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट से सिवनी के एक शराब ठेकेदार को झटका लगा है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने ठेकेदार वह याचिका निरस्त कर दी, जिसमें कलेक्टर के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें चर्च के समीप स्थित शराब दुकान हटाने के कहा गया था। शराब ठेकेदार मेसर्स आनंद सिंह बघेल व उनके पार्टनर राजेश साहू की ओर से यह याचिका दायर की गई थी।

जिसमें कहा गया था कि चर्च से शराब दुकान की दूरी 117 मीटर है। इतना ही नहीं जिस चर्च की बात की जा रही है वह नियमानुसार धार्मिक संस्थान की श्रेणी में नहीं आता, क्योंकि उसका पंजीयन नहीं है। मामले में हस्तक्षेपकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने पक्ष रखते हुए तर्क दिया नियमानुसार धार्मिक स्थल से 100 मीटर की दूरी जरूरी है। याचिकाकर्ता ने दूरी का मुद्दा और धार्मिक स्थल के पंजीयन का मुद्दा कलेक्टर के समक्ष नहीं उठाया था। वहीं शासन की ओर से रिपोर्ट पेश कर बताया गया कि चर्च से शराब दुकान की दूरी 48 मीटर है। न्यायालय को बताया गया कि तहसीलदार, एसएचओं, एसडीओ व पीडब्ल्यूडी और आबकारी विभाग के अधिकारियों ने पंचनामा बनाकर रिपोर्ट पेश की है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने शराब ठेकेदार की याचिका निरस्त कर दी।

## खेत मे लगी रागी की फसल का संयुक्त संचालक कृषि ने किया निरीक्षण

### मेजर मिलेट की बतायी उपयोगिता



**गोसलपुर,देशबन्धु।** तहसील अंतर्गतमध्य प्रदेश शासन के कृषि एवं किसान कल्याण विकास विभाग द्वारा खरीफ के सीजन में किसानों को श्री अन्न यानी मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए के सिहोरा तहसील के अंतर्गत आने वाले लगभग डेढ़ सौ गांवों के

कई दर्जन किसानों को प्रायोगिक तौर पर रागी मोटे अनाज का बीज उपलब्ध कराया गया था वर्षा आधारित इस फसल को अधिक से अधिक बोने के प्रति किसानों का रुझान बढ़ाने के लिए कृषि अधिकारियों द्वारा समय-समय पर किसानों को सलाह भी दी जाती थी फसल मे बढोतरी रोग के निदान हेतु कृषि विशेषज्ञ का मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाता था मंगलवार को सिहोरा तहसील के कन्हाई देवरी गांव के किसान विजय मिश्रा सहित कई गांव मे अधिकारियों का दल पहुंच कर रागी की फसल कख निरीक्षण कियासाथ ही किसानो को इसके जादुई फायदे से अवगत कराया गयाकिसानो को यह भी बताया गया की केन्द्र सरकार मोटे अनाथ को बढावा देने मिलेटस ईयर भी मना रही है इस मौके परकृषि विभाग के संयुक्त संचालक जबलपुर के एस नेताम आत्मा परियोजना संचालक डॉ.एस.के निगम सिहोरा एसडीओ कृषि मनीषा पटेल वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जेएस राठौर नेखेतों में लगी रागी की फसल का निरीक्षण किया किसानों को आगामी वर्ष में इस फसल का जोत रकबा बढ़ाने हेतु प्रेरित किया

## राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जबलपुर के तत्वाधान में पंचों का महासम्मेलन हुआ



**मझौली देशबंधु।**आज मझौली में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के संयोजक विवेक अवस्थी द्वारा पंचों का महापंचायत महासम्मेलन किया गया इसमें बताया गया कि पंचों का सम्मान किया गया और पंचों को पंचायत में उनके कर्तव्यों और भागीदारी के विषय में जानकारी देते हुए पंचों का निर्वहन किस प्रकार से किया जाता है और उनकी क्या अधिकार होते हैं संपूर्ण जानकारी दी गई पंचायती राज राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के महासम्मेलन में जनपद मझौली की लगभग 50 से 60 पंचायत के पंच शामिल हुए जिसमें पुरुष और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित रही आज एक कार्यक्रम में उपस्थित हुए ,संयोजक विवेक अवस्थी, मुख्य अतिथि मदन तिवारी, रामगोपाल पटेल, संदीप गुरु, तरुवर सिंह लोधी, राजेश तिवारी मझौली, संतोष राय, अशोक पटेल,नितिन भट्ट, सुरेश मांझी, बलदाऊ तिवारी पाटन अन्य सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।


## मध्यप्रदेश तेल घानी बोर्ड अध्यक्ष रविकरण साहू का नगर आगमन

**बरेला,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष कैबिनेट दर्जा प्राप्त रविकरण साहू का हुआ बरेला नगर आगमन मध्य प्रदेश तेलघानी के बोर्ड अध्यक्ष रविकरण साहू का बरेला नगर आगमन हुआ जहां अध्यक्ष जी के द्वारा समाज के लोगों से मुलाकात कर समाज के हित में किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों के विषय पर चर्चा हुई और दुर्घटना पीड़ित परिवार मे सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया नगर आगमन में साहू समाज अध्यक्ष मुकेश साहू दुलीचंद साहू बेदी साहू भगवान दास साहू मदन साहू कृष्ण कुमार साहू सुनीता साहू मुकेश साहू सभी सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





हरदौल मंदिर में विराजमान गणेश








बाजार चौक कुंडम



मां नर्मदा गणेश उत्सव समिति



बस स्टैंड कुंडम

### सार-समाचार



कपिल मेडिकल कुंडम



## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बिराजे भगवान विनायक

बरेला। रिद्धि सिद्धि के दाता शुभ लाभ के स्वामी भगवान गणपति की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापना की गई है जहां पर स्वास्थ्य कर्मचारी प्रतिदिन सुबह और शामभगवान गणपति की आराधना कर रहे हैं।

## आयुष चिकित्सको को भी डी ए सी पी व्यवस्था का लाभ दिया जाए मध्य प्रदेश राजपत्रित चिकित्सा अधिकारी संघ ने सोपा ज्ञापन

कुण्डम। अपनी विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण करने के लिए दिन मंगलवार 26/9/2023 को मध्य प्रदेश राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ के बैनर तले आयुष चिकित्सिको ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर तत्काल उचित कार्रवाई करने की मांग की है संघ के जिला अध्यक्ष डॉ सत्येंद्र व्यवहार डॉ उपेंद्र धुर्वे ,डॉ राकेश कुमार, डॉ मुकेश चोधरी, डॉ चैतन्य पाराशर,डॉ सर्वेश पटेल ने बताया की आयुष चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करते हैं कोरोना काल में भी आयुष चिकित्सकों ने एलोपैथी चिकित्सकों के समान निरंतर सेवाएं प्रदान की है इसके बावजूद शासन उनकी न्यायोचित मांगों के प्रति उदासीन बना हुआ है मध्य प्रदेश राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ की मांग है की स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा, ग्रह आदि विभाग के चिकित्सक के समान आयुष चिकित्सकों को भी डीएसीपी व्यवस्था का लाभ दिया जाए एवं अन्य सभी उचित लंबित मांगों का निराकरण शीघ्र किया जाए अन्यथा सभी चिकित्सकों को मांगे पूरी न होने पर मजबूर होकर धरना, हड़ताल आदि करना पड़ेगा इसकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से शासन की होगी

## श्रीमद्भागवत पुराण शोभायात्रा का नगरभ्रमण



**गोसलपुर,देशबन्धु।** समीपस्थ ग्राम चन्नौटा में श्रीमद् भागवत कथा का शुभ आयोजन किया गया है ।इस उपलक्ष्य में प्रथम दिवस कथाव्यास पं रामसजीवन पस्तोर महाराज के सानिध्य में श्रीमद् भागवत पुराण एवं कलश शोभायात्रा का नगर भ्रमण हुआ। श्रीमद्भागवत पुराण को यजमानो जीतेंद्र सिंह,शिवकुमारी, कुवरबाई द्वारा शिरोधार्य कर गाजे बाजे व ज्योति कलशो के साथ शोभायात्रा क्रमश: ग्राम के प्रमुख मंदिरों में भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल भदौरिया निवास पहुंची।

पुराण बैठकी पूजन उपरान्त माहात्म्य पर बोलते हुए पं. रामसजीवन पस्तौर ने कहा कि ज्ञान का पुंज है श्रीमद भागवत कथा--

जिस प्रकार से सूर्य सम्पूर्ण सृष्टि में अंधकार का नाश कर प्रकाश का प्रादुर्भाव करता है उसी प्रकार श्रीमद्भागवत महापुराण मनुष्य के मन में व्याप्त अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश करता है। भागवत सप्ताह एक अनुष्ठान है। ईश्वर की अनुकम्पा होने पर ही सत्संग का लाभ मिलता है। प्रवचनकर्ता कथा व्यास रामसजीवन पस्तोर ने प्रथम दिवस भागवत कथा के अवसर पर ग्राम चन्नोटा के कई श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित हुए। कथा के प्रथम दिन वैदिक मंत्रोचार के साथ गणेश वंदना व भागवत पुराण पूजन किया गया।कथा वाचक ने कहा कि कलयुग के प्रभाव के कारण आसुरी वृती के लोग ज्यादा है जो दूसरों को सुखी देखकर दुखी होते हैं। उन्होंने उपस्थित धर्म प्रेमी सज्जनों से कहा कि कथा सुनने में शर्म नहीं करनी चाहिए। कथा से जीवन और मृत्यु दोनों ही सुधर जाते हैं।इस अवसर पर भक्तों में श्रीमती कुवर बाई, शिशुपाल सिंह, शेर सिंह, रविंद्र सिंह, विश्वजीत शैलेन्द्र धीरेन्द्र अनीता, धीरेन्द्र सिंह, रागिनी अरुण प्रताप राधा बृजेंद्र सिंह प्रीति मानवेंद्र सरिता नवरत्न, लक्ष्मण सिंह, करण सिंह ,नारायण सिंह, यशपाल सिंह प्रथम सिंह ,शिवांश ,रुद्र प्रताप अनिमेष से पूर्ति माही पूर्वी गुंजन उपस्थित रहे।

## विधायक द्वारा विकास कार्यो का किया भूमि पूजन

**बरेला,देशबन्धु।** विधायक संजय यादव के द्वारा क्षेत्र के बरबटी ग्राम पंचायत के प्रेम नगर पड़रिया एवं मगरधा ग्राम पंचायत के बिजौरा में 3 -3 लाख की लागत राशि से सामुदायिक भवन का भूमि पूजन कराया गया एवं नर्मदा जल सी सी रोड आदि समस्याओं को लेकर क्षेत्र की जनता से मिलकर आशीर्वाद लिया इसी प्रकार बंदर कोला एवं सगड़ा में भी सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया गया जिसमें जनपद अध्यक्ष श्रीमती चंद्र किरण गिरी जिला अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया जनपद सदस्य श्रीमती ललिता हेतराम मरावी सरपंच श्रीमती प्रेम बाई राम भरोसे परस्ते सचिव बाल गोविंद पटेल वंदना कटारे और ग्राम पंचायत मगरधा बिजौरा से सरपंच इंद्र सिंह तिलकाम किशोर तिवारी मुललू वर्मन मुन्ना बर्मन एवं भारी मात्रा में क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे है।

## संत रविदास मंदिर निर्माण के संबंध में बैठक संपन्न

गोसलपुर.....संत शिरोमणिश्री गुरु रविदास मंदिर शांतिनगर जुझारी कछपुरा में मंदिर समिति के सदस्यों व पदाधिकारी की बैठक मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई संपन्न हुई बैठक में मंदिर निर्माण के संबंध में बिंदुवार चर्चा हुई एवं मंदिर परिसर से सामाजिक शादी विवाह अन्य आयोजनों के साथ सामाजिक एकजुटता नशामुक्त समाज पर जोर देने समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करने समाज का हर बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़े उच्च शिक्षा ग्रहण करें साथ ही समाज में व्याप्त कुरीतियों पर रोक लगाने सहित अनेक विषयों पर चर्चा की गई श्री गुरु रविदास आश्रम मंदिर के भव्य निर्माण और विस्तार हेतु क्षेत्रीय सांसद विधायक निधि से मिली राशि से भी सभी को अवगत कराया गया। बैठक मे ये रहे मौजूद जनपद सदस्य अनिल चौधरी कमलेश पटेल सुनील पटेल घनश्याम चौधरी जित्तू शिवदास शिब्बू सुक्कू राकेश, शंकर सागर प्रकाश सेन मलरीशक्तिमान एवं समस्त सामाजिकलोगों की उपस्थिति रही।

## जन आक्रोश यात्रा का पनागर आगमन आज

**पनागर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश अनुसार भारतीय जनता पार्टी के जन विरोधी नीतियों के विरोध में जन आक्रोश यात्रा निकाली जा रही है। रीवा से चलकर कटनी, सिहोरा, मझोली से होते हुऐ। पनागर बस स्टैंड मे दिनांक 27 सितम्बर शाम 7 बजे आगमन हो रहा है। जन आक्रोश का नेतृत्व पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल एवं संजय कपूर करेंगे उपस्थितीकी अपील, जिला अध्यक्ष नीलेश जैन सम्मति सैनी सतेंद्र यादव विनोद श्रीवास्तव राजेश पटेल राधेश्याम चौबे वीरेंद्र चौबे विनीता यादव संगीता सिंह संजय श्रीवास्तव ब्लॉक अध्यक्ष, विमल जैन, विधानसभा प्रभारी, तुलसीराम कुशवाहा, प्रदीप पटेल नगर अध्यक्ष शरद खजांची, जितेंद्र सिंह ठाकुर, सीताराम कुशवाहा, स्वपनिल ठाकुर सुशील केवट, महेन्द्र चक्रवती, आदि ने की है।

## घनश्याम अहिरवार तीसरी बार आजक्स अध्यक्ष निर्वाचित

**पनागर,देशबन्धु।** जिला जबलपुर से मध्यप्रदेश अजाक्स निर्वाचन सितंबर 2023 के चुनाव में अध्यक्ष अजाक्स तहसील शाखा पनागर के निर्वाचन में श्री घनश्याम अहिरवार लगातार तीसरी बार अध्यक्ष अजाक्स पनागर के लिए निर्वाचित हुए हैं।और ब्लॉक शाखा पनागर के अध्यक्ष पद पर श्री हरीश महोबिया लगातार तीसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। पनागर के समस्त कर्मचारी साथियों की ओर से घनश्यामदास अहिरवार एवं हरीश महोबिया को बधाई और शुभकामनाऐ प्रेषित की है। कर्मचारी संघ की ओर से जवाहर केवट नरेंद्र सेन राजेंद्र खरे चार एमपी मरावी कमाल अहिरवार बालमुकुंद सहित अनेक नेताओं ने अपनी शुभकामनाएं दी है

## अष्टभुजी मां दुर्गा को प्रतिमा को तलवार से किया खंडित, हनुमान जी सहित अन्य प्रतिमाओं को तोड़ा

### गोसलपुर के खेर माता मंदिर में पंडा पुत्र ने मचाया तांडव, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**गोसलपुर,देशबन्धु।** गोसलपुर कस्बे में स्थित खेर माता मंदिर(देवालय) में मंगलवार दोपहर पंडा पुत्र ने जमकर तांडव मचाया। पंडा पुत्र ने मंदिर में स्थापित संगमरमर की अष्टभुजी मां दुर्गा की प्रतिमा को तलवार से खंडित कर दिया, वहीं हनुमान जी सहित अन्य प्राचीन प्रतिमाओं को उठाकर पटक दिया। दोपहर में हुई अचानक इस घटना से कस्बे में तनाव फैल गया। इस घटना को लेकर गोसलपुर के लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

ये है मामला

जानकारी के मुताबिक गोसलपुर स्थित खेर माता मंदिर में दोपहर करीब 2 बजे के



लगभग पंडा पुत्र धनीराम भूमिया (22) मंदिर में पहुंचा। पंडा धनीराम भूमिया ने खेर माता मंदिर में स्थापित संगमरमर की अष्टभुजी मां दुर्गा की प्रतिमा के कांच फोड़ कर अंदर रखी तलवार से माता की भुजाओं की भुजाओं को काटकर खंडित कर दिया। पंडा यहीं नहीं रुका उसने भगवान बजरंगबली सहित अन्य प्राचीन प्रतिमाओं को उठाकर पटक कर खंडित कर दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक पंडा शराब के नशे में था। मंदिर में उत्पात मचाने के बाद पंडा धनीराम भूमिया फरार हो गया

मंदिर सहित गांव में तनाव, ग्रामीणों में आक्रोश

खेर माता देवालय में हुई इस घटना शिव मंदिर सहित गांव में तनाव फैल गया। वही ग्रामीणों में इस घटना के बाद भारी आक्रोश देखा जा रहा है। मामले में ग्रामीण और मंदिर से जुड़े लोगों ने इसकी जानकारी गोसलपुर

## वेनेजुएला जल्द बन सकता है ब्रिक्स का सदस्य

संयुक्त राष्ट्र। वेनेजुएला बहुत जल्द ब्रिक्स ब्लॉक का सदस्य बन सकता है, क्योंकि उसे रूस सहित सभी सदस्य देशों का समर्थन प्राप्त है। यह जानकारी वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवन गिल ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सप्ताह के अवसर पर स्पूतनिक को दी। श्री गिल ने कहा, हमने जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और हम इसके भागीदार बनकर बहुत खुश हैं। हमने 22 अन्य देशों के साथ सदस्यता के लिए आवेदन किया है।

# पहले नाजी सैनिक के लिए बजाईं तालियां, अब खुद ही शर्मनाक बताने लगे जस्टिन ट्रूडो



**ओटाव।** कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में नाजी सैनिक के सम्मान और खड़े होकर तालियां बजाने के बाद अब जस्टिन ट्रूडो ही इसे शर्मनाक बता रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ हिटलर की सेना में सिपाही रह चुके यारोस्लाव हुंका भी कनाडा गए थे। वहीं सदन में उनके लिए सांसदों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। स्पीकर एंथनी रोटा ने उन्हें यूक्रेन वॉर का हीरो बताया। लेकिन इसके बाद जस्टिन ट्रूडो की सरकार घर में भी घिरी और रूस, श्रीलंका समेत दुनियाभर के कई देशों ने इसकी निंदा की। अब ट्रूडो ने इसे अस्वीकार्य बताया है और कहा है कि यह कनाडा के लोगों के लिए और संसद के लिए शर्मिंदगी की बात है।

कनाडा का विपक्ष स्पीकर एंथनी के इस्तीफे की मांग कर रहा है और ट्रूडो सरकार से सवाल कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि यूक्रेन के मेहमानों की सूची ट्रूडो के कार्यालय ने ही बनाई थी। पहले किसी भी सांसद को मेहमानों के बैकग्राउंड की जानकारी नहीं दी गई। बाद में पता चला कि 98 साल के यारोस्लाव दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान हिटल की सेना में थे।

चौतरफा घिरने के बाद स्पीकर एंथनी रोडा ने सदन में माफी मांगी थी। उन्होने कहा कि कोई भी सांसद इस बात से वाकिफ नहीं था कि यारोस्लाव हिटल की सेना में रह चुके हैं। उन्होंने खास तौर पर यहूदियों से इसके लिए माफी मांगी। हालांकि ट्रूडो की पार्टी के ही कई नेता रोटा के इस्तीफे की मांग पर अड़े हुए हैं।

जस्टिन ट्रूडो इन दिनों भारत के भी मामले पर अपने ही देश में घिरे हुए हैं। जस्टिन ट्रूडो ने हाउस ऑफ कॉमन्स में खड़े होकर बिना सबूत के ही भारत पर खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या के आरोप लगा दिए।

इसके बाद उन्होंने भारतीय राजनयिक को निष्कासित करके दूसरी गलती कर दी। भारत की तरफ से इन आरोपों को खारिज कर दिया गया साथ ही एक राजनयिक को निष्कासित भी कर दिया गया। भारत ने कनाडा के नागरिकों के लिए भारतीय वीजा की सेवा भी बंद कर दी।

# कनाडा में हिंदू ज्यादा रहते हैं या सिख? कैसे भारत से बाहर भी बस गया एक पंजाब



**ओटाव।** क्षेत्रफल के हिसाब से दुनिया के दूसरे सबसे बड़े देश कनाडा और जनसंख्या के हिसाब से दूसरे सबसे बड़े देश भारत के बीच रिश्ते सामान्य नहीं चल रहे हैं। खालिस्तान समर्थकों से हमदर्दी रखने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के कथित आरोप लगाए हैं।

इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनातनी का दौर जारी है। हरदीप सिंह निज्जर मूलतः पंजाब के जालंधर का रहने वाला एक सिख था, जो 1990 के करीब कनाडा चला गया था। वह खालिस्तान आंदोलन का एक नेता बन गया। निज्जर गुरु नानक सिख गुरुद्वारा का अध्यक्ष भी था, जहां उसकी हत्या कर दी गई थी। वह खालिस्तान की वकालत करता था। खालिस्तान की मांग दशकों से हो रही लेकिन अब भारत के अंदर यह निष्क्रिय है। दूसरी तरफ यह आंदोलन कनाडा के सिख प्रवासी समुदाय के बीच गरम है। 2021 की जनगणना के अनुसार कनाडा की जनसंख्या 3.70 करोड़ है। इनमें से 16 लाख यानी करीब चार फीसदी भारतीय मूल के हैं। कनाडा में सिखों की आबादी लगभग 7,70,000 है। पिछले 20 सालों में कनाडा में सिखों की आबादी दोगुनी हो गई है। उनमें से अधिकांश उच्च अध्ययन और नौकरियों के लिए पंजाब से पलायन कर गए हैं। पंजाब के बाद पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा सिख कनाडा में ही रहते हैं। सिखों के अलावा कनाडा में हिन्दुओं की आबादी करीब 8 लाख 28 हजार है। यह कनाडा की कुल आबादी का 2.3 फीसदी है। पिछले बीस साल में कनाडा में हिन्दुओं की आबादी में 1.3 फीसदी की वृद्धि हुई है। कनाडा में सिख सबसे तेजी से बढ़ते समूहों में से हैं। ईसाई, मुस्लिम और हिंदू के बाद सिख देश का चौथा सबसे बड़ा धार्मिक समूह है। उनकी आबादी ओंटारियो, ब्रिटिश कोलंबिया और अल्बर्टा में केंद्रित है। साथ ही, कनाडा में अंग्रेजी और फ्रेंच के बाद पंजाबी तीसरी सबसे लोकप्रिय भाषा है। भारत से पलायन कर कनाडा में बसे सिखों ने निर्माण क्षेत्र, परिवहन और बैंकिंग क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान दिया है। कई सिख होटल-रेस्टोरेंट चेन और गैस स्टेशन जैसे सफल बिजनेस हाउसेज के मालिक हैं।

## आज का इतिहास

1290 – चीन के चिली की खाड़ी में भूकंप से करीब एक लाख लोगों की मौत हुई।
1760 – मीर कासिम बंगाल के नवाब बने।
1821 – मैक्सिको को स्वतंत्रता मिली।
1825 – इंग्लैंड में स्टॉकटन–डार्लिंगटन लाइन की शुरुआत के साथ दुनिया का पहला सार्वजनिक रेल परिवहन शुरू हुआ।
1833 = राम मोहन राय का इंग्लैंड के ब्रिस्टल में निधन।
1932–मशहूर निर्देशक यश चोपड़ा का जन्म हुआ।
1940 – द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इटली, जर्मनी एवं जापान ने धूरी राष्ट्र के समझौते पर हस्ताक्षर किया।
1958 – मिहिर सेन ब्रिटिश चैनल को तैरकर पार करने वाले पहले भारतीय बने।
1961 – सिएरा लियोन संयुक्त राष्ट्र का सौवां सदस्य बना।
1988 – अमेरिकी अंतरिक्ष यान %डिस्कवरी% का केप कैनेवरल से प्रक्षेपण।
1995 – बोस्निया में संघर्षरत तीन दलों के मध्य अमेरिकी मध्यस्थता में समझौता

## सुडोकू 6329

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 7 | | | | 8 | 3 |
| | 6 | 9 | 2 | | | | 7 | |
| | | | | 1 | 3 | | 2 | |
| | | | | | 1 | 2 | | |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | 2 | 9 | | | | | |
| | 5 | | 8 | 4 | | | | |
| | 4 | | | | 6 | 7 | 9 | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## कश्मीर पुलिस ने सुलझाया हिट एंड रन मामला

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हिट एंड रन का मामला सुलझाकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में चार व्यक्तियों की जान चली गई थी। यह हादसा 22 सितम्बर को उस वक्त हुआ, जब उजरू से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने अखरोट फैक्ट्री के पास काजीगुंड में एक मारुति वैन को टक्कर मार दी। वैन बनिहाल की ओर जा रही थी। वैन में सवार चार लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को लेकर मौके से फरार हो गया था।

## उत्तरकाशी में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सोमवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। जिला आपदा प्रबंधन केंद्र के प्रभारी डीएस पटवाल ने बताया कि सुबह करीब 08:35 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 3.0 मापी गई है। भूकं प का केंद्र बिंदु जनपद के तहसील मोरी के कोठीगाड रेंज हिमाचल सीमा क्षेत्र में 31.07 उत्तरी अक्षांश व 77.98 पूर्वी देशांतर पर जमीन की सतह से पांच किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप से किसी प्रकार की जानमाल के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है।

## ममता ने भारतीय एथलिटों को दी बधाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चीन में आयोजित हो रहे एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय एथलिटों को बधाई दी और कहा कि हांग्जो में चल रहे 19वें एशियाई खेलों के दूसरे दिन भी भारत की जीत का सिलसिला जारी है और हम अब हम 10 पदक जीत चुके हैं। बनर्जी ने रुद्रांक बालासाहेब पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और दिव्यांश सिंह पंवार को 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टीम स्पर्धा में सोमवार एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने और पहला स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आदर्श सिंह, अनीश भानवाला व विजयवीर सिद्धू को पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में देश के लिए एक और कांस्य पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## अपहरण के 4 महीने बाद घर लौटा पाक पत्रकार

**इस्लामाबाद,** (एजेंसियां)। प्रमुख पाकिस्तानी पत्रकार और एंकर इमरान रियाज खान चार महीने पहले अगवा होने के बाद सोमवार को अपने परिवार के पास लौट आए। वो देश के सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ अपने मुखर रुख और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खुले समर्थन के लिए जाने जाते हैं।

उनकी सुरक्षित वापसी की रिपोर्ट की पुष्टि सियालकोट पुलिस ने की। इसमें कहा गया- पत्रकार/एंकर इमरान रियाज़ खान को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है... वह अब अपने परिवार के साथ हैं। इमरान रियाज़ खान के वकील ने भी उनके परिवार के पास सुरक्षित वापसी की खबर की पुष्टि की। वकील अशफाक ने कहा, खुदा के आशीर्वाद, कृपा और दया से, मैं अपने राजकुमार को वापस ले आया हूं।

# राज छिपाने के लिए बेटी ने किया मां का बेरहमी से कत्ल, गर्दन पर चाकू से 30 वार, फैसला सुन फूट-फूटकर रोई



**नई दिल्ली।** अमेरिकी स्टेट ओहियो में 23 वर्षीय लड़की ने अपनी मां के सिर पर लोहे के फ्राइंग पैन से हमला किया और फिर चाकू से तब तक वार करती रही, जब वह मर नहीं गई। पुलिस के अनुसार, उसकी मां को यह पता लग गया था कि उसे कॉलेज से निकाल दिया गया है और वह इस बात को राज रखना चाहती थी। उसने अपनी मां पर चाकू से 30 बार वार किया। मामले में कोर्ट ने लड़की को मां की हत्या में दोषी पाया है। दोषी करार होने के बाद लड़की को कोर्ट रूम में रोते हुए देखा गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट है कि वह हमले को लेकर पछता रही है। माउंट यूनियन यूनिवर्सिटी की पूर्व छात्रा सिडनी को पिछले हफ्ते जूरी ने अपनी मां और 50 वर्षीय ब्रेंडा पॉवेल की हत्या में दोषी पाया है। घटना मार्च 2020 की है, पॉवेल ने ब्रेंडा पॉवेल के सिर पर लोहे के फ्राइंग पैन से हमला किया, फिर उसकी गर्दन पर लगभग 30 बार वार किया। सिडनी उस समय 19 वर्ष की थी, उसकी मां को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। जूरी के सामने पुलिस ने साक्ष्य पेश करते हुए कहा कि सिडनी ने कथित तौर पर अपनी मां पर इसलिए जानलेवा हमला किया क्योंकि उसे डर था उसका राज खुल जाएगा। उसकी मां को यह पता लग गया था कि उसे कॉलेज से निकाल दिया गया है।

कथित तौर पर ब्रेंडा एक्रोन चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में बाल जीवन विशेषज्ञ के तौर काम करती थी। सिडनी ने उस पर तब हमला किया जब वह सिडनी के स्कूल के अधिकारियों से फोन पर बात कर रही थी। बचाव पक्ष ने मुकदमे के दौरान दावा किया कि सिडनी सिज़ोफ्रेनिया से जूझ रही थी और इसलिए उसे हत्या के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। बचाव पक्ष की दलील थी कि जिस समय उसने ब्रेंडा की हत्या की, उस समय वह मानसिक रूप से टूट गई थी। यह बताया गया कि सिडनी अपनी मां को अपना सबसे अच्छा दोस्त मानती थी। हालांकि, अभियोजकों द्वारा नियुक्त मनोवैज्ञानिक सिल्विया ओब्राडोविच ने इन दलीलों को मानने से इनकार किया और दावा किया कि हत्या के समय, सिडनी पागलपन की किसी स्टेज पर नहीं थी। सिडनी ने हत्या को अंजाम देने के बाद सबूतों से छेड़छाड़ की कोशिश की। चाकू को धोया और कमरे से खून के छींटे साफ किए। इससे पता लगता है कि वह मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ थी।

न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, जब सिडनी को जूरी ने हत्या के मामले में दोषी करार दिया तो वह कोर्ट रूम में ही मौजूद थी और फैसला आने पर फूट–फूटकर रोने लगी। सिडनी की सजा पर फैसला 28 सितंबर को आने वाला है। संभव है कि उसे आजीवन कारावास की सजा मिल सकती है।

# कनाडा में बेखौफ हैं खालिस्तानी, पहुंचा रहे मंदिरों को नुकसान; हिंदुओं को देते हैं खुलेआम धमकियां

खालिस्तान का पनाहगार बना कनाडा अब उन्हें अपनी मनमानियों को करने की पूरी छूट देने लगा है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खुले तौर पर खालिस्तान का पक्ष लेते नजर आ रहे हैं, जिससे खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों के हौसले बुलंद हैं। कनाडा में अल्पसंख्यक हिंदुओं को खालिस्तानी चरमपंथियों ने डराना शुरू कर दिया है। एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा में कई मंदिरों को नुकसान पहुंचाने के मामले भी सामने आए हैं।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने एनडीटीवी से कहा, कनाडा में भारतीय मिशनों से जुड़े लोगों और राजनयिकों को खालिस्तानियों की खुली धमकियां मिल रही हैं। यह एक बहुत ही गंभीर घटना है। ऐसी स्थिति वियना कन्वेंशन के तहत कनाडा के दायित्वों पर सवाल भी उठाती है। अधिकारी ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि कनाडा में मानवाधिकारों को मापने के लिए अलग–अलग पैमाने हैं। अधिकारी ने कहा,पंजाब में छोटे–छोटे मुद्दों पर भी कनाडा में आवाजें बुलंद होने लगती हैं, जबकि प्रो खालिस्तानी एक्सट्रीमिस्ट की तरफ से धमकी, हिंसा, ड्रग्स की तस्करी और जबरन वसूली पर कनाडा में पूरी तरह से चुप्पी है। इस तरह की स्थिति से दोनों देशों के रिश्तों प्रभावित हो रहे हैं।

मामले के जानकार लोगों ने बताया कि खुफिया एजेंसियों की एक उच्च स्तरीय बैठक में इन सभी मुद्दों पर चर्चा की गई। खुफिया एजेंसियों द्वारा रखे गए दस्तावेजों से पता चलता है कि पंजाब आज कनाडा से चलाए जा रहे जबरन वसूली रैकेटों के कारण भारी नुकसान झेल रहा है। कनाडा स्थित गैंगस्टर ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से ड्रग्स लाते हैं और पूरे पंजाब में बेचते हैं। इस पैसे का एक हिस्सा कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों को जाता है।

## वर्ग पहेली 6329

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. विदूषक, हँसी–मजाक करने वाला परिहास प्रिय (उर्दू)
३. तिरस्कृत, बेइज्जत
५. मुग्ध करने वाला
६. जलयानों के रुकने–ठहरने की जगह
७. जिसे वरदान प्राप्त हो
९. पात्रता, काबिलियत
१०. दूसरे के अधीन, परतंत्र
१२. बहुत अधिक
१३. विशेष बौद्धिक शक्ति, चमक
१४. पूंजी, व्यापार आदि में लगाया गया धन
१६. अंगूठी, कंकण, दो–दो पंक्तियों की सैनिक स्थिति, घेरा
१८. बधिर, जिसके कानों में सुनाई न दे
२०. जलपान
२१. नाश करने वाला
२३. रूढ़िवादी (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. कलाई
२. सावधान, सचेत
३. बेचैनी
४. बेजान
५. मोह का बंधन
८. सूर्यपुत्र
१०. प्रारंभ, शुरुआत
११. बखान
१२. कमी, न होने का भाव
१३. बहाव
१४. मूल्य निर्धारण
१५. साधुवाद, कृतज्ञता प्रकाश, वाहवाही
१७. तीव्र लालसा
१८. श्रेष्ठ, उत्तम
१९. असुर, दैत्य
२२. काटा–छांटा या बदला गया, निरस्त, बेकार, निकम्मा (उर्दू)

## वर्ग पहेली-6328

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ए | क | २ च | र | ■ | ■ | 3 अ | लं | ४ कृ | त |
| क | ■ | रि | ■ | ५ प | ड़ा | व | ■ | प | ■ |
| ६ प | वि | त्र | ■ | ट | ■ | ७ ग | लि | या | ८ रा |
| दी | ■ | ही | ■ | ९ रा | ह | त | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० म | न | ११ मा | नी | ■ | ■ | १२ सु | ल | भ |
| ■ | द्धि | ■ | णि | ■ | १३ दु | वि | धा | ■ | व |
| १४ सा | म | १५ रि | क | ■ | श्म | ■ | १६ र | १७ ह | न |
| धु | ■ | श्व | ■ | १८ क | नी | १९ ज | ■ | मे | ■ |
| २० बा | हि | त | ■ | त | ■ | २१ बा | द | शा | २२ ह |
| द | ■ | ■ | २३ बे | ई | मा | न | ■ | ■ | ठ |

युसूफ कुरेशी, मो. 8109948408

**योजना** *तेलंगाना में सरकारी स्कूल के छात्रों को परोसा जाएगा नाश्ता*

# स्कूल शिक्षा विभाग ने किया सप्ताहभर का शानदार मेन्यू तैयार

**हैदराबाद, (देशबन्धु)। तेलंगाना सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रथम कक्षा से दसवीं कक्षा तक के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के लिए मुख्यमंत्री अल्पाहार योजना के तहत मुफ्त नाश्ता परोसने की योजना तैयार कर ली है। बताते चले कि स्कूल शिक्षा विभाग ने सप्ताह के प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग शानदार मेन्यू तैयार किया है।**

मुफ्त नाश्ते का दिन-वार मेनू का प्रस्ताव अब तैयार है। पौष्टिक बाजरा रवा खिचड़ी के साथ गरमागरम सांबर, स्वादिष्ट रवा पोंगल और सांबर से लेकर गेहूं की रवा खिचड़ी और चटनी तक, स्कूल शिक्षा विभाग ने मेनू का प्रस्ताव दिया है।

राज्य सरकार की प्रमुख योजना मुख्यमंत्री नाश्ता (मुख्यमंत्री अल्पाहार) के तहत सरकारी स्कूल के छात्रों को नाश्ता परोसा जाएगा। यह नाश्ता स्कूल में तैयार किया जाएगा और सुबह की प्रार्थना यानी 9.30 बजे से पहले छात्रों को गर्मागर्म परोसा जाएगा। 24 अक्टूबर को छात्रों के लिए दशहरा उपहार के रूप में शुरू की जाने वाली नाश्ता योजना से विभाग के तहत संचालित



- **छात्रों के लिए स्कूल में ही तैयार किया जाएगा पौष्टिक नाश्ता**
- **24 अक्टूबर को दशहरा उपहार के रूप में शुरू होगी नाश्ता योजना**

28,807 स्कूलों–सरकारी और स्थानीय निकाय, सहायता प्राप्त, मॉडल स्कूल और मदरसों में 23,05,801 छात्रों को लाभ होगा। कामकाजी माताओं के बोझ को कम करने के अलावा स्कूल जाने वाले बच्चों की पोषण को बेहतर बनाने के लिए, राज्य सरकार ने कक्षा एक से दसवीं तक के छात्रों को मुफ्त नाश्ता देने की घोषणा की है। इस योजना से उनके शैक्षणिक प्रदर्शन में बेहतर प्रभाव पड़ेगा।

इससे पहले, सरकार ने सरकारी और स्थानीय निकाय स्कूलों के छात्रों के लिए रागी जावा लॉन्च किया था।

गुड़ के साथ मिश्रित बाजरा आधारित पूरक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक छात्रों को हर दूसरे दिन परोसा जा रहा है। सरकार पहले से ही सरकारी और स्थानीय निकाय के स्कूली बच्चों को मुफ्त मध्याह्न भोजन उपलब्ध करा रही है।

बढ़िया चावल, दाल, सांबर, सब्जी करी, फलियां सब्जी करी और विशेष चावल जैसे सब्जी बिरयानी, बगरा चावल और पुलिहोरा भोजन की किस्में हैं जो छात्रों को भोजन के हिस्से के रूप में परोसी जाती हैं। भोजन को अधिक प्रोटीन युक्त बनाने के लिए अंडे को शामिल किया है, जो छात्रों को सप्ताह में तीन बार मध्याह्न भोजन में प्रदान किया जाता है। केंद्र और राज्य सरकारें पहली से आठवीं कक्षा के छात्रों को दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन पर होने वाले खर्च को 60:40 के अनुपात में साझा करती हैं।

हालांकि, राज्य सरकार अकेले कक्षा नवीं और दसवीं के छात्रों के लिए भोजन की लागत के साथ-साथ अंडे की लागत वहन करती है।

# खेल जगत

## मनु शीर्ष फॉर्म में, भारत पहले चरण के बाद 25 मीटर पिस्टल के टीम और व्यक्तिगत वर्ग में आगे

**हांगझोउ।** अनुभवी मनु भाकर ने मंगलवार को यहां फुयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर की शूटिंग रेंज में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के पहले चरण के अंत में शानदार सटीक राउंड के साथ बढ़त बना ली। भाकर 294-10× के स्कोर के साथ चीन की सिक्सुआन फेंग 292-9× के साथ आगे चल रही थीं, जो स्पर्धा के पहले चरण के अंत में भारत की ईशा सिंह के साथ 292-9× के बराबर थीं। वियतनाम की थू विन्ह त्रिन्ह का भी स्कोर 292 था, लेकिन वह तीसरे स्थान पर हैं क्योंकि सिक्सुआन और ईशा के नौ-नौ की तुलना में इनर 10 सर्कल में उन्हें 8 हिट मिले। भारतीय टीम की तीसरी सदस्य - रिदम सांगवान 290-6 के स्कोर के साथ 11वें स्थान पर हैं, भारत प्रिसिजन राउंड के अंत में टीम स्पर्धा में आगे चल रहा है।



# भारत ने घुड़सवारी में 41 साल बाद जीता स्वर्ण




**हांगझोउ।** भारत ने चार दशकों के अंतराल के बाद ड्रेसाज प्रिक्स सेंट-जॉर्जेस में स्वर्ण पदक जीतकर एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में इतिहास रच दिया, जब सुदीप्ति हजेला, दिव्यकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुश अग्रवाल की चौकड़ी ने मंगलवार को यहां टीम प्रतियोगिता में जीत हासिल की। सुदीप्ति (चिंस्की पर), दिव्यकृति (एड्रेनालिन फ़िरफोड), हृदय (केमक्सप्रो एमराल्ड) और अनुष (एट्रो पर) की भारतीय टीम ने 209.206 प्रतिशत अंक हासिल किए और मेजबान चीन से आगे रही, जिसने 204.882 अंक हासिल किए। हांगकांग ने 204.852 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। यह एशियाई खेलों में टीम ड्रेसाज स्पर्धा में भारत का दूसरा पदक है, जब जीतेंद्रजीत सिंह अहलूवालिया, गुलाम मोहम्मद खान और रघुबीर सिंह की टीम ने कांस्य पदक जीता था, जब खेल ने नई दिल्ली में 1982 के संस्करण में अपनी शुरुआत की थी। भारत के तीनों स्वर्ण पदक 1982 के एशियाई खेलों में व्यक्तिगत इवेंटिंग, टीम इवेंटिंग और व्यक्तिगत टेंट पेगिंग में आए, जो 1982 के बाद कभी आयोजित नहीं किए गए।

हांगझोउ से पहले भारत ने एशियाई खेलों में 3 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य पदक जीते थे। 2018 में, भारत ने घुड़सवारी में दो रजत पदक जीते, दोनों इवेंटिंग में आए, जिसमें फवाद मिर्जा व्यक्तिगत प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहे और फिर राकेश कुमार, आशीष मलिक और जितेंद्र सिंह के साथ टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता।

लेकिन सुदीप्ति हजेला, दिव्यकृति सिंह, हृदय छेदा और अनुश अग्रवाल के युवा संयोजन ने मंगलवार को सभी बाधाओं को पार करते हुए हांगझोउ में भारतीय घुड़सवारी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। ड्रेसाज में, प्रतियोगिता सवार और घोड़े के बीच समन्वय का आकलन करने के लिए होती है क्योंकि वे 20 गुना 60 मीटर के क्षेत्र में पूर्व निर्धारित गतिविधियों की एक श्रृंखला करते हैं, जिन्हें आंकड़े या मूवमेंट्स के रूप में जाना जाता है। सभी प्रतियोगिताओं में, घोड़े को तीन गति दिखानी होती हैं: चलना, घूमना और कैंटर के साथ-साथ अखाड़े में सममित रूप से रखे गए 12 अक्षरों वाले मार्करों के भीतर और बीच में सहज बदलाव। मंगलवार को, भारतीय सवारों और उनके घोड़ों ने कम से कम पेनल्टी अंकों के साथ इस सेट का प्रदर्शन किया, और इस प्रकार स्वर्ण पदक जीता।

सुदीप्ति ने कुल 66.706 अंक प्राप्त किये, दिव्याकृति को 68.176 अंक मिले, हृदय को 69.941 अंक मिले और अनुश को 71.088 अंक प्राप्त हुए और वे चीनी प्रतिस्पर्धियों से आगे रहकर शीर्ष स्थान पर रहे।

# हमारे लिए एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे 2024 के ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का मौका : सविता



**नई दिल्ली।** कप्तान और दुनिया की बेहतरीन गोलरक्षक में से एक सविता की अगुआई में भारत की महिला हॉकी टीम को हांगजू (चीन) एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का पूरा विश्वास है। भारतीय महिला हॉकी टीम दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, हांगकांग और सिंगापुर केसाथ पूल ए में है। पूल बी मे जापान, मेजबान चीन, थाईलैंड, कजाकिस्तान व इंडोनेशिया की टीमें है। दोनों पूल से दो-दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम अपनी बढिया़ फॉर्म जारी रखकर हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत कर सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने को बेताब है। सविता की अगुआई में नेशंस कप जीतने से भारतीय महिला हॉकी टीम के हौसले बुलंद हैं और एशियाई खेलों में किसी भी टीम की चुनौती से निपटने के लिए तैयार है। भारतीय महिला हॉकी टीम हांगजू एशियाई खेलों में अपने अभियान का आगाज सिंगापुर के खिलाफ बुधवार को पूल ए मैच से करेगी। 2014 के बाद से भारतीय टीम सिंगापुर से तीन बार भिड़ी है और हर बार जीती है और उसने 2022 के महिला एशिया कप में उसे शिकस्त दी थी।

भारत की कप्तान सविता ने कहा, हमारे लिए लंबे इंतजार के बाद इस बार एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का बढिया़ मौका है। हमने इसी के मुताबिक तैयारी की है। हमारा पहला लक्ष्य मैच दर मैच जीत फाइनल में पहुंचना है। हम इस बार एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के लिए पहले से कहीं ज्यादा प्रतिबद्ध है। हमारी हर खिलाड़ी जानती है कि एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने से हमारी भारतीय टीम सीधे अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई कर लेगी। हमारे यही सबसे अच्छी स्थिति है। हम एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत अपना ध्यान एफआईएच प्रो लीग और उसके बाद पेरिस ओलंपिक 2024 पर लगा सकते हैं। वहीं भारतीय महिला हॉकी टीम की चीफ कोच यॉकी शॉपमैन ने कहा, हमारी टीम सिंगापुर के खिलाफ बुधवार को पहले मैच के लिए जेहनी तौर पर बढिया़ स्थिति में है। हमने अपनी खामियों को दुरुस्त कर एशियाई खेलों के लिए बढिया़ तैयारी की है। हमारी योजना दमदार आगाज कर सबसे पहले अंक तालिका में शीर्ष पर रहना है।

### भारत ने अब तक एक स्वर्ण व दो रजत सहित जीते हैं छह पदक

सूरज लता देवी की अगुआई में नई दिल्ली में 1982 में जब पहली बार महिला हॉकी को एशियाई खेलों में शामिल किया गया तो तब भारत ने अपने सभी पांचों मैच जीत स्वर्ण जीता था।

भारतीय महिला हॉकी टीम 1982 में पहली बार इसे एशियाई खेलों में शामिल करने पर स्वर्ण तथा1998 में बैंकॉक में प्रीतम सिवाच की अगुआई में दक्षिण कोरिया से फाइनल में 1-2 से फिर 2018 रानी रामपाल की अगुआई में जकार्ता मृं जापान से फाइनल में 1-2 से हार रजत पदक सहित इन खेलों (1986, 2006, 2016) में तीन कांस्य सहित कुल छह पदक जीत चुकी है। चार बार 1990, 1994, 2002, 2010) में चौथे स्थान पर रहा।

# रमिता, दिव्यांश 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम शूटिंग में कांस्य हारे



**हांगझोउ।** कांस्य पदक पक्का करने के लिए उन्हें सिर्फ एक अंक की जरूरत थी, लेकिन भारत की रमिता जिंदल और दिव्यांश पंवार मंगलवार को यहां 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में चार प्रयासों के बाद भी मैच नहीं जीत सके। युवा भारतीय जोड़ी को मंगलवार को हांगझोउ में एशियाई खेलों की शूटिंग प्रतियोगिताओं में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मैच में कोरिया गणराज्य की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। दिव्यांश ने मैच के बाद कहा, थोड़ा दबाव था, बराबरी भी थी। एक बार जब स्कोर 16 के पार हो जाए, तो कोई भी जीत सकता है और यह भाग्य की बात है। शुरुआत अच्छी थी, बीच में भी। मेरे पास कुछ खराब शॉट थे लेकिन रमिता शानदार थी और उसने उन खराब शॉट्स की भरपाई की। रमिता और दिव्यांश को शुरुआत में अच्छी बढ़त मिली और उन्होंने पहले आठ अंक जीते। हाजुन पार्क और युनसेओ ली की कोरियाई जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 7-9 कर दिया। रमिता और दिव्यांश ने फिर से 11-9, 13-11,15-13 का अंतर बनाया लेकिन इसे आगे नहीं बढ़ा सके। फ़ुयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर में 10 मीटर शूटिंग रेंज में कोरियाई लोगों ने अंततः भारतीयों को पछाड़कर तीसरे स्थान के लिए मैच 20-18 से जीत लिया। भारतीय यह मैच सबसे कम अंतर 0.2 अंकों से हार गए और उन्हें चौथे स्थान से संतुष्ट होना पड़ा, क्योंकि उन्होंने शीर्ष छह में जगह बनाने और दो कांस्य पदक मैचों में से एक के लिए क्वालीफाइंग के माध्यम से संघर्ष किया था।

# हमारा लक्ष्य विश्व कप जीतना है : बाबर आजम



**लाहौर।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अपनी टीम को लेकर आश्वस्त हैं और उनका लक्ष्य भारत में वनडे विश्व कप जीतना है। टूर्नामेंट के सुपर 4 चरण में श्रीलंका से हारकर एशिया कप 2023 से बाहर होने के बाद, बाबर की नज़र एक और बड़े टूर्नामेंट पर है।

मंगलवार को यहां विश्व कप 2023 के लिए प्रस्थान-पूर्व सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए, बाबर आश्वस्त दिखे जब उनसे पूछा गया कि क्या वे मेगा-इवेंट के शीर्ष चार में रहने की कल्पना कर रहे हैं, जिस पर बाबर ने जवाब दिया; शीर्ष चार हमारे लिए एक छोटा लक्ष्य है। हम विजेता के रूप में आना चाहते हैं। हमारे पास विश्व कप से पहले एक साथ शिविर लगाने के लिए पर्याप्त समय नहीं था क्योंकि हम लगातार बहुत लंबे समय से खेल रहे थे। हम खिलाड़ियों को एक ब्रेक देना चाहते थे ताकि वे तरोताजा होकर और जीतने के लिए भूखे होकर लौटें। जब आपमें वह भूख होती है तो आप अच्छा खेलते हैं। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2016 में टी20 विश्व कप के लिए भारत का दौरा किया था। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण कट्टर प्रतिद्वंद्वी केवल एशिया कप और आईसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे के साथ खेलते हैं।

हम सभी को विश्व कप के लिए यात्रा करने पर गर्व है। हालांकि हमने पहले भारत में नहीं खेला है, लेकिन हम ज्यादा दबाव नहीं ले रहे हैं। हमने अपना शोध किया है और हमने सुना है कि परिस्थितियां वैसी ही हैं जैसी वे अन्य एशियाई देशों में खेलते हैं। इस बार कप्तान के रूप में यात्रा करना मेरे लिए काफी सम्मान की बात है, मुझे उम्मीद है कि हम इस बार ट्रॉफी के साथ वापस आएंगे। बाबर ने नसीम शाह की टीम से अनुपस्थिति पर भी चिंता जताई और नई गेंद की जिम्मेदारी किसे सौंपी जाएगी, इसका खुलासा करने पर चुप्पी साधे रखी और इस समय अपनी रणनीतियों को अज्ञात रखने के टीम के फैसले पर प्रकाश डाला। बाबर ने कहा, निश्चित रूप से, हमें नसीम शाह की कमी खलेगी क्योंकि शाहीन (आफरीदी) और नसीम ने एक साथ गेंदबाजी करते हुए हमें एक अलग बढ़त दी। उनके प्रतिस्थापन को चुनना आसान नहीं था, लेकिन हम सभी एक साथ बैठे और (मुख्य चयनकर्ता) इंजमाम उल हक से इनपुट लिया। हम हसन अली के साथ गए क्योंकि उनके पास अनुभव है। वह पहले भी विश्व कप खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, मैं इस पर टिप्पणी नहीं कर सकता कि नई गेंद या पुरानी गेंद कौन फेंकेगा, क्योंकि हम अभी अपनी रणनीतियों का खुलासा नहीं कर सकते हैं। लेकिन हमने अभी कोई ठोस योजना नहीं बनाई है, जब हम भारत की यात्रा करेंगे और आकलन करेंगे तो यह हमारे लिए और अधिक स्पष्ट हो जाएगा। मेगा टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखते हुए, पाकिस्तान मंगलवार रात को भारत के लिए रवाना होने के लिए तैयार है, जहां वे शुक्रवार, 29 सितंबर को हैदराबाद में खाली स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच खेलेंगे।

## सार संक्षेप

### 2024 में फिर यूपी लौटेगा मोटो जीपी भारत

**लखनऊ।** 22 से 24 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित मोटो जीपी भारत के सफल आयोजन के बाद अब योगी सरकार 2024 में इसके आयोजन की तैयारी में जुट गई है। मोटो जीपी की प्रमोटर कंपनी डोरना स्पोर्ट्स ने इसकी पुष्टि की है। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कॉर्मेलो एजपेलेटा, सीएफओ एनरिक अल्दामा, सीएसओ कार्लोस एजपेलेटा और प्रतिनिधि मार्कोस ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में सीएम योगी के साथ टीम बिल्डिंग 18 में बैठक में भाग लिया और इस दौरान मोटो जीपी भारत के बेहतरीन आयोजन को लेकर धन्यवाद देने के साथ ही अगले वर्ष फिर लौटकर आने का वादा किया। डोरना स्पोर्ट्स के सीईओ कार्मेलो ने योगी के साथ मुलाकात में मोटो जीपी रेस के आयोजन के लिए सभी तरह की प्रशासनिक सहायता प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे राइडर्स ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के ट्रैक और इसकी तकनीकी बारीकियों पर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। कार्मेलो ने कहा, मोटोजीपी 2024 में एक बार फिर बीआईसी, भारत में आने को बेताब है और हम इसको लेकर उत्साहित हैं।

### न्यूजीलैंड ने बंगलादेश को सात विकेट से हराया, सीरीज 2-0 से जीती

**मीरपुर।** बंगलादेश बनाम न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबल में आज न्यूजीलैंड ने विल यंग (70) और हेनरी निकल्स (50) के अर्ध शतकों की बदौलत बंगलादेश को 91 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा कर सीरीज 2-0 से जीत ली है। सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था।

# स्क्वैश के पूल बी मुकाबले में महिलाओं ने पाकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुषों ने सिंगापुर को शिकस्त दी



**हांगझोउ।** भारतीय महिला और पुरुष स्क्वैश टीमों ने मंगलवार को यहां अपने-अपने पूल चरण मैच में शानदार जीत के साथ 19वें एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत की। महिला टीम ने पाकिस्तान को आसानी से हरा दिया जबकि पुरुष टीम ने सिंगापुर को हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की।

महिलाओं की स्पर्धा में, अंडर-15 और अंडर-17 एशियाई चैंपियन 15 वर्षीय अनाहत सिंह ने पूल बी मुकाबले के पहले मैच में 3-0 से जीत हासिल कर भारत को बढ़त दिला दी। उन्होंने 18 मिनट तक चले मुकाबले में सादिया गुल को 3-0 (11-6, 11-6, 11-3) से हराया। इस बीच, शीर्ष खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने नूर उल हुदा सादिक के खिलाफ दूसरा मुकाबला 3-0 (11-2, 11-5, 11-7) से जीता। तीसरे मुकाबले में तन्वी खाना ने नूर उल ऐन को 3-0 (11-3, 11-6, 11-2) से हराकर भारत को जीत दिला दी। भारतीय महिलाएं अपने आखिरी पूल बी मैच में बुधवार को मलेशिया से भिड़ने से पहले मंगलवार को नेपाल और मकाओ से भिड़ेंगी। इससे पहले दिन में, पुरुष टीम ने पूल ए मुकाबले में सिंगापुर को 3-0 से हराया।

हरिंदर सिंह संधू ने जेरोम क्लेमेंट जिन मिंग पर 3-1 (11-4, 13-11, 8-11, 11-7) से जीत हासिल कर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। फिर, सौरव घोषाल ने सैमुअल कांग शान म्यू को 3-0 (11-9, 11-1, 11-4) से हराकर बढ़त बना ली, अभय सिंह ने मार्कस फुआ जिया हुई को 3-0 (11-7,11-7, 11-7) से हराकर मुकाबला भारत की झोली में डाल दिया।

# भारतीय टीम की नजरें गोल्फ के सभी चार वर्गों में पदक जीतने पर



**हांगझोउ।** सात सदस्यीय भारतीय गोल्फ टीम 19वें एशियाई खेलों में गुरुवार से शुरू होने वाले अपने मुकाबलों में शानदार हालिया फॉर्म को जारी रखने की उम्मीद कर रही होगी। चार सदस्यीय पुरुष टीम में अनिर्बान लाहिड़ी, शुभंकर शर्मा, खलिन जोशी और एसएसपी चौरसिया होंगे, जबकि महिला टीम में अदिति अशोक, प्रणवी उर्स, अवनी प्रशांत शामिल हैं।

जहां लाहिड़ी और शर्मा को पुरुष वर्ग में स्वचालित बर्थ दी गई, वहीं अदिति को महिलाओं में समान सम्मान दिया गया। पुरुषों में जोशी और चौरसिया और महिलाओं में प्रणवी और अवनी भारतीय गोल्फ संघ द्वारा सभी एमेच्योर और पेशेवर खिलाड़ियों के लिए आयोजित क्वालीफायर के माध्यम से आए।

लाहिड़ी, सात के इस समूह में एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं, उन्होंने 2006 में ऐसा किया था, जब वह शौकिया थे। उन्होंने याद किया, वह एक अद्भुत एहसास था। लाहिड़ी ने एलआईवी टूर और एशियन टूर पर अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में शीर्ष 3 प्रदर्शनों की एक श्रृंखला बनाई है, जबकि शुभंकर शर्मा ने 2023 (ब्रिटिश) ओपन में शीर्ष -10 में जगह बनाई, जो कि इस आयोजन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन है। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह बहुत रोमांचक है; जाहिर तौर पर एशियाई खेलों में फिर से खेलने का अवसर मिलना। देश का प्रतिनिधित्व करना एक बड़ा सम्मान है। जाहिर तौर पर यह कुछ ऐसा है जिसे मैं संजोता हूं और इसके लिए उत्सुक हूं। ऐसा अक्सर नहीं होता है। इसलिए यह व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए हमेशा बहुत, बहुत महत्वपूर्ण घटना होती है। मैं वास्तव में पूरी टीम के साथ समय बिताने के लिए उत्सुक हूं। मैं वास्तव में उनमें से कुछ को बहुत अच्छी तरह से नहीं जानता। गोल्फ दल के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी, जिन्होंने दो ओलंपिक खेलों - 2016 में रियो और 2021 में टोक्यो में खेला है, ने कहा, हम सभी, पुरुष और महिला दोनों एक मजबूत टीम हैं। हमारे पास कुछ लोग हैं जो अच्छी फॉर्म में हैं ।

# भारत की निगाहें ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली। फिट होने पर वापसी पर वाले श्रेयस अय्यर के शतक तथा अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन द्वारा चटकाए तीन विकेट से भारत इंदौर में मेहमान ऑस्ट्रेलिया से दूसरा मैच भी 99 रन से जीत 2-0 की विजय दाई बढ़त के साथ तीन अंतरराष्ट्रीय वन डे मैचों की क्रिकेट सीरीज अपने नाम कर चुका है। नियमित कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव जैसे धुरंधरों के राजकोट में बुधवार को तीसरे और आखिरी वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए टीम जुड़ने के बाद भारत की निगाहें इसमें भी ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दे उसका 3-0 से सूपड़ा साफ कर चेन्नै में आईसीसी वनडे विश्व कप में 8 अक्टूबर को पहले मैच से उसके हौसले पस्त होने की होगी। अपनी चोट से उबर रहे अक्षर पटेल तथा बढिया़ फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और शार्दूल ठाकुर भारतीय टीम के साथ तीसरे आखिरी वन डे अंतर्राष्ट्रीय टीम के साथ राजकोट नहीं आए हैं। वही शुरू के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा सीरीज के शुरू के दो मैचों से बाहर रहे उपकप्तान हार्दिक पांडया और पहले मैच में पांच विकेट चटका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत की नींव रखने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी टीम के साथ राजकोट में नहीं है। इन पांच दिग्गजों के तीसरे और वन डे के लिए भारतीय टीम से बाहर रहने के बावजूद भारत के पास राजकोट के आखिरी वन डे के लिए एक मजबूत एकादश उपलब्ध है। अब महज औपचारिकता पूरी करने के लिए खेले जाने वाले मैच के लिए भारत को 13 खिलाड़ी उपलब्ध होंगे।

■ रोहित और विराट तीसरे वनडे के लिए भारतीय टीम से जुड़े

■ अश्विन की कोशिश स्पिन का जाल बुन विश्व कप के लिए दावा मजबूत करने की



जहां तक अक्षर पटेल की बात वह तेजी से फिट हो रहे लेकिन टीम प्रबंधन उन्हें फिट होने के लिए पूरा आराम देना चाहता है। ऐसे में खासतौर पर अश्विन राजकोट में तीसरे और आखिरी वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच भी स्पिन का जाल बुनकर भारत को इसमें जीत दिलाने के साथ ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ कर खुद का वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम में स्थान पाने का दावा मजबूत करने के इरादे से उतरेंगे। दिग्गजों की वापसी पर भारत को तीसरे वनडे एकादश चुनने के लिए बेशक माथापच्ची करनी होगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया की एकादश में नियमित कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क और बैटिंग ऑलराउंडर मिचेल मार्श की तीसरे वनडे के लिए मेहमान टीम में वापसी और जोश हेजलवुड की पहले से ही मौजूदगी में तेज गेंदबाज आक्रमण सीरीज के शुरू के दो मैचों के मुकाबले ऑस्ट्रेलिया का गेंदबाज बेशक राजकोट में तीसरे और आखिरी मैच में बेहतर नजर आ रहा है। वन डे क्रिकेट विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे सुखद यह है कि चोट से उबरने के बाद उसके धुरंधर विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल, श्रेयस अय्यर और अनुभवी तेज गेंदबाज पूरी तरह फिट होने के साथ एकदम सही समय पर रंग में आए ही हैं टी-20 क्रिकेट के 360 डिग्री यानी किसी भी वक्त कहीं भी स्ट्रोक खेलने में सक्षम सूर्य कुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा सीरीज के शुरू के दोनों वन डे मैचों मैच के मिजाज के मुताबिक बड़ी पारियां खेल कर दिखाया कि वह घर में वन डे विश्व कप में टीम इंडिया के लिए धमाल करने को तैयार हैं। सोने पर सुहागा यह है कि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के रंग में होने और बदकिस्मती से यदि वन डे विश्व कप के शुरू होने तक अक्षर भी पूरी तरह फिट न पाए तो उनकी जगह लेने के लिए ऑफ स्पिनर ऑलराउंडर- रविचंद्रन अश्विन एकदम तैयार हैं।

## सुडोकू 6329 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 9 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 9 | 5 | 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 |

| SENSEX | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 65945.47 ▼ 78.22 | NSE | 19664. 70 ▼ 9.85 | MCX Gold | 58495 ▼ 206 |
| | | | | silver | 71771 ▼ 379 |



# [ अर्थ जगत ]

## मुनाफावसूली से सेंसेक्स 78 अंक टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 78 अंक के नुकसान में रहा। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी जारी रहने के बीच आईटी और बैंक शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 78.22 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65,945.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 158.06 अंक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के 14 शेयर नुकसान में जबकि 16 लाभ में रहे।



## लोगों को बेहतर सेवा देने के लिए स्थानीय भाषा सीखें कर्मचारी : सीतारमण



**चेन्नई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि कर्मचारियों को स्थानीय भाषा सीखनी चाहिए, ताकि वे लोगों को बेहतर सेवाएं मुहैया करा सकें। वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रही है और मौजूदा चुनौतियों के बावजूद भारत उज्वल भविष्य की ओर अग्रसर है। वित्त मंत्री ने यहां रोजगार मेले में सफल उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि नौकरी के लिए चयनित और जरूरत के अनुसार अन्य राज्यों में नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को स्थानीय भाषा सीखनी चाहिए। इससे वे लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करा सकेंगे। उनहोंने उम्मीदवारों को तमिलनाडु स्थित सार्वजनिक उपक्रमों में नौकरी के लिए आवेदन करने को प्रोत्साहित किया। सीतारमण ने केंद्र के रोजगार मेले का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार अक्टूबर 2022 से इसका आयोजन कर रही है। सरकार ने अब तक लगभग 10 लाख लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। प्रधानमंत्री ने आज देशभर में 51 हजार नियुक्ति पत्र डिजिटल तरीके से सौंपे, जिसमें तमिलनाडु के 553 लोगों को नियुक्ति पत्र दिए गए।

## कनाडा से तनातनी, फिर महंगी दाल से छुटकारा कैसे?

# सरकार ने तुअर, उड़द के लिए स्टॉक लिमिट दो माह के लिए बढ़ाई



*__नई दिल्ली।__ इस बार त्योहारों के मौसम के साथ ही देश के 5 राज्यों में चुनाव भी होने वाले हैं. ऐसे में सरकार के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता त्यौहारी सीजन में महंगाई को कंट्रोल में रखने की है.इसी मुहिम के तहत सरकार गैर बासमती चावल, प्याज समेत कई तरह के खाद्य पदार्थों के निर्यात को कंट्रोल करने से जुड़े फैसले ले चुकी है. सरकार नहीं चाहती कि निर्यात के असर से यहां पर किसी भी खाद्य पदार्थ की कमी हो, जिससे उनके दाम देश में बढ़ जाएं. इसी कड़ी में भारत सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए अरहर और उड़द की स्टॉक सीमा को 30 अक्टूबर से बढ़ाकर 31 दिसंबर 2023 कर दिया है. ये फैसला ऐसे समय में लिया गया है जबकि कनाडा और भारत के बीच तनाव जोर पकड़ रहा है, जहां से दालों का आयात ज्यादा होता है.*

**दाल के दाम बढ़ने के रोकने के लिए फैसला-** कनाडा से तनाव के बीच देश के लोगों को दाल की किल्लत न हो और इसकी कीमतें स्थिर रहें, इसके लिए सरकार ने एक बड़ा फैसला किया है. आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत दालों के भंडारण पर ये स्टॉक लिमिटेड लगाई गई है. कुछ स्टॉक रखने वाली संस्थाओं के लिए स्टॉक सीमा में बदलाव भी किया है. इससे कीमत बढ़ाने वाले व्यापारियों पर नकेल कसी जा सकेगी. सरकार की ओर से जारी एक अधिसूचना के मुताबिक, गोदाम में थोक विक्रेताओं और बड़ी संख्या में रिटेलर्स के पास स्टॉक सीमा को 200 मीट्रिक टन से घटाकर 50 मीट्रिक टन कर दिया गया है. चक्की के लिए स्टॉक सीमा को पिछले 3 महीने के उत्पादन या सालाना क्षमता से 25 फीसदी की कटौती की गई है

**दालों के बढ़ते दाम ने बढ़ाई मुश्किल!-** सरकार को रिटेलर्स के लिए स्टॉक सीमा में 75 फीसदी कटौती इसलिए करनी पड़ी, क्योंकि काफी कोशिशों के बावजूद दालों की कीमतों में कमी नहीं आ रही थी. इसकी एक वजह डिमांड और सप्लाई का अंतर भी है. उदाहरण के तौर पर देश में अरहर दाल की मांग और खपत में करीब 11 लाख मीट्रिक टन का अंतर है. अरहर दाल की सालाना खपत 45 लाख टन है जबकि इसका देश में उत्पादन महज 34 लाख टन ही रह गया है. ऐसे में इस सबसे लोकप्रिय दाल की कीमतों में बढ़ोतरी सरकार के लिए सिरदर्द बनती जा रही थी. 5 राज्यों के चुनावों में विपक्ष के सामने अपनी रणनीति को असफल होने से रोकने के लिए सरकार महंगाई का जोखिम लेने की स्थिति में नहीं है. यही वजह है कि इसके पहले पिछले हफ्ते ही गेहूं की स्टॉक लिमिटेड भी घटाई गई थी.

**जमाखोरी को रोकने के लिए फैसला-** उपभोक?ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मुताबिक, स्टॉक सीमा में बदलाव और डेडलाइन को आगे बढ़ाने का मकसद जमाखोरी को रोकना है. इससे बाजार में पर्याप्त मात्रा में अरहर और उड़द दालों को उपलब्ध कराने का सरकार प्रयास करेगी. जब दालों की सप्लाई में रुकावट नहीं आएगी, तो लोगों को कम कीमतों पर अरहर दाल और उड़द दाल आसानी से उपलब्ध हो सकेगी. इस नए आदेश को देखें तो सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 दिसंबर, 2023 तक अरहर और उड़द दालों के लिए स्टॉक सीमा तय की गई है.थोक विक्रेताओं के लिए हरेक दाल पर व्यक्तिगत रूप से लागू स्टॉक सीमा 50 मीट्रिक टन है. रिटेलर्स के लिए 5 मीट्रिक टन, हरेक रिटेल आउटलेट पर 5 मीट्रिक टन, रिटेलर्स के लिए डिपो में 50 मीट्रिक टन, चक्की के लिए उत्पादन के आथिरी 1 महीने या सालाना स्थापित क्षमता का 10 फीसदी (दोनों में जो भी ज्यादा हो). आयातकों को सीमा शुल्क निकासी के दिन से 30 दिनों से ज्यादा आयातित स्टॉक नहीं रखना है. संबंधित संस्थाओं को उपभोक्ता मामले विभाग के पोर्टल पर स्टॉक की स्थिति की जानकारी देनी होगी. अगर उनके पास स्टॉक तय सीमा से ज्यादा पाया जाता है तो वो अधिसूचना जारी होने के 30 दिनों के भीतर इसे तय स्टॉक सीमा तक लेकर लाएंगे।

## बासमती चावल के निर्यात मूल्य में 300 डॉलर प्रति टन की कमी कर सकती है सरकार



**नई दिल्ली ।** सरकार बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) को कम करने पर विचार कर सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान द्वारा कीमतों में कटौती के बाद उसका मुकाबला करने के लिए केंद्र बासमती चावल पर एमईपी को मौजूदा 1,200 डॉलर प्रति टन से लगभग 300 डॉलर प्रति टन कम कर सकता है। ऐसी खबरें हैं कि पाकिस्तान ने इसके लिए 1,050 डॉलर प्रति टन की कीमत तय की है। समझा जाता है कि केंद्रीय वाणिज्य और खाद्य मंत्री पीयूष गोयल ने बासमती निर्यातकों के साथ एक वर्चुअल बैठक की, जहां स्पष्ट रूप से यह निर्णय लिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय बासमती चावल की वैश्विक प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। सरकार इस सप्ताह इसकी घोषणा कर सकती है। चावल की कुछ किस्में निर्यात के लिए ही उगाई जाती हैं और उनका घरेलू बाजार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। पिछले महीने सरकार ने नियमित बासमती चावल की आड़ में गैर-बासमती चावल की धोखाधड़ी वाली खेप को रोकने के लिए बासमती चावल का न्यूनतम निर्यात मूल्य 1,200 डॉलर प्रति टन तय करते हुये इससे कम कीमत के बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# एलपीजी सिलेंडर और मुफ्त राशन पर केंद्र सरकार की बड़ी तैयारी, हो सकता है ऐलान



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून और रसोई गैस पर दी जाने वाली सब्सिडी स्कीमों का मूल्यांकन कर सकती है। इसके जरिए सरकार अपने खर्च को कंट्रोल करना चाहती है। इससे यह भी तय हो सकेगा कि सही लाभार्थी को सब्सिडी का लाभ मिल रहा है या नहीं। बता दें कि इन दोनों योजनाओं की वजह से सरकारी खजाने पर प्रति वर्ष लगभग 4,00,000 करोड़ रुपये का बोझ आता है।

इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, नीति आयोग के डेवलपमेंट मॉनेटरिंग और इवैल्यूएशन ऑफिस ने दो स्कीम्स के इवैल्यूएशन के लिए एक केंद्रीय समन्वय एजेंसी के प्रपोजल मंगाए हैं। इस प्रपोजल में डीएमईओ ने कहा है कि सरकार 2013 में अधिनियमित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के जरिए दुनिया में सबसे बड़े सार्वजनिक खाद्य और पोषण सुरक्षा को लागू करती है। सरकार की ओर से बड़े खर्च के बावजूद भारत में खाद्य सुरक्षा और पोषण संबंधी परिणामों में प्रगति धीमी रही है। इसके बावजूद ग्लोबल हंगर में भारत की हिस्सेदारी करीब 30 फीसदी है। वहीं, एलपीजी सब्सिडी के मूल्यांकन के पीछे तर्क बताते हुए प्रस्ताव में कहा गया है कि चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एनर्जी कंज्यूमर है। भारत में एलपीजी की वर्तमान खपत केरोसिन की 1.13 प्रतिशत की तुलना में कुल पेट्रोलियम उत्पादों का 12.3 प्रतिशत तक बढ़ गई है। चल रही योजनाओं से संभावित रूप से एलपीजी के उपयोग में और वृद्धि होगी, जिससे उनका मूल्यांकन अनिवार्य हो जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार भारत में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की खपत देश की ऊर्जा जरूरतों का एक तिहाई से अधिक है।

# अगले महीने 7 तारीख को होगी जीएसटी काउंसिल की बैठक, हो सकते हैं बड़े फैसले




*__नई दिल्ली।__ अगले महीने यानी अक्टूबर में जीएसटी काउंसिल की 52वीं बैठक होने जा रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं।*

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बैठक में मिलेट यानी मोटे अनाज पर जीएसटी दरों में कटौती को लेकर चर्चा हो सकती है। मोटे अनाज के पेकेज्ड प्रोडक्ट्स पर लगने वाले जीएसटी को घटाकर जीरो किया जा सकता है। वहीं रेट रेशनलाइजेशन पर जीओएम के पुर्नगठन पर फैसला हो सकता है। इसी के साथ ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर 28 फीसदी जीएसटी के कार्यान्वयन पर चर्चा हो सकती है। हालांकि, 1 अक्टूबर से सभी राज्यों को ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लागू करना है। इसे लागू करने को लेकर सरकार नोटिफिकेशन जारी कर चुकी है।

**अगस्त में हुई थी 51वीं बैठक**

इससे पहले 51वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक 2 अगस्त, 2023 को हुई थी। इस बैठक में कैसिनो, हॉर्स रेसिंग और ऑनलाइन गेमिंग आदि को लेकर जीएसटी दरों को लेकर फैसला लिया गया था।

बैठक में तीन मदों पर जीएसटी की दर 28 प्रतिशत निर्धारित की गई थी। जीएसटी काउंसिल की बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। जीएसटी की दरों को लेकर होने वाले सभी महत्वपूर्ण फैसले जीएसटी काउंसिल की बैठक में लिए जाते हैं। अब जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक अक्टूबर में होने जा रही है। यह बैठक नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में होगी।

**हुए थे ये फैसले**

पिछली जीएसटी काउंसिल में कई अहम फैसले लिए गए थे। इस बैठक में पापड़ और कचरी जैसे सामानों पर जीएसटी की दर को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया था। इसके साथ ही इसरो, न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड और एंट्रिक्स कॉरपोरेशन लिमिटेड और निजी कंपनियों द्वारा दी जाने वाली सैटेलाइट लॉन्च सर्विसेज पर कोई जीएसटी नहीं लगाने का फैसला लिया था

# सोने में तेजी के आसार: कहां निवेश करना बेहतर ?

*__नई दिल्ली।__ ग्लोबल लेवल पर महंगाई की दर ऊंची बने रहने और वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता की वजह से निवेश के 'सुरक्षित विकल्प' के तौर पर सोने को सपोर्ट मिल रहा है। साथ ही भू-राजनीतिक तनाव ने इस अनिश्चितता को बढ़ाकर सोने की चमक में और इजाफा किया है ।*

जानकारों के मुताबिक भारत सहित विश्व के अन्य केंद्रीय बैंकों की तरफ से सोने की खरीद में तेजी से भी कीमतों को मदद मिल रही है। फिलहाल घरेलू बाजार में एमसीएक्स पर सोना 59 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के आस-पास है। जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव 1,910 से 1,930 डॉलर प्रति औंस के बीच है।

केडिया एडवाइजरी के एमडी अजय केडिया के मुताबिक मौजूदा कैलेंडर ईयर (2023) के अंत तक घरेलू बाजार में सोना 62 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के लेवल को पार कर सकता है। जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में येलो मेटल के 2,100 डॉलर प्रति औंस तक जाने की संभावना है। अजय केडिया के अनुसार जियो-पॉलिटिकल टेंशन, महंगाई और केंद्रीय बैंकों की तरफ से लगातार हो रही खरीद



गोल्ड के लिए प्रमुख सपोर्टिव फैक्टर्स हैं। गोल्ड में आगे बन रही तेजी को इसी बात से समझा जा सकता है कि यूएस में लगातार ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बावजूद इसकी चमक फीकी नहीं हुई है। आने वाले फेस्टिव सीजन के दौरान खरीदारी निकलने से भी कीमतों को सपोर्ट मिल सकता है। हालांकि ग्लोबल लेवल पर बैंकिंग संकट को लेकर बने डर के कम होने और अमेरिका में डेट-सीलिंग को लेकर जारी गतिरोध के सुलझने के बाद गोल्ड की कीमतें मई के अपने हाई से (मई 2023 की शुरुआत में कीमतें कमोबेश ऑल टाइम हाई तक ऊपर चली गई थी) तकरीबन 5 फीसदी तक टूट चुकी है।

## निवेशकों के सामने दुविधा

कीमतों में तेजी की संभावना के मद्देनजर आम निवेशक फिर से सोने में निवेश को लेकर काफी उत्सुक दिख रहे हैं। लेकिन वे इस बात को लेकर दुविधा में हैं कि आखिर सोने में निवेश के उपलब्ध विकल्पों में से किसे प्राथमिकता दी जाए। सोने में निवेश आप फिजिकल या इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में कर सकते हैं। लेकिन फिजिकल फॉर्म में गोल्ड खरीदना निवेश के नजरिए से बेहतर विकल्प नहीं है। इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में भी निवेश के दो विकल्प काफी प्रचलित हैं ङ्क गोल्ड ईटीएफ और सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड। इनमें भी सबसे बेहतर है सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड।

## आयकर विभाग ने स्टार्टअप में निवेश के मूल्यांकन को 'एंजल कर' नियम अधिसूचित किए

*__नयी दिल्ली।__ आयकर विभाग ने स्टार्टअप कंपनियों द्वारा निवासी और अनिवासी निवेशकों को जारी इक्विटी और अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय तरजीही शेयरों (सीसीपीएस) के मूल्यांकन के लिए नियमों को अधिसूचित किया है।*

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर अधिनियम के नियम 11यूए में बदलाव के तहत यह प्रावधान किया है कि अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय तरजीही शेयरों का मूल्यांकन भी उचित बाजार मूल्य पर आधारित हो सकता है। संशोधित नियमों में नियमों के मसौदे में प्रस्तावति पांच नए मूल्यांकन के तरीकों को भी कायम रखा गया है। ये हैंज्तुलनात्मक कंपनी एकाधिक विधि, संभाव्य भारित अपेक्षित प्रतिफल विधि, विकल्प मूल्य निर्धारण विधि, विश्लेषण विधि, और प्रतिस्थापन लागत की विधि।

नांगिया एंड कंपनी एलएलपी के भागीदार अमित अग्रवाल ने कहा कि भारतीय आयकर अधिनियम के नियम 11यूए में संशोधन करदाताओं को कई मूल्यांकन विधियों के माध्यम से लचीलेपन की पेशकश करके सकारात्मक बदलाव लाने वाला है। अग्रवाल ने कहा, ये बदलाव करदाताओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त दृष्टिकोण सहित चयन के लिए मूल्यांकन विधियों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। इससे विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी और चीजों में स्पष्टता आएगी। एकेएम ग्लोबल के कर भागीदार अमित माहेश्वरी ने कहा कि नए एंजल कर नियमों ने सीसीपीएस मूल्यांकन तंत्र के एक महत्वपूर्ण पहलू का बहुत अच्छी तरह से ध्यान रखा है, जो पहले नहीं था, क्योंकि उद्यम पूंजी (वीसी) कोषों द्वारा भारत में अधिकांश निवेश केवल सीसीपीएस मार्ग के माध्यम से किया जाता है।

# डिजिटल भुगतान की संख्या अगस्त में 10 अरब, यूपीआई का इस्तेमाल बढ़ा




**नई दिल्ली।** एकीकृत भुगतान प्रणाली यूपीआई के जरिये डिजिटल भुगतान की संख्या अगस्त में कई गुना बढ़कर 10 अरब होने के पीछे ग्राहकों से दुकानदारों (पी2एम) को किए जाने वाले लेनदेन में आई तेजी की अहम भूमिका रही है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

वर्ल्डलाइन की रिपोर्ट कहती है कि जनवरी, 2018 में यूपीआई से 15.1 करोड़ लेनदेन किए गए थे और यह संख्या जून, 2023 में बढ़कर 9.3 अरब हो गई थी। अगस्त में यह आंकड़ा 10 अरब के पार पहुंच गया। इसके पीछे पी2एम लेनदेन में हुई जबर्दस्त तेजी का अहम योगदान रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी 2022 में पी2एम का हिस्सा कुल यूपीआई लेनदेन में 40.3 प्रतिशत था। डेढ़ साल में यह अनुपात बढ़कर जून, 2023 में 57.5 प्रतिशत हो गया। इस अनुपात के आगे भी बढ़ने का अनुमान है। इसके अलावा यूपीआई लेनदेन से भेजी जाने वाली औसत राशि का आकार भी भविष्य में इसके विस्तार का संकेत देता है।

जनवरी, 2022 में यूपीआई से पी2एम लेनदेन का औसत आकार 885 रुपये था जो जून, 2023 में घटकर 653 रुपये रह गया। इससे पता चलता है कि अब लोग कम राशि का लेनदेन भी यूपीआई के जरिये करना पसंद कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, राजमार्गों पर इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह के इस्तेमाल ने टोल भुगतान के तरीके को काफी हद तक बदल दिया है। इस भुगतान में भी यूपीआई लेनदेन का प्रमुख रूप से इस्तेमाल हो रहा है।

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60550 चांदी टंच-74000

चांदी रिफाइन -75000

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60550 चांदी टंच-74000

चांदी रिफाइन -75000

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83. 23 |
| एक यूरो | 88. 18 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 101. 45 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53· 39 |
| एक जापानी येन | 00· 55 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 112 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 122 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 प्रति कि.

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 77 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. कि लो

(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# राजुल बिल्डर के घर व दफ्तर पर आयकर विभाग का छापा, नामी-बेनामी संपत्ति की जांच शुरू

## नर्मदा परिक्रमा समिति के कार्यकर्ता बन पहुंचे अधिकारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में बड़े बिल्डर व व्यापारी आयकर विभाग के निशाने पर हैं। बीते कुछ दिनों में आयकर विभाग ने कुछ मुख्य व्यापारियों के घर व दफ्तर पर छापा मार कार्यवाही की है। इसी कड़ी में मंगलवार को आयकर विभाग ने शहर के नामचीन बिल्डर राजुल के संचालक दिलीप मेहता के घर, दफ्तर सहित अन्य दफ्तरों पर मंगलवार सुबह श्री गणेशोत्सव सेवा समिति डिंडौरी के स्टीकर लगे वाहनों में पहुंची आयकर विभाग की एंटी इवेजन टीम ने दबिश दी है। राजुल के 1813 सिल्वर ओक कम्पाउंड स्थित घर, समदड़िया ज्वैलर्स रसल चौक के बाजू में स्थित बिल्डिंग सहित साइट्स के अन्य दफ्तरों में भी जांच-पड़ताल की जा रही है।

सूत्रों से पता चला है कि प्रॉपर्टी के नामी-बेनामी लेन-देन और नकद तथा बैंक ट्रांजेक्शन को चैक किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि भोपाल से आई टीम के साथ जबलपुर आयकर विभाग के अधिकारियों को भी कार्रवाई में शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में यहां टैक्स चोरी का मामला सामने आया है। इसे एकजाई कर बनाई जा रही लिस्ट देख कर स्वयं आयकर विभाग के अधिकारी हैरान हैं। इसमें रिर्टन भरने में ही गड़बड़ी पकड़ आना बताया जा रहा है।




आयकर की टीम ने राजुल बिल्डर के दो खास कर्मचारियों से भी अलग-अलग पूछताछ कर रही है। सूत्रों की मानें तो उनके घरों में भी दबिश दी गई है। बताया जाता है कि राजुल बिल्डर के मुख्य कार्यालय में करीब एक दर्जन से ज्यादा अधिकारी सर्चिंग में जुटे हैं। वहीं आयकर विभाग के अधिकारी अभी कुछ भी नहीं कह रहे हैं। उनका ऐसा मानना है कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। लेकिन सूत्रों से पता चला है कि कुछ दस्तावेज ऐसे मिले हैं जिसमें विभाग को शंका है।

# बारिश का नया सिस्टम बना, जबलपुर, इंदौर, शहडोल, रीवा संभाग में होगी बारिश



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश झमाझम बारिश से मानसून का कोटा पूरा हो चुका है। लेकिन अब दिन के वातावरण में उमस का दौर जारी है। वहीं रात में ठंडक महसूस होने लगी है। इस माह 11 इंच के लगभग बारिश हो चुकी है, जिसके चलते प्रदेश में बारिश का आंकड़ा भी लेबल पर आ गया है।

यदि औसत बारिश की बात की जाए तो अभी तक 36.94 इंच पानी गिर चुका है। अब एक बार फिर 28 सितम्बर से नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है। जो जबलपुर, इंदौर, रीवा व शहडोल संभाग में भिगाएगा। मौसस विशेषज्ञों की माने तो नए सिस्टम का असर नर्मदापुरम, उज्जैन, सागर, ग्वालियर, भोपाल व चंबल संभाग में कम होगा। यहां पर हल्की बारिश हो सकती है। वहीं जिन संभाग में यह सिस्टम एक्टिव होगा वहां पर बारिश भी रुक-रुक होने की संभावना है। अभी प्रदेश दो ट्रफ लाइन गुजर रही है जिसके चलते बारिश का दौर अभी जारी है।

अगले 24 घंटे में भोपाल, उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य जिलों में धूप-छांव व बूंदाबादी हो सकती है। इसके अलावा कहीं-कहीं तेज बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। जहां तक जबलपुर की बात है तो यह बारिश ने अपना कोटा पूरा कर लिया है। सभी जलाशय भर चुके है, जिनसे शहरवासियों को पानी की सप्लाई की जाती है।

# गणेश पंडाल में घुसी मिक्सर मशीन, नशे की हालत में था चालक, लोग बाल-बाल बचे

**अनूपपुर, देशबन्धु।** अनूपपुर जिले में चंचाई क्षेत्र में स्थापित एक गणेश पंडाल में सोमवार रात एक मिक्सर मशीन अंदर जा घुसी। बताया जा रहा है कि मशीन का चालक शराब के नशे में था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में पुलिस की मदद से मिक्सर मशीन को पंडाल से निकाला गया।



जानकारी के अनुसार चचाई की ओर से आ रही मिक्सर मशीन का ड्राइवर शराब के नशे में था। मिक्सर मशीन जैसे ही पीएचई ऑफिस के पास पहुंची। वह अनियंत्रित हो गई। शराब के नशे में ड्राइवर ने गाड़ी से छलांग लगा दी। मशीन अनियंत्रित होकर गणेश पंडाल में जा घुसी। गणेश पंडाल के पास भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग वहां एकत्रित थे। गनीमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। घटना की सूचना लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद मिक्सर मशीन को बाहर निकाला।

# पमरे से गुजरनी वाली 5 जोड़ी ट्रेनों के प्रायोगिक ठहराव की अवधि बढ़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पमरे भोपाल मण्डल से गुजरने वाली पाँच जोड़ी रेलगाडियों के विगत छः माह के प्रायोगिक ठहराव की अवधि को अगले छः माह तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मण्डल के अंतर्गत आने वाले पिपरईगांव, बीना एवं कोलारस स्टेशनों पर प्रायोगिक ठहराव की अवधि को विस्तारित किया गया है।

**प्रायोगिक हाल्ट अवधि को विस्तारित की जाने वाली ट्रेन-**

- साबरमती एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 19165 अहमदाबाद-दरभंगा ट्रेन को 29 मार्च 2024 तक और गाड़ी संख्या 19166 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेन को 30 मार्च 2024 तक दोनों दिशाओं में पिपरईगांव स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया है।

- शताब्दी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12001/12002 रानी कमलापति-नई दिल्ली-रानी कमलापति एक्सप्रेस ट्रेन को 05 अप्रैल 2024 तक दोनों दिशाओं में बीना स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया है।

- गाड़ी संख्या 11125/11126 रतलाम-ग्वालियर-रतलाम एक्सप्रेस ट्रेन को 28 अप्रैल 2024 तक दोनों दिशाओं में कोलारस स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया है।



- गाड़ी संख्या 21125/21126 रतलाम-भिण्ड-रतलाम एक्सप्रेस ट्रेन को 29 अप्रैल 2024 तक दोनों दिशाओं में कोलारस स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया है।

- गाड़ी संख्या 14317 इंदौर-देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन को 30 अप्रैल 2024 तक और गाड़ी संख्या /14318 देहरादून-इंदौर एक्सप्रेस ट्रेन को 28 अप्रैल 2024 तक दोनों दिशाओं में कोलारस स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव बढ़ा दिया गया है।

# गणपति विसर्जन के लिए गए 8 बच्चे कुंड में डूबे, चार की मौत

**दतिया, देशबन्धु।** दतिया से बड़ी खबर प्रकाश में आयी है। यहां जिले के ग्राम निआऊल बड़ेनिया स्थित एक मंदिर में सार्वजनिक तौर पर गणेश प्रतिमा की स्थापाना की गई थी। जिसका विसर्जन कार्यक्रम मंगलवार को किया जाना निश्चित किया। ग्राम के लोग बड़े धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ विसर्जन के लिये निकले थे। जिसमें बच्चे भी साथ गये थे। प्रतिमा जैसे ही विसर्जन के कुंड में गई। साथ ही 8 बच्चे भी कुंड में गिर गये। जिसके बाद ग्रामीणों में चीख पुकार मच गई। लोग बच्चों को बचाने के लिये मदद के लिये आवाज लगाते रहे। कुछ लोग ने कुंड में छलांग लगाकर चार बच्चों को बाहर निकाला। लेकिन शेष चार की मौत हो गई। बाहर निकाले गये बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि ग्राम निआऊल बड़ेनिया में सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में गणपति विसर्जन के दौरान 8 बच्चे कुंड में डूब गए। इनमें अंश पाल पिता ब्रजमोहन पाल (14), कृष्णा पाल पिता रामहजुर पाल (16) और आस्था पिता श्रीराम पाल (15) हैं। इसके अलावा बाकी बच्चों को बचा लिया गया है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पीएससी से होने वाली नियुक्तियां याचिका के अधीन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने मप्र लोक सेवा आयोग (पीएससी) की परीक्षा से होने वाली नियुक्तियों को याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने हालांकि याचिकाकर्ताओं को मुख्य परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी है।

जबलपुर निवासी शालिनी गुप्ता समेत 52 परीक्षार्थियों की ओर से यह याचिका दायर की गई है। जिसमें कहा गया कि उन्होंने पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा दी थी। परीक्षा में एक प्रश्न था कि भारत छोड़ो आंदोलन कब शुरू हुआ। याचिकाकर्ताओं ने उसका उत्तर 9 अगस्त 1942 दिया। पीएससी ने इस प्रश्न के उत्तरों के विकल्प को गलत बताते हुए उसे डिलीट कर दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने भी हाल ही में ट्वीट कर 9 अगस्त को ही भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत माना था। इसके अलावा केन्द्र की अधिसूचना में भी 9 अगस्त का आंदोलन घोषित किया गया है, ऐसी स्थिति में उक्त प्रश्न को डिलीट नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि सभी याचिकाकर्ता परीक्षार्थियों को कट-ऑफ से केवल एक अंक कम मिले हैं। सभी को यदि उक्त उत्तर के अंक मिलते तो वे मुख्य परीक्षा के लिए पात्र हो जाते। वहीं पीएससी की ओर से दलील दी गई कि बिपिन चंद्र के सहित्य मार्डर्न इंडिया के मुताबिक भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत 8 अगस्त को हुई

# कटनी जिला शिक्षा अधिकारी से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने पूर्व आदेश का पालन न होने पर जिला शिक्षा अधिकारी कटनी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

यह मामला कटनी निवासी सेवानिवृत्त प्राचार्य बृजमोहन सिंह की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि उन्हें तीन सौ दिनों के अर्जित अवकाश का भुगतान नहीं किया गया। जिस पर उनकी ओर से पूर्व में हाईकार्ट में याचिका दायर की गई थी। जिस पर न्यायालय ने जिला शिक्षा अधिकारी को 60 दिन के भीतर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिये थे। आदेश का पालन न होने पर अवमानना याचिका दायर की गई। जिस पर नोटिस जारी होते ही जिला शिक्षा अधिकारी ने 22 दिसंबर 2022 को 126 दिन की अर्जित अवकाश राशि का भुगतान कर दिया। साथ ही शेष राशि को लेकर अनुशंसा कर दी। इसके बावजूद जब अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया तो जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने ही पूर्व आदेश का पालन नहीं किया। इसीलिए याचिका दायर करनी पड़ी। हाईकोर्ट ने तर्क सुनने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

# दस में से सिर्फ तीन ही राज्यों में सूचना आयुक्त हैं पदस्थ

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में राज्य सूचना आयुक्त की पदस्थापना नहीं किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिका में कहा गया कि सूचना आयुक्तों की निर्धारित पदों की संख्या दस है। वर्तमान में मुख्य सूचना आयुक्त सहित तीन सूचना आयुक्त ही पदस्थ है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमठ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।



## याचिका में दावा, नोटिस जारी

लॉ स्टूडेंट एसोसियेशन की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि आरटीआई एक्ट के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई के लिए अधिकत्तम 180 दिनों का समय निर्धारित है। प्रदेश में मुख्य सूचना आयुक्त सहित सूचना आयुक्त के निर्धारित पदों की संख्या दस है। वर्तमान में मुख्य सूचना आयुक्त सहित दो सूचना आयुक्त की पदस्थापना सरकार द्वारा की गई है, सात पद अब भी रिक्त है। जिस कारण सैकड़ों की संख्या में द्वितीय अपील लंबित है। याचिका के साथ लंबित प्रकरणों की जानकारी भी पेश की गई। वहीं आवेदक की ओर से कहा गया कि प्रदेश सरकार ने साल 2021 में सूचना आयुक्त के पदों को भरने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। इसके बावजूद भी उनकी पदस्थापना अभी तक नहीं की गई है। याचिका में प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव तथा राज्य सूचना आयुक्त को अनावेदक बनाया गया था। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# एक दर्जन एचएजी अधिकारियों का लेवल 16 में चयन

**जबलपुर,देशबन्धु।** मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति सचिवालय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग दिल्ली में 12 रेलवे अधिकारियों जो कि एच.ए.जी.के हैं उन्हें लेवल 16 में चयनित किया गया है। इसमें पूर्व में मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर में पदस्थ शोभना बंधोपाध्याय का नाम भी शामिल है।

सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार एस.श्रीनिवास,एस के पांडे,रामकरन यादव,मनोज कृष्ण अखोरी,अनिल कुमार खंडेलवाल,रवीन्द्र गोयल, अरविंद्र श्रीवास्तव, सौम्या माथुर, रूपा, श्रीनिवासन, शोभना बंधोपाध्याय मिस. अरूण नायर, हितेन्द्र मलहोत्रा इस सूची में इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस, इंडियन रेलवे सिंग्रल एवं इलेक्ट्रिकल सर्विस व अन्य विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है। पल्लवी सिंह प्रकाश निदेशक एसीसी ने पत्र क्रमांक 23/51/2022 ईओ/ एसीसी/ दिल्ली 25 सितम्बर को अनुमोदन की सूची रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा रेल भवन दिल्ली को प्रेषित की है। जानकारी के मुताबिक अगले माह में पमरे के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता,सेवा निवृत्त हो रहे हैं, इनके अलावा और भी जोन में अधिकारियों की पदस्थापना किया जाना है।

# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता और पुलिस के बीच हुई जोरदार झड़प, कई पुलिसकर्मी घायल



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता और पुलिस के बीच जोरदार झड़प हुई। इस दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। उमरिया में उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल हो गया, जब जिला मुख्यालय में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता और पुलिस के बीच जोरदार झड़प हो गई। इसकी वजह से कई पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं, जिनके सिर से खून बहता हुआ साफतौर पर देखा गया है।

उल्लेखनीय है कि पुरानी लंबित मांगों को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मंगलवार को जिला मुख्यालय उमरिया में रैली निकाल कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन देने के लिए सोच रहे थे। जहां अचानक पुलिस की कार्रवाई से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता नाखुश हो गए और स्टेशन चौराहे को बंद कर दिया। उमरिया शाहपुरा सहित उमरिया-कटनी मार्ग अवरुद्ध हो जाने की वजह से और घोषित जाम को हटाने के लिए पुलिस ने बल का प्रयोग किया। जहां गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी बहस भी देखी गई। बहस अचानक कहासुनी पर उतर गई और दोनों पक्षों में जमकर झगड़ा हुआ, जिसकी वजह से कई कार्यकर्ता और कई पुलिसकर्मी भी गंभीर रूप से घायल बताए गए हैं।

# बरगी में ट्रॉला की चपेट में आने से यूपी निवासी युवक की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरगी थानांर्गत मानेगांव के पास मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। एक ट्रॉले की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के मुताबिक 26 सितंबर की सुबह नागपुर से जबलपुर की ओर मल्टी एक्सल ट्राला आ रहा था। जैसे ही ट्राला एनएच 34 बरगी मानेगांव के पास युवक उसके पिछले चके के नीचे आ गया, जिससे उसके सिर में बहुत गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।



बताया जा रहा है कि मृतक लवकुश यूपी का रहने वाला था और वह खुद भी मल्टीएक्सल ट्रॉल का कर्मचारी था। घटना के बाद मौके पर अन्य वाहन भी रुकने लगे, जिससे हाईवे भी जाम की स्थिति बन गई और लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई। हलाकि थोड़ी देर बाद ही पुलिस ने वाहनों को वहां से रवाना कर यातायात को सुचारु ढंग से चालू करा दिया।




# कुत्ते का पट्टा पहनाकर मारपीट करने वालों को जमानत नहीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने उन दो आरोपियों की जमानत अर्जिया निरस्त कर दी, जिन पर एक युवक को कुट्टे का पट्टा पहनाकर मारपीट करने का आरोप है। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने उक्त निर्देश दिये है।

यह जमानत अर्जियां भोपाल निवासी बिलाल व साहिलुद्दीन की ओर से दायर की गई थी। मामले में राज्य सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता अक्षय नामदेव ने जमानत पर विरोध जताया। उन्होंने दलील दी कि यह मामला बहुर्चित वीडियो वायरल कांड से जुड़ा है। आरोपियों ने न केवल कुत्ते का पट्टा पहनाकर एक युवक को बेरहमी से पीटा बल्कि वीडियो उसका वीडियों भी बनाया। पीड़ित विजय राम चंदानी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। दलील दी गई कि इस तरह के मामले मानवता को शर्मशार करने वाले हैं। ऐसे आरोपियों को जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने जमानत अर्जियां निरस्त कर दी।

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 108
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 118
छोटा ब्रॉयलर - रु. 128
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 132
मुर्गा मीडियम - रु. 122
मुर्गा बड़ा - रु. 112
मुर्गा जम्बो - रु. 112
मो.-9039925000, 9425800409

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496